सुप्रभात
रांची, शनिवार
12.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 33

06 सामाजिक समरसता का केंद्र संत रविदास

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### 17 को पर्चे भरेंगी बेबी देवी, सीएम रहेंगे साथ

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की उम्मीदवार बेबी देवी 17 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। बेबी देवी के नामांकन के समय झारखंड इंडिया पूरी ताकत डुमरी में दिखे, इसकी भी तैयारी की जा रही है। खुद सीएम हेमंत सोरेन के साथ गठबंधन के सभी बड़े नेता नामांकन के दौरान मौजूद रहेंगे।

### झारखंड की बारला को यूथ कॉमनवेल्थ में रजत

**रांची।** झारखंड की आशा किरण बारला ने स्पेन के त्रिबांगो में आयोजित यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में 800 मीटर की दौड़ 2.04:99 मिनट समय में पूरा करके रजत पदक जीता है। आशा यूथ कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाली झारखंड की पहली एथलीट बन गयी हैं। वह आशा भाटिया एथलेटिक्स अकादमी बोकारो की एथलीट हैं। रजत पदक जीतने पर झारखंड के खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी।

### वीरेंद्र राम ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची।** ईडी कोर्ट में शुक्रवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी। उल्लेखनीय है कि इडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

### दहेज हत्या में देवर-भाभी को 10 साल की सजा

**पलामू।** जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने शुक्रवार को दहेज हत्या के मामले में रेहला थाना के कुंडी निवासी पति इरसाद खान उर्फ सोनू खां और गौतनी सीमा बीवी (देवर-भाभी) को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी।

### अहमदाबाद में सड़क हादसे में 10 की मौत

**अहमदाबाद।** बगोदरा क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद-बगोदरा राजमार्ग पर मीठापुर पाटिया के पास एक होटल के निकट सड़क पर खड़े ट्रक को तेज रफ्तार बेकाबू एक मिनी ट्रक आज अपराह्न अचानक पीछे से जा टकराया। हादसे में मिनी ट्रक सवार 10 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में पांच महिलाएं, तीन बच्चे और दो पुरुष शामिल हैं।

### पहाड़ी गिरने से जवान समेत सात की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चंबा-तीसा-पांगी मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक बड़ी पहाड़ी गिरने से वहां से गुजर रहे पांच पुलिस जवान सहित सात लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दो स्थानीय लोग और पांच पुलिसकर्मी हैं।

### आनंद मोहन पर शीर्ष कोर्ट में सुनवाई अगले माह

**दिल्ली/पटना।** आनंद मोहन मामले में शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई अभी स्थगित कर दी। पीठ ने मामले पर सुनवाई की तारीख 26 सितंबर तय की है। जी कृष्णैया की पत्नी उमा ने आनंद मोहन की रिहाई को चुनौती दी है। कोर्ट ने कहा, हम इस मामले को सितंबर में किसी भी गैर विधिक दिन सुनेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

---

## नहीं चलेगा अंग्रेजों का बनाया कानून, शाह ने आइपीसी से जुड़े तीन बिल पेश किये

# राजद्रोह खत्म होगा, बच्चों से दुष्कर्म पर सजा ए मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह ने तीन ऐतिहासिक बिल पेश किये। इनका उद्देश्य अंग्रेजों के समय के बने कानूनों को खत्म करना है। इनमें दंड विधान प्रक्रिया से जुड़े अंग्रेजों के जमाने के तीन कानूनों- इंडियन पीनल कोड 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898 और इंडियन इविडेंस एक्ट 1872 को रद्द करने तथा उनकी जगह नये कानून बनाने के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विधेयक को पेश किया। गृह मंत्री ने इसके साथ ही राजद्रोह कानून खत्म करने का भी प्रस्ताव रखा। सदन ने गृह मंत्री के प्रस्ताव पर तीनों विधेयकों को संसदीय स्थायी समिति को भेज दिया ताकि इन पर व्यापक विचार-विमर्श हो सके।



### नये कानून में क्या-क्या होंगे प्रावधान

गृह मंत्री ने कहा कि नये कानून में सबसे पहला अध्याय महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित होगा। दूसरे अध्याय में मनुष्य हत्या के अपराध से जुड़े प्रावधान होंगे। मॉब लिचिंग (भीड़ द्वारा पीट पीट कर हत्या) के लिए सात साल या आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान होगा। नाबालिगों से दुष्कर्म के मामले में अधिकतम मृत्युदंड का प्रावधान भी है। नये कानूनों में पुलिस अत्याचार से मुक्ति मिलेगी। पुलिस को तीन महीने के अंदर जांच पूरी करनी होगी। इन मामलों की सुनवाई एक निश्चित अवधि में कोर्ट को पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करने के पीएम मोदी की सरकार के प्रण के अनुरूप इन विधेयकों को लाया गया है जो जनता के लिए न्याय प्रणाली को सुगम और सरल बनायेंगे।

### कानूनों पर अंग्रेजों की 'छाया' खत्म

श्री शाह ने कहा कि इन बिलों के पास हो जाने के बाद हमारे कानूनों पर अंग्रेजों की 'छाया' खत्म हो जायेगी। बिल पेश करते हुए शाह ने कहा कि आज भी इन कानूनों में ऐसे कई प्रावधान हैं, जिनमें अंग्रेजों के समय के शब्दों, प्रतीकों और उनके यहां के जगहों का जिक्र यथावत है। आगामी 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव समाप्त होगा और 16 अगस्त से आजादी की 100 वर्ष की यात्रा की शुरुआत के साथ अमृत काल का आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि पीएम ने पिछले 15 अगस्त को लाल किले से देश के सामने पांच प्रण रखे थे। एक प्रण था, गुलामी की सभी निशानियों को खत्म करना था। उनके पांच प्रण में से एक प्रण का अनुपालन करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि दंड विधान प्रक्रिया के लिए मूलभूत कानून इन तीन विधेयकों में शामिल हैं।

### शाह ने कहा, भगोड़ों पर भी चलेगा केस

अमित शाह ने कहा कि भगोड़े आरोपियों की अनुपस्थिति में उन पर मुकदमा चलाने का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया गया है। कई मामलों में दाऊद इब्राहिम वांछित है, वह देश छोड़कर भाग गया, लेकिन उस पर मुकदमा नहीं चल सकता। सरकार ने तय किया है कि सत्र अदालत जिसे भगोड़ा घोषित करेगी, उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलेगा और सजा सुनाये जायेगी। विधेयकों को पेश किये जाने के दौरान कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। गृह मंत्री ने कहा कि इन विधेयकों को तैयार करने में व्यापक विचार-विमर्श किया गया है। ये विधेयक चार साल की लंबी प्रक्रिया से गुजरने के बाद तैयार किये गये हैं। इस प्रक्रिया में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और जनता से मिले सुझावों को ध्यान में रखा है।

---

## नक्सलियों से मुठभेड़ में एक जवान शहीद

### सुशांत को सीने में लगी थी गोली, एक अन्य जवान भी घायल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित जंगल में सुरक्षाबल और भाकपा माओवादी नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ-60 के हेड कांस्टेबल सुशांत कुमार शहीद हो गये। एक अन्य जवान भी जख्मी हो गया है। मुठभेड़ के दौरान उन्हें सीने में गोली लगी थी। जख्मी हालत में उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची मेडिका में भर्ती कराया गया। पर अत्यधिक खून बह जाने के कारण डाक्टर उन्हें बचा नहीं सके। दूसरे घायल जवान मुन्ना को पैर में गोली लगी है। मेडिका में उनका भी इलाज चल रहा है। वहीं झारखंड पुलिस के आइजी (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। सुशांत कुमार की शहादत बेकार नहीं जायेगी। सारंडा में अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक नक्सलियों का वहां से सफाया नहीं हो जाता है।

➲ एयरलिफ्ट कर जवानों को रांची लाया गया था



#### सीएम ने दी श्रद्धांजलि

मुठभेड़ में शहीद सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शव पर धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप में सीएम हेमंत सोरेन ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से शहीद की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उनके साथ सीएस सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी।

#### अभियान जारी रहेगा

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है, इसी दौरान पुलिस के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है, दुख की बात यह है कि इस मुठभेड़ में सुशांत कुमार शहीद हो गए हैं। आईजी ने कहा सुशांत कुमार की शहादत बेकार नहीं जाएगी, सारंडा में अभियान अभी भी जारी है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक नक्सलियों का वहां से सफाई नहीं हो जाता है।

---

## मरांग गोमके छात्रवृत्ति योजना में 25 बच्चों को किया सम्मानित

# सीएम फेलोशिप प्रोग्राम जल्द : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए चयनित 25 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। यह आयोजन प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में किया गया था। इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के 5, पिछड़ा वर्ग के 7 और अल्पसंख्यक वर्ग के 3 विद्यार्थियों का अब विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सपना होगा साकार। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सीएम फैलोशिप प्रोग्राम जल्द शुरू करने की घोषणा की। इस योजना के तहत दुनिया के 100 से ज्यादा विश्वविद्यालय में एमफिल और पीएचडी समेत अन्य कोर्स के लिए स्कॉलर्स को वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। (शेष 11 पर)



### ये विद्यार्थी किये गये सम्मानित

कमल शाश्वत, ज्योति वंदना लकड़ा, आयुष स्टीफन टोप्पो, मेरी स्मृति कुजूर, मांगू पूर्ति, प्रफुल्ल किरण केरकेप्ता, जे नीतू सोरेन, हर्कुलस सिंह मुंडा, मधुमिता मुंडा और स्तुति होरो को सम्मानित किया गया। इसके अलावा निर्भय प्रकाश, श्रवण कुमार, ओमप्रकाश कुमार, निधि बाघवर, अक्षय कुमार, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, सूरज कुमार मोदी, प्रेरित राज, जीशान आलम, कुमार प्रीतम पुरी और मल्लिका महतो, हसन अल बन्ना, मोहम्मद जीशान अहमद और फैजान अली को सम्मानित किया गया।

### शिक्षा को बेहतर करने की मुहिम जारी रहेगी

सीएम ने कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों में हुनर की कोई कमी नहीं है। उचित प्लेटफार्म नहीं मिलने से इनकी प्रतिभा गुम हो जाती थी। हमारी सरकार ने इस वजहों को जानने का प्रयास किया। पता चला कि यहां की शिक्षा व्यवस्था एक ताश के पत्ते की तरह है, जो कभी भी धाराशायी हो सकती है। ऐसे में सरकार ने शिक्षा में सुधार की प्रक्रिया शुरू की। पहले चरण में 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गये हैं। मॉडल स्कूल बनाये जा रहे हैं। स्कूलों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार कई योजनाएं चल रही है। उन्होंने कहा कि चाहे झारखंड बोर्ड हो, सीबीएसई अथवा आईसीएसइ, इसके टॉपर्स को नगद राशि के साथ लैपटॉप सरकार दे रही है।

---

## वर्चस्व की जंग में नक्सली जोनल कमांडर समेत दो मारे गये

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ कई जख्मी, पलामू-लातेहार सीमा पर भिड़े नक्सली गुट

**पलामू।** लातेहार और पलामू सीमा पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद में वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी में दो नक्सली की मौत हो गयी। मारा गया एक नक्सली जेजेएमपी का जोनल कमांडर गणेश लोहरा है। संघर्ष में कई नक्सलियों को गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी है। पुलिस ने घटनास्थल से दर्जनों खोखा बरामद किया है। पुलिस को आशंका है कि कई और नक्सली भी इस घटना में मारे गये हैं। एक लंबे अरसे के बाद पलामू के इलाके में नक्सली संगठन आपस में ही भिड़े हैं। झारखंड जनमुक्ति परिषद में इस तरह की यह घटना पिछले कुछ वर्षों में पहली बार हुई है। नक्सलियों के बीच गोलीबारी की ये वारदात पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के होटाई में हुई है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि झारखंड जन मुक्ति परिषद के नक्सली आपस में भिड़े हैं। इस भिड़ंत में दो नक्सली मारे गये है। पुलिस ने मौके से शव को बरामद कर लिया है। एक मृतक नक्सली की पहचान संतोष यादव के रूप में हुई। वह गढ़वा के रमकंडा थाना क्षेत्र के मंगराही का रहने वाला था। दूसरा नक्सली जेजेएमपी का जोनल कमांडर गणेश लोहरा है। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे इलाके को घेर कर सर्च अभियान चला रही है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

## आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बनाने के मामले में स्टेटस रिपोर्ट दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 512 आदिवासी युवाओं को फर्जी नक्सली बता कर सरेंडर करवाने का जांच करवाने का आग्रह करने वाली झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेट राइट की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के गृह सचिव को 512 युवाओं के सरेंडर मामले में सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिस पर कोर्ट ने केंद्र एवं राज्य सरकार से पूछा था कि क्या सरेंडर कराए जाने वाले 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पुराने जेल कंपाउन्ड जेल रोड रांची में रखकर प्रशिक्षण दिलाया गया। क्या उन्हें प्रशिक्षण दिलाने की कानूनी वैधता थी। बता दे कि प्रार्थी ने याचिका में कहा था कि 512 युवाओं को सीआरपीएफ में नौकरी का लालच देकर उन्हें फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर करने का खेल खेला गया। इसे लेकर राज्य सरकार के वरीय पुलिस अधिकारियों ने करोड़ों रुपए खर्च करवायें ताकि उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री के सामने अवार्ड मिल सके। ऐसा कर राज्य के भोले भाले 512 आदिवासियों को रोजगार दिलाने के नाम पर ठगा गया।




## एशियाई चैंपियनशिप : भारत पांच साल बाद फाइनल में पहुंचा, जापान को 5-0 से हराया

एजेंसी

**चेन्नई।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने जापान को 5-0 से हरा दिया। पहले मिनट से ही जापान पर हावी रहे भारत की जीत में आकाशदीप सिंह (19वां मिनट), हरमनप्रीत सिंह (23वां मिनट), मनदीप सिंह (30वां मिनट), सुमित (39वां मिनट) और कार्ति सेल्वम (51वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। दोनों टीमें चेन्नई के मेयर राधाकृष्णनन स्टेडियम में आमने-सामने हुईं। भारत ने इस जीत के साथ ही फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। अब वह खिताबी मुकाबले में मलयेशिया से 12 अगस्त को खेलेगा। मलयेशिया ने पहले सेमीफाइनल में गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 6-2 से हराया था। इस जीत के साथ ही उसने टूर्नामेंट में अपने जीत के क्रम को जारी रखा है। भारत लीग राउंड में पांच में से चार मैच जीता था। उसने जापान के खिलाफ एकमात्र ड्रॉ खेला था। अब फाइनल में मलयेशिया से भिड़ंत होगी। इस टीम को टीम इंडिया ने ग्रुप राउंड में 5-0 से हराया था। भारत पांच साल बाद एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। वह पिछली बार 2018 में खिताबी मुकाबले में खेला था। तब पाकिस्तान के साथ टीम इंडिया संयुक्त विजेता रही थी। वहीं, 2011 और 2016 में भी टीम चैंपियन बनी थी। भारत पांचवीं बार फाइनल खेलेगा। वह सिर्फ 2012 में खिताबी मैच में हारा था।



---

## कैबिनेट से 30 प्रस्ताव मंजूर, रांची में 27 अक्टूबर से महिला एशियाई चैंपियनशिप

# कार्डधारियों को 1 रुपये किलो मिलेगी चने की दाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को 30 फैसले लिये गये। इसमें एक अहम फैसला यह लिया गया कि सूबे के सभी कार्डधारकों को अब 1 रुपया किलो की दर से चने की दाल मिलेगी। इस संबंध में चना दाल वितरण की संशोधित योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इतना ही नहीं, पथ परिवहन निगम के जो कर्मचारी बिहार से झारखंड आये थे, उन सभी को सरकारी कर्मियों के रूप झारखंड में समायोजित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत झारखंड राज्य में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के असमायोजित कर्मियों को एक जुलाई 2004 से राज्य सरकार के कर्मचारी के रूप में समायोजित करने और उनको वित्तीय लाभ दिये जाने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया।

कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि रांची में महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन होगा। यह आयोजन 27 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक होगा। इस कार्य के लिये 13 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। इसमें 10 करोड़ मेजबानी में खर्च होंगे। राज्य के 7 जिलों लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका, लातेहार व खूंटी में जिला स्तरीय पदों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण अभी शून्य है। इन वर्गों के लोग ईडब्ल्यूएस के तहत नियुक्ति के लिए आवेदन दे सकेंगे। इन जिलों में एसटी का आरक्षण सर्वाधिक है। इस वजह से यह निर्णय लिया गया और यह अब ईडब्ल्यूएस के 10 प्रतिशत आरक्षण में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि सरकारी पारा मेडिकल संस्थानों से पढ़नेवाले 5 छात्र-छात्राओं को 1 वर्ष तक राज्य के सरकारी अस्पतालों में सेवा देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर एक लाख का जुर्माना भरना होगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत भवनों में डिजिटल पंचायत योजना की स्वीकृति दी गयी। आयुष्मान भारत योजना के तहत जो 5 लाख का बीमा होता है, इसके अतिरिक्त कम गंभीर बीमारी योजना के तहत 20 लाख का भी सहायता मिल सकेगी। यानी 25 लख रुपये तक की बीमारी के लिए स्वीकृति दी गयी। हर एक सोसाइटी के साथ इसका एमओयू हो चुका है। इसकी मंजूरी दी गयी। इसका लाभ कैंसर रोग से ग्रसित मरीजों को मिलेगा। एमओयू एक वर्ष के लिए लागू है। सरकारी सेवकों को लेवल 15, 16, 17 वेतनमान वाले सभी सरकारी कर्मियों को एक्सक्यूटिव क्लास में हवाई वाहन यात्रा भत्ता मिलेगा। बच्चों के आफ्टर केयर के लिये 25 हजार रुपये दिये जायेंगे। एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत बच्चों को यूपीएससी रेलवे बैंकिंग इत्यादि की परीक्षा की तैयारी के लिए नियुक्त परीक्षा देने के लिए नियमावली की स्वीकृति दी गयी। उच्च शिक्षा विभाग की योजना में भी उसी तरह के एक और नियम की स्वीकृत दी गयी। वित्त आयोग अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति नियमावली में संशोधन किया गया। उम्र सीमा 65 वर्ष से बढ़ा कर 70 वर्ष किया गया। (शेष 11पर)

## जमीन घोटाले में रिमांड पर ले कर पीपी से पूछताछ करेगी इडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद प्रेम प्रकाश (पीपी) से अब इडी जमीन घोटाले के मामले में रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इडी की रिमांड आवेदन पर अदालत ने प्रेम प्रकाश को अपने कब्जे में लेकर पांच दिन की पूछताछ की अनुमति प्रदान की है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश किया जायेगा। इडी ने प्रेम प्रकाश को जमीन घोटाले के केस में भी आरोपी बनाया है। आरोपी बनाये जाने के बाद इडी के अनुरोध पर विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने गुरुवार को उसके खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया था। उसी प्रोडक्शन वारंट पर शुक्रवार को प्रेम प्रकाश को इडी कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के दौरान इडी ने सात दिन की रिमांड मांगी। सुनवाई बाद अदालत ने पांच दिन की इडी रिमांड मंजूर कर ली।

**14 तक विष्णु अग्रवाल से होगी पूछताछ :** चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में गिरफ्तार बिल्डर कारोबारी विष्णु अग्रवाल से इडी आगे भी पूछताछ जारी रखेगी। यह पूछताछ अब 14 अगस्त तक जारी रहेगी। इडी कोर्ट ने रिमांड की अवधि और तीन दिन बढ़ा दी है। इडी विष्णु अग्रवाल से तीन अगस्त से पूछताछ कर रही है। शुक्रवार को चार दिन की दूसरी ईडी रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया।

## स्पीड न्यूज

### इनर व्हील क्लब महिलाओं को दे रहा पेपर बैग बनाने की ट्रेनिंग



जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर इस्ट डिस्ट्रिक्ट 325, चार्टर नंबर 5854 की ओर से कुछ महिलाओं को पेपर बैग बनाने के लिए प्रशिक्षित करने की पहल की गई है। पेपर बैग रिसाइक्लेबल, बायोडिग्रेडेबल, पुनः प्रयोज्य और पर्यावरण के अनुकूल भी हैं और इसलिए लाभकारी हैं आजकल अधिक महत्व है। कार्यक्रम को चलाने के लिए क्लब ने राष्ट्रीय ग्रामीण जन विकास योजना, झारखंड की अध्यक्ष गीता सिंह के साथ हाथ मिलाया है।

### टाटा मोटर्स में संडे को ड्यूटी, 14-15 को छुट्टी

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड की जमशेदपुर प्लांट में रविवार को काम होगा यानी 13 अगस्त को कंपनी बंद रहेगी और 14 अगस्त को सम्मानित दिनों की तरह कामकाज होगा। जमशेदपुर के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी द्वारा जारी सर्कुलर में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्लांट पुनः बंद रहेगा।

### बेल्डीह बैप्टिस्ट चर्च में रक्तदान शिविर कल

**जमशेदपुर।** बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च जमशेदपुर द्वारा अपने शताब्दी वर्ष में रविवार 13 अगस्त को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का संचालन चर्च के युवक संघ द्वारा किया जाएगा। चर्च कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गौस्तव ने लोगों से अपील की है कि मानवता के लिए आगे आए और रक्तदान महादान को सफल बनाए।

### टाटा मोटर्स में रिक्त दो पदों पर चुनाव 16 को

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में हाल के दिनों में रिक्त हुए दो कमिटी मेम्बर के स्थान को भरने के लिए चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। एक स्थान ( चुनाव क्षेत्र संख्या 38) प्लांट 3 के के सिंह के सेवानिवृत होने के कारण रिक्त हुई है। दूसरा (चुनाव क्षेत्र संख्या 45) शेखर सिंह के सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त हुई है। दोनों पदों को भरने के लिए प्रक्रिया आरंभ है। 16 अगस्त 2023 को (मध्यवर्ती) चुनाव संपन्न कराने का कार्यक्रम है। यह जानकारी प्रवक्ता नवीन सुलंकी ने दी है।

### चक्रधरपुर-टाटा मेमो के यात्रियों ने ट्रैक जाम किया



गम्हरिया। प्रतिदिन यात्री ट्रेन को रोककर मालगाड़ी को पास करने के कारण घंटों परेशान चक्रधरपुर-टाटा मेमो पैसेंजर के यात्रियों द्वारा शुक्रवार को यशपुर फाटक के पास ट्रेन रोककर हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस कारण हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर यातायात 3 घंटे से पूरी तरह से ठप्प रही। यात्रियों ने बताया कि चक्रधरपुर-टाटा मेमो पैसेंजर चक्रधरपुर, राजखरसावां, सीनी गम्हरिया जैसे दर्जनों स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आवागमन का एक प्रमुख साधन है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मजदूर इस ट्रेन से आकर आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित विभिन्न कंपनियों में काम करते हैं। लेकिन प्रतिदिन ट्रेन की लेटलतीफी के कारण मजदूर समय पर अपने औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं पहुंच पाते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है और उस दिन उन्हें कार्य करने का अवसर नहीं दिया जाता है। यात्रियों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई लेकिन उसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया। शुक्रवार को भी चक्रधरपुर से खुलने के बाद ट्रेन जगह-जगह रुकते हुए आ रही थी। जैसे ही ट्रेन सीनी-गम्हरिया रेलखंड पर स्थित यशपुर फाटक के पास पहुंची, ट्रेन एक बार फिर से वहां खड़ी हो गई। पहले से ही आक्रोशित यात्रियों का आक्रोश फूट पड़ा और एक साथ सभी यात्री ट्रेन से उतरकर इंजन के सामने जमा हो गए।

## खुदीराम का जीवन त्याग, सेवा, समर्पण और साहस की प्रेरणा देता रहेगा : काले

### स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस को नमन ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** खुदीराम बोस के शहादत दिवस पर सामाजिक संस्था नमन द्वारा संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में मातृशक्ति, युवा शक्ति एवं गणमान्यों की उपस्थिति में उन्हों अपनी भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित की गई। एकबार विदाई दे मां, घूरे आसी! हंसी हंसी पोरबो फांसी देखबे भारतबासी! का अमर गीत गुनगुना भावुक हो अमरप्रीत सिंह काले ने उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में कुछ नौजवानों का बलिदान इतना उद्वेलित करने वाला था कि उसने पूरे देश में स्वतंत्रता संग्राम का रूख बदलकर रख दिया, इनमें एक नाम खुदीराम बोस का है, जिन्हें 11 अगस्त 1908 को फांसी दे दी गई। आओ झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है, खुशनसीब होता है वो खून जो देश के काम आता है'। ये पंक्तियाँ अक्सर उन स्वतंत्रता सेनानियों के लिए गुनगुनायी जाती रही हैं जिन्होंने खुद को देश के लिए कुर्बान कर दिया। इनके कारण ही हम आजादी की सांस ले रहे हैं। शहीदों के बलिदान को याद न रखने वाली कौम नष्ट हो जाती है।

## टाटा स्टील यूआइएसएल ने बगान एरिया की बस्तियों में छेड़ा एंटी डेंगू अभियान

### रामदास भट्ठा, सोनारी, सीपीएचओ, काशीडीह, बर्मामाइंस और बारीडीह में चल रहा अभियान

**पिछले कुछ वर्षों में, टीएसयूआइएसएल ने डेंगू की रोकथाम में उल्लेखनीय प्रगति की है**

खबर मन्त्र ब्यूरो



एंटी लार्वा का छिड़काव करता स्वास्थ्यकर्मी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) ने जमशेदपुर में डेंगू रोकथाम गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शुरू की है। इन पहलों को बागान क्षेत्र सहित छह क्षेत्रों, अर्थात रामदास भट्टा, सोनारी, सीपीएचओ, काशीडीह, बमार्माइंस और बारीडीह में लागू किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में, टीएसयूआईएसएल ने डेंगू की रोकथाम में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 252,463 घरों की जांच की गयी है। इनडोर और आउटडोर प्रजनन स्थलों को नष्ट करना भी टाटा स्टील यूआईएसएल की प्राथमिकता रही है। 2023 (जुलाई तक) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 6,651 इनडोर प्रजनन स्थलों को समाप्त कर दिया गया है। 2023 में (जुलाई तक) 12,475 बाहरी प्रजनन स्थलों को खत्म कर दिया गया है। घर की तलाशी और प्रजनन स्थल को नष्ट करने के अलावा, टीएसयूआईएसएल ने सक्रिय रूप से घर-घर स्वास्थ्य वार्ता आयोजित की है, साथ ही समुदाय तक अपनी पहुंच बनाई है और जागरूकता फैलाई है। 2023 (जुलाई तक) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 201,970 स्वास्थ्य वार्ताएं पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं। टीएसयूआईएसएल ने जागरूकता फैलाने के लिए वाहनों के माध्यम से आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) सहित विभिन्न संचार चैनलों का भी उपयोग किया है। यह पहल अप्रैल 2023 से प्रतिदिन चल रही है। इसके अतिरिक्त, एफएम के माध्यम से आईईसी जून 2023 से लागू किया गया है। स्कूल जागरूकता कार्यक्रम भी टीएसयूआईएसएल की डेंगू रोकथाम पहल का अभिन्न अंग रहे हैं-सभी छह क्षेत्रों में 20 कार्यक्रम पहले ही आयोजित किए जा चुके हैं।

# डायन प्रताड़ना सामाजिक नहीं, आपराधिक कृत्य, लगाया जाये सामूहिक जुर्माना

### सालखन मुर्मू और पद्मश्री छुटनी महतो ने डीसी को दिये पांच सूत्री सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो




डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन करतीं छुटनी महतो, आदिवासी सेंगल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू व अन्य।

**जमशेदपुर।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सलखान मुर्मू एवं पदमश्री छुटनी महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को डायन कुप्रथा उन्मूलन को लेकर आवश्यक सुझाव के साथ पूर्वी सिंहभूम के डीसी ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के पश्चात सलखन मुरमू एवं छुटनी महतो के नेतृत्व में एक संयुक्त ज्ञापन डीसी को सौंपा गया। डीसी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि डायन कुप्रथा अंधविश्वास से ज्यादा आपराधिक षड्यंत्र का मामला है। डायन नहीं है डायन बनाने वाले हैं जिन को पहचान कर दंडित करने से डायन कुप्रथा जड़ मूल से समाप्त हो सकता है और निर्दोष महिलाओं पर अन्याय अत्याचार और शोषण बंद हो सकता है। इसमें पुलिस प्रशासन की संवेदनशीलता और सक्रियता औषधि का काम कर सकती है। पदम श्री छुटनी महतो के नेतृत्व में आदिवासी सेंगेल अभियान ने पुलिस प्रशासन और जनसाधारण के सहयोग से डायन प्रथा को खत्म करने के लिए 5 सूत्री सुझाव डीसी को लिखित रुप से सौंपा। पहले सुझाव में कहा गया कि किसी भी गांव या क्षेत्र में डायन प्रताड़ना की पुष्टि होती है तो उस गांव या क्षेत्र के लोगों पर सांकेतिक सामूहिक जुर्माना लगाया जाए ताकि अविश्वास में डूबे ऐसी घटनाओं के प्रति चुप्पी या उदासीनता खत्म की जा सके। दूसरे सुझाव में कहा गया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में कार्यरत ओझा सोखा और झाड़-फूंक करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों को खोज कर महीने में 1 दिन थाने में बुलाकर डायन प्रथा और अन्य गलत कार्यों को रोकने के प्रति चेतावनी देनी चाहिए।

तीसरे सुझाव के तहत कहा गया कि प्रत्येक गांव की आदिवासी स्वशासन प्रमुख यानी माझी परगना व मानकी मुंडा आदि को महीने में 1 दिन थाने में बुलाकर डायन प्रथा उन्मूलन कार्य में सहयोग एवं जिम्मेवार बनाया जाए। चौथे सुझाव के तहत कहा गया कि ग्रामीणों को छोटी-मोटी बीमारियों के लिए मुफ्त सरकारी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाए ताकि ग्रामीणों को ओझा सोखा और झाड़-फूंक वाले डॉक्टरों के पास जाना न पड़े। पांचवें और अंतिम सुझाव में छुटनी महतो और पूर्व सांसद सालखन मरमू ने कहा कि सरकार और जनसाधारण के संयुक्त प्रयास से डायल कुप्रथा जल्द खत्म हो सकता है मगर ऐसे मामलों की शिकायत पर पुलिस प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। सामाजिक मामला बताकर इनसे पल्ला नहीं झाड़ना चाहिए क्योंकि जमीन हड़पने, कमजोर को दबाने, विधवा विरोधी मानसिकता, रंगदारी लेने अथवा अन्य स्वार्थी कार्यों के लिए किसी निर्दोष को डंडोम यानी जुमार्ना, बरोंन यानी सामाजिक बहिष्कार और दान पंजा यानी डायन शिकार आदि सामाजिक नहीं आपराधिक मामले हैं।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर भाजपाइयों ने डाक घर से खरीदे राष्ट्रीय ध्वज

**जमशेदपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के क्रम में आयोजित होने वाले 'मेरी माटी मेरा देश' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान को भाजपा जमशेदपुर महानगर जोरदार ढंग से मनाने की तैयारी कर रही है। 13 अगस्त को साकची के भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान से प्रारंभ होने वाले 'मेरी माटी मेरा देश' एवं 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला पदाधिकारियों के संग बिस्टुपुर स्थित प्रधान डाकघर से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का क्रय किया। नोडल पदाधिकारी दिवाकर कुमार दीपक ने जिलाध्यक्ष गुंजन यादव को तिरंगा झंडा सुपुर्द किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए गुंजन यादव ने बताया कि 13 अगस्त को पार्टी की ओर से मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ साकची से किया जाएगा। वहीं, 13 से 15 अगस्त तक पूरे शहर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए प्रभात फेरी, जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। गुंजन यादव ने शहरवासियों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

## अपराधियों को सजा दिलाने वाले आइओ को मिलेगा इनाम

**बिष्टुपुर थाने में पदस्थापित एएसआइ गुरुदयाल मुंडा को मिला पहला इनाम**

**जमशेदपुर पुलिस के लिए एसएसपी प्रभात कुमार की नयी पहल**

खबर मन्त्र ब्यूरो



एएसआइ गुरुदयाल सिंह मुंडा को प्रशस्ति पत्र देते एसएसपी प्रभात कुमार।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस कप्तान ने अनुसंधानकर्ताओं के लिए नई योजना की शुरूआत की है। पूर्वी सिंहभूम में पदभार संभालने के बाद सोशल पुलिसिंग के जरिए आम जनता के बीच लोकप्रिय हो चुके सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत कांड के त्वरित उद्वेदन करने और आरोपियों को सजा दिलाने वाले अनुसंधानकर्ताओं को 5,000 से लेकर 25000 रुपए तक नकद इनाम व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। आज से इसकी शुरूआत शुक्रवार से कर दी गई है। इस योजना के तहत एसएसपी ने बीते 5 जुलाई को टाटा कंपनी में हुई चोरी मामले के दो आरोपियों को 35 दिनों के भीतर सजा दिलाने में सफल रहे एएसआई गुरदयाल सिंह मुंडा को 5000 रुपये नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा और दो-दो हजार रुपए का आर्थिक जुमार्ना लगाया है। प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के 42 ऐसे मामलों की सूची तैयार की गई है जिसका उद्वेदन एक महीने के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। इससे अनुसंधानकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और लोगों का पुलिस और न्यायालय के प्रति आस्था भी सुदृढ़ होगा।

## पुरुष वर्ग में एलडी-3 और महिला में मैकेनिकल मेंटेनेंस बने चैंपियन

**टाटा स्टील इंटर जेडीसी बैडमिंटन टूर्नामेंट हुआ संपन्न**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के खेल विभाग ने 8 से 11 अगस्त तक मोहन आहूजा बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटर-जेडीसी बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। समापन समारोह के दौरान हेड टाउन सिक्योरिटी मेजर अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 31 जेडीसी यूनिट्स ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस वर्ष की प्रतियोगिता में 225 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह बैडमिंटन टूर्नामेंट में अब तक दर्ज भागीदारी की सबसे अधिक संख्या है। असाधारण कौशल और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, एलडी 3 टीम पुरुष वर्ग में विजेता के रूप में उभरी, जबकि टीम एलडी 1 ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट/फाइनेंस एंड अकाउंट/कॉर्पोरेट ऑडिट/डिजाइन सेल की संयुक्त टीम इस टूर्नामेंट में द्वितीय उपविजेता के रूप में उभरी। महिला वर्ग में असाधारण कौशल और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मैकेनिकल मेंटेनेंस टीम विजेता बनी, जबकि सिंटर प्लांट की टीम उपविजेता रही।

## कछुआ रफ्तार से भी धीमी जिला उपभोक्ता फोरम की कार्यप्रणाली

जमशेदपुर। जिला उपभोक्ता फोरम की कार्य प्रणाली की रफ्तार कछुआ चाल से भी धीमी है। नतीजा है कि यहां वाद की सुनवाई कभी कोरम के अभाव में टल जाती है तो कभी चेयरमैन की अनुपस्थिति राहत की बांट जोह रहे उपभोक्ताओं पर कहर ढाती है। पिछले जुलाई महीने खत्म हो गया और अगस्त माह के 10 दिन बीत चुके हैं। इन 40 दिनों में किसी एक भी उपभोक्तावाद का निष्पादन नहीं हुआ है। ऐसा नहीं है कि सरकार की ओर से किसी प्रकार की कमी स्टाफ अथवा आधारभूत संरचना को लेकर है। इस फोरम में स्टाफ भी पूरे हैं। जिस उत्साह के साथ प्रतिदिन कार्यदिवस की शुरूआत होती है वह एक आधे घंटे में ही फुर्र हो जाती है। यहां जल्द से जल्द राहत पाने की उम्मीद में फोरम की शरण लेने वाले उपभोक्ता की स्थिति चौराहे पर खड़े व्यक्ति जैसी हो जाती है। पूर्व न्यायाधीश विधान चंद्र चौधरी चेयरमैन तथा सदस्य के रूप में अर्पणा कुमारी मिश्रा एवं पूर्व अभियोजन पदाधिकारी श्याम कुमार महतो कार्यरत हैं। यहां आलम यह है कि चेयरमैन कब आएंगे और सुनवाई करेंगे इसकी जानकारी ना तो सदस्य को होती है नाही स्टॉफ को। सदस्य अर्पणा मिश्रा एवं श्याम कुमार महतो कार्रवाई करते हैं परंतु उन्हें यह अधिकार नहीं है कि किसी मामले मैं अपना फैसला दे सकें। ऐसी स्थिति में सहज ही अंदाजा लगाया जा लगाया जा सकता है कि उपभोक्ताओं को कैसे राहत मिलेगा? हां, भले ही मामले का निष्पादन नहीं होता है परंतु स्टाफ किसी को निराश नहीं करते हैं। अधिवक्ता अथवा व्यक्तिगत स्तर से वाद दाखिल कराया जा रहे हैं और इस मामले में स्टाफ के द्वारा उन्हें उचित राय भी दी जाती है। लेकिन अध्यक्ष की अनुपस्थिति का असर साफ दिखता है।

## जेसीएपीसीपीएल प्लांट की छत पर लगेगा सौर पैनल, 2.8 मेगावाट मिलेगी बिजली

### कंपनी ने एम्पिन एनर्जी के साथ किया एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो



एमओयू के वक्त उपस्थित उज्ज्वल चक्रवर्ती व पिनाकी भट्टाचार्य और अन्य लोग।

**जमशेदपुर।** पर्यावरण के अनुकूल अभ्यासों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जेसीएपीसीपीएल ने प्लांट की छत पर सौर पैनलों की स्थापना के लिए एम्पिन एनर्जी ट्रांजिशन (जिसे पहले एम्प एनर्जी इंडिया के नाम से जाना जाता था) के साथ 25 साल के पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) पर हस्ताक्षर किये। यह ऐतिहासिक सहयोग हरित ऊर्जा पहल और पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के प्रति जेसीएपीसीपीएल की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक उज्ज्वल चक्रवर्ती और एम्पिन एनर्जी के प्रबंध निदेशक तथा सीईओ पिनाकी भट्टाचार्य ने कार्यान्वयन प्रक्रिया शुरू करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते की शर्तों के तहत, जेसीएपीसीपीएल 2.8 मेगावाट की मजबूत क्षमता वाले सौर पैनल स्थापित करने के लिए तैयार है, जो स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए सूर्य ऊर्जा का उपयोग करेगा। यह प्रगतिशील कदम न केवल कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में कंपनी के समर्पण को दशार्ता है, बल्कि उद्योग के भीतर सस्टेनेबल व्यावसायिक अभ्यासों में अग्रणी के रूप में इसकी भूमिका को भी मजबूत करता है।

चक्रवर्ती ने इस परिवर्तनकारी साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम सौर ऊर्जा की शक्ति का उपयोग करने के लिए एम्पिन एनर्जी ट्रांज़िशन के साथ हाथ मिलाने सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। यह सहयोग हरित संचालन और उज्जवल एवं अधिक सस्टेनेबल भविष्य बनाने की दिशा में हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी सस्टेनेबिलिटी की दिशा में हमारी यात्रा में आकलन योग्य परिणाम देती रहेगी और हम उनके साथ निरंतर सहयोग की आशा करते हैं। इस भावना को दोहराते हुए, भट्टाचार्य ने कहा, जेसीएपीसीपीएल के साथ हमारी साझेदारी देश में नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को सशक्त बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एम्पिन 100% आरई तक पहुंचने के लिए कॉर्पोरेट्स का एक विश्वसनीय आरई ट्रांजीशन पार्टनर है और नवीकरणीय ऊर्जा की शक्ति का लाभ उठाने की दिशा में हमारा लक्ष्य ऊर्जा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाना है, आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सस्टेनेबल वातावरण को बढ़ावा देना है। जेसीएपीसीपीएल और एम्पिन एनर्जी ट्रांजिशन के बीच यह रणनीतिक साझेदारी न केवल स्वच्छ ऊर्जा की क्षमता को रेखांकित करता है बल्कि इसी तरह की पहल का मार्ग भी प्रशस्त करता है जो सस्टेनेबिलिटी के लिए कॉर्पोरेट दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित कर सकता है। जैसे ही सौर पैनल चालू हो जाएंगे, उत्पन्न होने वाली 2.8 मेगावाट ऊर्जा जेसीएपीसीपीएल के संचालन में निर्बाध रूप से एकीकृत हो जाएगी, जिससे जिम्मेदार और पर्यावरण के प्रति जागरूक अभ्यासों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता और बढ़ जाएगी।

## खबर एक नजर में

### सोन मंडप में पूर्व पीएम वाजपेयी की स्मृति में रक्तदान शिविर कल



जमशेदपुर। सामाजिक सरोकार के कार्यों में अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए मशहूर संस्था कोशिश.. एक मुस्कान लाने की द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यस्मृति में आगामी 13 अगस्त 2023 दिन रविवार को सूर्य मंदिर सोन मंडप, सिदगोड़ा में स्वैच्छिक 'महारक्तदान शिविर' का आयोजन होने जा रहा है जिसकी शुरूआत प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक उक्त स्थल पर होगी। यह बात जमशेदपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी व कोशिश संस्था के संरक्षक शिव शंकर सिंह ने होटल क्वेस्ट रीजेंसी, गोलमुरी में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। शिवशंकर सिंह ने बताया कि संस्था पिछले 6 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक कर रही है और मानवता के हित में लगातार रक्तदान हेतु प्रेरित कर रही है। साथ ही जरूरतमंद मरीजों के रक्त की तत्काल आवश्यकता को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर रहती है। संस्था के माध्यम से नए रक्तदाताओ को जोड़ा एवं हजारों जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित किया जाता रहा है। 13 अगस्त को आयोजित रक्तदान शिविर में एक हजार से ज्यादा यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है और इस शिविर में लोगों के बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रबल संभावना है। इसलिए रक्तदाताओं व व्यवस्था में सहयोगी सभी बंधुओं के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल के साथ उनके स्वास्थ्य की देखभाल की व्यवस्था है। संस्था के संरक्षक समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने शहर के लोगों से मानवता हित में अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने की अपील की है। प्रेस वार्ता में रक्तदान-शिविर के संयोजक त्रिदेव सिंह, समाजसेवी पप्पू सिंह , क्रीड़ा भारती के प्रान्त मन्त्री राजीव, राजेश सिंह 'बम', रंजीत सिंह, राजेश सिंह, हनि परिहार, पप्पू कुमार, कुणाल शर्मा, राकेश गिरी एवम संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

### बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मंडल के शिविर में 97 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एवं का सरोज चौधुरी की पुण्य स्मृति में बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल (आइइएजेडी) एवं रोट्रक्ट क्लब ऑफ जोन- 4 (रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट- 3250) द्वारा जीवन प्रकाश भवन बिष्टुपुर, जमशेदपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में कुल 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय जीवन बीमा निगम, जमशेदपुर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक सूर्य नारायण पांडा ने किया। इस अवसर पर उन्होने आइइएजेडी द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना की और रक्तदान की आवश्यकता पर बल देते हुये इस आयोजन के प्रति अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। आइइएजेडी की अध्यक्षा कॉमरेड पूरबी घोष ने सरोज चौधुरी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने संबोधन में रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये लोगों से आगे आकर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देने की अपील की। आइइएजेडी के महासचिव का अमित माईति ने अपने सम्बोधन में संगठन के पचास वर्ष के उपलब्धियों को रेखांकित करते हुये का. सरोज चौधुरी की मजदूर वर्ग हितैषी एवं जुझारू व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता समाजसेवी, रेड क्रॉस सोसायटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह एवं शतकवीर रक्तदाता सुबीर कुमार कुण्डू को सम्मानित किया गया एवं समाज के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में का. के के शुक्ला, का. एस एन डे, कॉ. सुदीप पाल, कॉ अलंकार रजक, कॉ तनुश्री घोष, कॉ बादल प्रामाणिक, का उत्पल दत्ता, कात सपन चन्द्र, कॉ सुजय दास शर्मा, कॉ बिश्वजीत घोष, का बी बी दास कॉ जयदेव मण्डल, कॉ राजेश रजक, कॉ अनन्तो कर, कॉ अमर पाल, कॉ माधो कुमार, कॉ समीर महतो कॉ अपूर्व दत्ता, कॉ सुकान्त शर्मा ने अपना योगदान दिया।

### गोपाल महतो एंड टीम ने खुदीराम बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



जमशेदपुर। शुक्रवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में देश के स्वाधीनता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले वीर सपूत शहीद खुदीराम बोस के 115वां शहीद दिवस पर मानगो मुख्य गोल चक्कर पर स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया। झामुमो नेता गोपाल महतो ने कहा वीर शहीद खुदीराम बोस केबल 19 साल के उम्र में देश के आजादी के लिए हस्ते हस्ते फांसी के फंदे पर झूल गए और उन्होंने देश के युवाओं को संदेश दिया की देश के आजादी के लिए मर मिटना भी परे तो कोई गम नहीं, उन्होंने कहा एक बार बिदाई दाव मां घुरे आसी हांसी हांसी बोरबो फांसी देखबे भारत बासी। इस श्रद्धांजलि सभा में गोपाल महतो के साथ शिवशंकर महतो,राजेश महतो,रोहित लहरा,सूरज सिंह,ऋषि,सूरज धीवर,विनोद डे, अरबिन कुमार उपास्थि थे।

### नारायण आइटीआइ में याद किये गये शहीद खुदीराम बोस



जमशेदपुर। शुक्रवार को क्रांतिकारी नेता खुदीराम बोस की पुण्यतिथि मनाई गई और उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डाक्टर जटा शंकर पांडेय ने कहा कि खुदीराम का जन्म 3 दिसम्बर 1889 को पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के बहुवैनी नामक गांव में कायस्थ परिवार में बाबू त्रैलोक्यनाथ बोस के यहां हुआ था। उनकी माता का नाम लक्ष्मीप्रिया देवी था। इस नौजवान ने हिन्दुस्तान पर अत्याचारी सत्ता चलाने वाले ब्रिटिश साम्राज्य को ध्वस्त करने के संकल्प में अलौकिक धैर्य का परिचय देते हुए पहला बम फेंका और मात्र 19 वें वर्ष में हाथ में भगवद गीता लेकर हंसते-हंसते फांसी के फन्दे पर चढ़कर इतिहास रच दिया। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य जयदीप पांडे एडवोकेट निखिल कुमार, पवन कुमार महतो, कृष्णा महतो, अजय मण्डल, गौरव महतो, निमाई मंडल, सिशुमति दस, आदि मौजूद थे।

### सोनारी बच्चा सिंह बस्ती में नीरज सिंह ने जरूरतमंदों में बांटे छाते



जमशेदपुर। शुक्रवार का सोनरी मंडल स्तिथ बच्चा सिंह बस्ती और कपाली बस्ती में स्थानीय लोगों के बीच बीजेपी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए छतरी का वितरण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर 76 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर हर घर तिरंगा अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए बस्ती के लोगों के बीच तिरंगा वितरण किया गया ताकि 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सके। नीरज सिंह ने कहा कि लोगों के बीच आज छतरी का वितरण किया गया है क्योंकि कई बार देखा जाता है की बारिश के दिनो मे बच्चे स्कूल नहीं जा सकते है या छोटे बच्चों को उनके माता पिता उन्हे स्कूल से घर लाने में कई बार देर हो जाता है। इस कारण हमने इस समस्या को देखते हुए लोगों के बीच छतरी का वितरण किया है।

स्पीड न्यूज

## सीआईएसएफ ने पकड़ा अवैध कोयला लदा ट्रक

**तेतुलमारी।** गुरुवार की देर रात्री सीआईएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना पर तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह दलाही के समीप छापेमारी कर अवैध कोयला लोड कर रहे एक ट्रक संख्या (बीआर11जी9633) सहित उस पर लदा 20 टन अवैध कोयला को जब्त किया है। मौके से ट्रक चालक जुबैर हुसैन को सीआईएसएफ टीम के जवानों के द्वारा धर दबोचा गया है। छापेमारी के बाद सीआईएसएफ की टीम ने तेतुलमारी पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने अवैध कोयला लदा ट्रक सहित चालक जुबैर हुसैन को तेतुलमारी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

**बोकारो।** बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र फेज दो स्थित बल्ब फैक्ट्री के समीप गोडाबाली निवासी 26 वर्षीय बाइक सवार की सीमेंट लदे वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार कृष्ण गोपाल सिंह बाइक से बाजार जा रहा थाए इसी बीच सीमेंट लदे वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। स्थानीय मजदूरों द्वारा सूचना मिलने पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तथा मृतक के परिवार के एक व्यक्ति के डालमिया सीमेंट लिमिटेड में नियोजन व 15 लाख रुपए मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया।

## बीएसएल के एसएमएस न्यू ने बनाया रिकॉर्ड

**बोकारो।** बीएसएल के एसएमएस न्यू विभाग ने कनवर्टर से 41 हीट और कास्टर से 39 कास्टिंग हासिल कर अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन रिकॉर्ड के आंकड़े को पार कर एक नई ऊंचाई को छुआ है। अधिशासी निदेशक संकार्य बीरेन्द्र कुमार तिवारी ने इसके लिए टीम एसएमएस;न्यूद्ध और सभी सहयोगी विभागों को बधाई दी और उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने का संदेश दिया।

## डीएवी में सड़क सुरक्षा पर लघु नाटिका

**झरिया।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई, डिगवाडीह में ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी के ऊपर कक्षा छठी के छात्र-छात्राओं ने एक लघु नाटिका पेश किया जो कि सीबीएसई के तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें उन्होंने समझाना चाहा कि वाहन चलाते समय सावधान रहे तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुर्घटना से देर भली। मौके पर स्कूल के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद थें।

## बोकारो टाउनशिप के 11 केवी फीडर का उद्घाटन

बोकारो। बीएसएल के ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद ने सीजीएम कुन्दन कुमार, नीरज भाटिया, जितेंद्र सलूजा, पी चौधरी, जीएम राजुल हरकरणी सहित टाउनशिप इलेक्ट्रिकल के अधिकारियों की उपस्थिति में संवर्धित 11 केवी फीडर का उद्घाटन किया। इससे सेक्टरों की विद्युत आपूर्ति का लोड उचित तरीके से बैलेंस हो सकेगा।

12 अगस्त से धनबाद के सभी पंचायतों में मनेगा आजादी का अमृत महोत्सव

# 256 पंचायतों में मनेगा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

### ● उपायुक्त ने जन प्रतिनिधियों संग किया कार्यक्रम का विवरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, को सम्मान करने के उद्देश्य से 12 अगस्त को जिले के सभी 256 पंचायतों में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम ‘मेरी माटी मेरा देश' मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज जिले के माननीय विधायक व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनसे कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। साथ ही कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने माननीय जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्र के वीर सेनानी, वीर शहीद, वीर गति को प्राप्त आर्म्ड फोर्सेस, सेना या पुलिसकर्मी का नाम उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके बाद पंच प्राण शपथ, वसुधा वंदन (वाटिका में पौधारोपण) वीरों का वंदन और अंत में झंडोत्तोलन कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। लोग हाथों में मिट्टी या मिट्टी का दीपक लेकर अपनी सेल्फी भी अपलोड कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद अमृत कलश यात्रा के लिए गांव के महत्वपूर्ण स्थल से मिट्टी एकत्रित कर अमृत कलश में रखी जाएगी। प्रखंड प्रमुख संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को अमृत कलश सुपुर्द करेंगे। अमृत कलश की मिट्टी का नई दिल्ली स्थित इंडिया गेट के बगल में बनने वाले अमृत वाटिका में प्रयोग होगा।



बैठक में जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते उपायुक्त।

### वीर सेनानियों की याद में लगेगा शिलापट्ट

उपायुक्त ने कहा कि शनिवार, 12 अगस्त 2023, को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 256 पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में प्रोटोकॉल के अनुसार एक शिला पट्ट का निर्माण किया गया है। जिस पर उस क्षेत्र के वीर सेनानियों, वीर शहीदों, वीर गति को प्राप्त आर्म्ड फोर्सेस, सेना या पुलिसकर्मी के नाम दर्ज किए जाएंगे। सबसे पहले इसका अनावरण किया जाएगा।

### बैठक में थे शामिल

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, माननीय विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक निरसा अपर्णा सेनगुप्ता, सांसद धनबाद के प्रतिनिधि श्री मानस प्रसून विधायक झरिया के प्रतिनिधि अमित कुमार विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि श्री कुमार महतो व अन्य लोग मौजूद थे।

## बिकोकायू ने मनाया खुदी राम बोस का शहादत दिवस

**झरिया।** शहिद खुदीराम बोस की शहादत दिवस भौरा, बिहार कोलियरी कामगार यूनियन(सीटू) कार्यालय में मनाया गया। सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर माला अर्पण किया गया। अध्यक्षता मोतीलाल हेंब्रम ने की। शिव बालक पासवान ने कहा कि खुदीराम बोस आज युवा लोगों की प्रेरणा के लिए स्त्रोत, हैं जो कि देश की आजादी के लिए सबसे कम उम्र में मात्र 18 साल की उम्र में उन्हें फांसी पर चढ़ाया गया था। आज की युवा धार्मिक और संप्रदायिक ध्रुवीकरण के जाल में फंस गई है। कार्यक्रम में मोतीलाल हेंब्रकेम, रंजीत कुमार यादव, प्रदीप कुमार भट्टाचार्य, मोतीलाल मुर्मू, जन किशोर ठाकुर ,सुरेश प्रसाद ,काशी रजवार, सहदेव मांझी शामिल थे।

# ‘बाल विवाह से हमें चाहिए आजादी’

## पेमिया ऋषिकेश पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लगाया नारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** हमे चाहिए बाल विवाह से आजादी, आजादी आदि नारो के साथ आज झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के द्वारा शुक्रवार को पेमिया ऋषिकेश पब्लिक स्कुल बांस कपुरिया में छात्र छात्राओं के बीच बाल विवाह, बाल हिंसा रोकथाम पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कैलाश स्त्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में करीब चार सौ छात्र छात्राओं एवं शिक्षको ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक एवं बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा की बाल विवाह करने एवं कराने वाले दोनो समान रूप से दोषी है, ट्रस्ट द्वारा 150 गांव में सघन जागरूकता का कार्य कर रही है, ताकी धनबाद जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि बाल विवाह स्वास्थ्य समाज निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है, आज हम सब को संकल्प लेने की आवश्यक है कि हम बाल विवाह नहीं करेंगे और ना किसी को करने देंगे। मौके पर प्राचार्य रूपेश चन्द, सुखेन्दु कुमार माजी, जिला समन्वयक नईम एजाज, नगेश्वर पासवान आदि ने सेमिनार को संबोधित किया।



बाल विवाह रोकथाम की शपथ लेते विद्यार्थी और शिक्षक।

# जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक को इलाज के लिए भेजा गया रिम्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद एसएन एमएमसीएच धनबाद में इलाजरत झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को शुक्रवार को इलाज के लिए रांची रिम्स के लिए भारी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक अस्पताल में मौजूद रहे। संजीव सिंह को रिम्स भेजे जाने पर विलंब होने पर उनकी पत्नी सह बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने एतराज जताया है। पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्व विधायक संजीव सिंह को रांची रिम्स भेजा गया है। रागिनी सिंह ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप- वही मौके पर मौजूद संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह ने कहा कि पिछले 2 दिनों से संजीव सिंह को रिम्स रांची ले जाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण उन्हें नहीं भेजा जा सका था। शुक्रवार को भी 2 घंटे विलंब से एंबुलेंस मुहैया कराई गई। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि सरकार ने साजिश के तहत संजीव सिंह को रांची रिम्स इलाज के लिए भेजा है। बता दें कि संजीव सिंह नीरज हत्याकांड मामले में जेल में बंद है।



एंबुलेंस से रिम्स ले जाये जाते झरिया के पूर्व विधायक।

## साईं मंदिर प्रांगण में भजन संध्या

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 6बी स्थित साई बाबा मंदिर में 20वां साईं बाबा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर में पूजा-अर्चना, हवन कार्यक्रम सहित भजन संध्या का आयोजन किया गया। पूजनोत्सव कार्यक्रम में कांकर आरती, मंगल स्नान, दोपहर आरती, सूर्यास्त आरती, संध्या आरती, संध्या भजन, महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। मौके पर आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक अमरजी सिन्हा, अरुण पाठक, शशि, काशी नाथ गुप्ता आदि ने भजन प्रस्तुत किये। ढोलक पर आर्यन व की-बोर्ड पर रोहित ने संगत की। कार्यक्रम में राकेश श्रीवास्तव, अनुराधा श्रीवास्तव, प्रमोद उपाध्याय, अंशु पांडेय, सतीश महतो मौजूद थे।

## ऑफिसर्स इलेवन ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

**झरिया।** इंटर-कोलियरी फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक समापन में, ऑफिसर्स इलेवन ने सिजुआ कोलियरी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट का विजेता का खिताब जीत लिया। ऑफिसर्स इलेवन टीम से राजीव रंजन और सार्थक दास ने एक-एक गोल किया। इस अवसर पर टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मयंक शेखर, चीफ सिजुआ ग्रुप, कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, पंकज कुमार दास आदि शामिल थे।

# केबी कॉलेज बेरमो में सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** शुक्रवार को मनोविज्ञान विभागए के बी कॉलेज बेरमो की ओर से सेमेस्टर 6 के विधार्थियों के लिऐ विदाई सह सम्मान समारोह प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता मे मनोविज्ञान विभाग मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरआत मनोविज्ञान विभाग की ओर से प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हाए अर्थपाल प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय परीक्षा नियंत्रक प्रो गोपाल प्रजापति एवम आईक्यूएसी समन्वयक डॉ अरुण कुमार रॉय महतो को मनोविज्ञान विभाग की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने विदाई सह सम्मान समारोह मे कहा कि शिक्षक कहलाना बड़े गर्व की बात होती है। गुरु हमेशा उस पारस पत्थर के समान होता है जिसके संपर्क मे आने से लोहा भी सोना बन जाते हैं। विधार्थियो का समग्र सर्वांगीण व चतुर्धिक विकास महाविद्यालय मे ही संभव है।



कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित विद्यार्थी।

# सावन महोत्सव में झूमीं सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर की महिलाएं

## सावन क्वीन बनीं सुमन देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी फ्रेंड्स फॉरएवर महिला सामाजिक संगठन के सौजन्य से महिलाओं ने विद्यापति परिषद सिंदरी में शुक्रवार को सावन महोत्सव 2023 का भव्य रूप से आगाज किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष निलम पाण्डेय ने किया। वहीं संचालन की बागडोर विगत वर्ष की सावन क्वीन रहीं सरिता सिंह ने सँभाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी ने महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार पर बल दिया। सावन महोत्सव 2023 की जज रही ममता पाण्डेय ने सावन क्वीन सुमन देवी को बनाया। उन्होंने कहा कि सिंदरी में महिलाओं का उत्साह देखने लायक है। इस तरह के कार्यक्रम से महिलाओं में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट अतिथि अनीमा सिंह ने कहा कि मैं महिलाओं के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करती रहती हूँ। यह संगठन महिलाओं के लिए और उनके विचारों से ओतप्रोत है। सिंदरी की महिलाओं ने हरे रंग के सावन वेशभूषा में महोत्सव के दौरान खूब मस्ती की। हरी साड़ियों के साथ सावन के सोलह सिंगार भी महिलाएं की हुई थीं। कार्यक्रम की शुरूआत नेपाल में नृत्य प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश का नाम रौशन कर चुकी आस्था चौरसिया के गणेश वंदना से हुआ। गानों पर नृत्य कर समाँ बाँधने वालों में शर्मिष्ठा, राखी, पीहू, लक्की, रानी, चंदा, परिणिता, सिमरन, मन्नत, खूशबू उपस्थित रहे।



सावन महोत्सव में शामिल महिलाएं।

### कार्यक्रम में इन्होंने लगाया चारचांद

कार्यक्रम में चारचांद लगाने वालों में अध्यक्ष निलम पाण्डेय, डॉ स्मृति नागी, सरिता सिंह, रीना सिंह, मोहिनी अग्रवाल, प्रियंका उपाध्याय, ममता पाण्डेय, मीना सिंह, शुभ्रा डे, सुनिता उपाध्याय, शर्मिष्ठा, रीना टैगोर, चाइना पाल, नीतू सिंह, रागिनी तिवारी, बबली पाण्डेय, किर्ती पाण्डेय, राजकुमारी, संध्या देवी, सीमा देवी, शिशुबाला सहित सिंदरी क्षेत्र से अन्य महिलाएँ उपस्थित रहीं।

# मारवाड़ी महिला समिति, चिरकुंडा ने मनाया हरियाली तीज का सिंधारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा द्वारा हरियाली तीज का सिंधारा मनाया गया। समिति के सदस्य होटल गए वहां सबने सूप ,स्नैक्स और दोपहर का खाना खाया, हाउसी और कई सारे गेम भी खेले।समिति के सदस्यों ने कहा कि हमारी बहनें जो सैनिक भाईयो के लिए राखियां बना रहीं हैं वो जल्द से जल्द बना कर समिति के कार्यालय में जमा कर दे ताकि हम उन्हें आगे भेज सकें।सदस्यों ने आगे के कार्यक्रम की रूप रेखा भी तैयार की।

वहीं अंग दान देह दान विषय पर चर्चा की गई और उसका प्रचार,प्रसार करने का संकल्प लिया गया।

मौके पर समिति के अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, ज्योति खरकिया, भगवती रूंगटा, ललिता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, कुसुम खरकिया, रेखा खरकिया, बीना अग्रवाल,अनिता देवी, सुमित्रा, संगीता, सीमा, बरखा, किरण, सरला, बेला, निकिता, सोना, बबिता, सोना, उषा, बेला, सरला आदि सदस्य उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-12, दिनांक 10.08.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन चिन्हित पिस्का (पीआईएस) स्टेशन पर 01 अदद 12.0 मी चौड़े फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान के कारण ओएचई का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 12,35,006.44। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 24,700; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।(PR-496)

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा इच्छुक व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि "सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत जबड़ा–चतरा राँची पथ पुराना स्वास्थ्य उपकेन्द्र के सामने कुल 11 (ग्यारह) अदद दूकान का निर्माण" कराते हुए किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए **दिनांक 12/08/2023 से दिनांक 26/08/2023 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)** आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्ते :–

1. दिनांक 17.01.2023 को सम्पन्न बोर्ड–सह–समीक्षात्मक बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आलोक में दुकान का आवंटन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।
2. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा।
3. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकता है एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. एक आवेदकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिग्भ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदकर्ता को दुकान लागत राशि का मो0 1,64,060.00 (एक लाख चौसठ हजार साठ रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
7. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा

PR304455 (District)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/JMT/2023-24

1. विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 21.08.2023 up to 4.00 अपराह्न
4. निविदा प्राप्त की अंतिम तिथि एवं समय : 22.08.2023 up to 1.00 अपराह्न
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 22.08.2023 up to 4.00 अपराह्न
6. परिमाण विपत्र प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।
7. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 300 x125mm dia x 30 mtr (Av.) depth Gravel Packed tube well Complete (By Mechanical Rotary Machine With mud pump mounted on Tractor) and installation of INDIA Mark-II Hand Pump for Jharkhi & Bishunpur School, Panchayat - Jarga , Block – Koderma under DMFT | 2,17,020/- | 4400/- | 500.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट एवं daa.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अभय टोप्पो,) कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

PR 304519 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**
**Email ID -eerdsdkoderma@gmail.com**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/03/RE/2023-24 (2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | कोडरमा जिला के डोमचाँच प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पुरनाडीह के ग्राम–रायडीह से ग्राम उपरवाद के बीच केशो नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 6,05,12,600.00 | 1210500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.08.23 से दिनांक 05.09.23 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 08.09.23 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा/मुख्य अभियंता, कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0, भवन, धूर्वा, राँची।
ii) ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग।
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची है।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यादिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान–e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0 – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नं0)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.304463 Rural Work Department(23-24):D

**Govt. of Jharkhand**
**Sports Authority of Jharkhand**
**(Department of Tourism, Art-Culture, Sports & Youth Affairs)**
**Gate No.-28, Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi.**
**Email : - sajha9@gmail.com, Website :- www.sajha.in**

**Re -Tender Notice**

**NIT No. 01/PR/SAJHA/2023-24** **Dated: 11.08.2023**

Sports Authority of Jharkhand, Morhabadi, Ranchi invites Sealed Tenders in two parts Part-I (Technical Bid) and Part-II (Price Bid) from the eligible and reputed Bidders having good experience of following similar type of works and having sound financial status: -

| Name of the Work | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of Bid Document (Non-Refundable in Rs./-) | Time of Supply | Place of Supply |
|---|---|---|---|---|
| Rate contract for Procurement of Sports Kit for Eklavya Khel Kendra (Centre of Excellence) under Sports Authority of Jharkhand, Ranchi. | ₹2,02,000/- (Two Lakh two thousand Only) EMD in the form of Demand Draft in favour of Sports Authority of Jharkhand, Morabadi, Ranchi, Payable at Ranchi. | ₹ 6,000/- (Six Thousand Only) BOQ Cost in the form of Demand Draft in favour of Sports Authority of Jharkhand, Morabadi, Ranchi, Payable at Ranchi. | As required | Ranchi |
| Availability of tender documents on Website of this Sports Authority of Jharkhand i.e: www.sajha.in | | From 12.08.2023 to 28.08.2023 | | |
| Last date and time for submission of Tender | | Up to 28.08.2023 up to 01:00 p.m. | | |
| Date, time and venue for opening of Tender Part-I (Technical Bid) | | At 03:00 p.m. on 28.08.2023 Office of the Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi | | |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Bid) | | will be communicated later on | | |
| Tendering Officer and address for communication | | Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi. | | |

2. The Tender document containing detailed terms & conditions, Specification etc. can be downloaded from the website: www.sajha.in .
3. Eligible and interested bidders may submit their bid at office of the Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, situated at Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi as per the above time schedule. A Demand Draft of ₹6,000/- as bid document fee is to be attached with the tender at the time of submitting the tender document.
4. Corrigendum/Amendments to this tender also shall be uploaded on this website and Published in the Newspapers only. Price Bid of only technically qualified bidders, will be opened at a later date. Technically qualified bidders will be informed the date of price bid opening separately.
5. The Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Ranchi reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason whatsoever.

Sd./- Executive Director, Sports Authority of Jharkhand. Morhabadi, Ranchi.

PR.NO.304540 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24):D

# भविष्य से खेल


यह विडंबना है कि देश के राजनेताओं ने कभी नहीं सोचा कि दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं के इस देश में शिक्षा पर अपेक्षित खर्च बढ़ाने की जरूरत है। जब हम दावा करें कि ये ज्ञान की सदी है तो हमारी कोशिश भी होनी चाहिए कि हर आम छात्र के लिये ज्ञान पाने के अवसर सहज-सरल ढंग से उपलब्ध हों। क्या भारत ऐसी शिक्षा व्यवस्था के बूते विश्व गुरु बनने का सपना देख सकता है? पिछले दिनों विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बीस फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। साथ ही चेताया है कि इन विश्वविद्यालयों की डिग्री कहीं भी मान्य नहीं होगी। लेकिन सवाल यह है कि यह निर्णय लेने में इतनी देरी क्यों होती है? ये विश्वविद्यालय रातों-रात तो बन नहीं जाते। हजारों छात्र ऐसे होंगे जिन्होंने इन विश्वविद्यालयों में सालों पढ़ाई की होगी। भ्रामक विज्ञापनों व धनबल के आधार पर ऐसा माहौल तैयार किया जाता है कि यही विश्वविद्यालय सपनों का रास्ता है। क्या देश के सत्ताधीशों को नजर नहीं आता कि फलां विश्वविद्यालय कानूनी अर्हताएं पूरी नहीं करता। विडंबना देखिये कि हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जिन बीस विश्वविद्यालयों को जाली घोषित किया है उनमें से आठ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ही हैं, जहां देश के शिक्षा से जुड़े तमाम नियामक संस्थान स्थित हैं। आखिर वहां कैसे लंबे समय से कथित फर्जी विश्वविद्यालय चल रहे थे? सवाल यह भी कि उन छात्रों की क्षतिपूर्ति कैसे होगी, जिन्होंने इन विश्वविद्यालयों से डिग्री हासिल की है? मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल करके तमाम ऐसे शिक्षण संस्थान देश में खुल रहे हैं। ऐसा लगता है कि देश में डीम्ड यूनिवर्सिटियों का सैलाब-सा आ गया है। विभिन्न धंधों से पैसा कमा कर नये-नये अमीर बने बहुधंधी लोग अब विश्वविद्यालय खोलकर समाज में प्रतिष्ठा हासिल कर रहे हैं।

# राजग की जीत

आखिरकार केजरीवाल सरकार के अधिकार सीमित करने वाला दिल्ली सर्विस बिल राज्यसभा में भी पास हो गया। राज्यसभा में बिल के समर्थन में 131 व विरोध में 102 वोट पड़े। भले की केंद्र सरकार ने केजरीवाल सरकार के पर कुतरने वाले बिल को येन-केन-प्रकारेण पारित कर लिया हो, लेकिन विपक्ष को एकजुट करने का मौका जरूर दे दिया। हालांकि, पहले कयास लगाये जा रहे थे कि राजग के सभी सहयोगियों के वोट मिलने के बावजूद केंद्र सरकार राज्यसभा में बिल को पारित नहीं करवा पायेगी। वह भी तब जब एक-दूसरे पर लगातार हमलावर रहने वाले आप व कांग्रेस समेत इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस के सभी घटक बिल के खिलाफ एकजुट हो चुके थे। दरअसल, लोकसभा में बहुमत होने के चलते राजग सरकार ने बिल आसानी से पास करा लिया था, लेकिन राज्यसभा में बहुमत न होने ने उसकी चिंता बढ़ा दी। ऐसे वक्त में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल तथा जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी ने राजग की नैया पार लगा दी। निश्चित रूप से इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस इसे अपनी कामयाबी मान रहा है कि मतदान के दौरान उसके किसी सदस्य ने क्रॉस वोटिंग नहीं की। हालांकि, बहस के दौरान विपक्षी दलों के निशाने पर आम आदमी पार्टी भी रही कि उसने धारा-370 हटाये जाने के मुद्दे पर राजग सरकार का साथ दिया था। वही राजग सरकार अब दिल्ली सरकार के अधिकारों को कुतर रही है। बहरहाल, अब संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद बिल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के उपरांत कानून का रूप ले लेगा। भाजपा व आप के द्वंद्व के चलते केंद्र सरकार ने केजरीवाल सरकार के पर कुतरने के लिये इस मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था।

# सामाजिक समरसता का केंद्र संत रविदास





**-लोकेन्द्र सिंह**

> हिन्दू समाज की पहचान भी इसी बात के लिए है कि वह समय के साथ आई बुराइयों को समय के साथ ही छोड़कर आगे बढ़ जाता है। यह सत्य हमें स्मरण रखना चाहिए कि समाज को दिशा देनेवाले महान लोगों ने भेदभाव को उस समय भी स्वीकार नहीं किया, जब यह बुराई चरम पर दिखने लगी थी। हमारे यहाँ जातिगत भेदभव के लिए कभी कोई स्थान नहीं रहा है।

भारत को कमजोर करने के लिए जातीय द्वेष बढ़ाने में अनेक ताकतें सक्रिय हैं। उनके निशाने पर विशेषकर हिन्दू समाज है। वहीं, भारतीय समाज को एकसूत्र में बांधने के प्रयास करने वाली संस्थाएं अंगुली पर गिनी जा सकती हैं। चिंताजनक बात यह है कि भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर राष्ट्रीयता को मजबूत करनेवाले संगठन भी रहते हैं। ऐन-केन-प्रकारेण उनकी छवि को बिगाड़ने के प्रयास किए जाते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी कमोबेश यही स्थिति है। वोटबैंक की राजनीति के चलते अनेक नेता एवं राजनीतिक दल भी हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष को बढ़ाने के दोषी हैं। इन परिस्थितियों के बीच शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास महाराज के मंदिर का निर्माण करने का सराहनीय निर्णय लिया गया है। सरकार इस मंदिर को सामाजिक समरसता के केंद्र के तौर पर विकसित करना चाहती है।

0समरसता मंदिर के निर्माण में संपूर्ण हिन्दू समाज की भागीदारी हो, इसके लिए सरकार के प्रयासों से प्रदेशभर में समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को निर्माण स्थल बड़तूमा पहुँचेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संत शिरोमणि रविदास की जयंती के सुअवसर पर यहाँ समरसता मंदिर की नींव रखेंगे। यह मंदिर अपने उद्देश्य के अनुसार आकार ले, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समरसता यात्राओं में सहभागिता कर लोगों तक संत रविदास के संदेश को पहुँचाने का भगीरथी प्रयास कर रहे हैं। आनंद की बात है कि संत रविदास समरसता यात्रा का रथ जहाँ-जहाँ से गुजर रहा है, वहाँ के लोग मंदिर निर्माण के लिये अपने क्षेत्र की मिट्टी और नदियों का जल देकर संदेश दे रहे हैं कि निश्चित ही यह स्थान सबको एकसूत्र में जोड़ने में सफल होगा।

भारतीय संत परंपरा में संत रविदास का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने दोहों-पदों और आचरण से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक समरसता पर बल दिया। समाज कैसा होना चाहिए, उनके इस पद में इसके दर्शन मिलते हैं- ह्लऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न।ह्व उन्होंने हमारे सामने ऐसे समाज की संकल्पना रखी, जहाँ किसी भी प्रकार का लोभ, लालच, दुःख, दरिद्रता और भेदभाव नहीं हो। सब प्रसन्नता से रहें। सामाजिक समरसता के जीवनसूत्र देते हुए संत रविदास ने कहा- ह्लरैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीचह्व। अर्थात कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है, जो व्यक्ति गलत काम करता है, वह नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म से कभी नीच नहीं होता है। संत रविदास जी के इस दर्शन को हमें आत्मसात करना चाहिए और इसे अपने आचरण में उतार लेना चाहिए। हिन्दू समाज की पहचान भी इसी बात के लिए है कि वह समय के साथ आई बुराइयों को समय के साथ ही छोड़कर आगे बढ़ जाता है। यह सत्य हमें स्मरण रखना चाहिए कि समाज को दिशा देनेवाले महान लोगों ने भेदभाव को उस समय भी स्वीकार नहीं किया, जब यह बुराई चरम पर दिखने लगी थी। हमारे यहाँ जातिगत भेदभव के लिए कभी कोई स्थान नहीं रहा है।

संत शिरोमणि रविदास जी ने ह्यअहम् ब्रह्मास्मिह्ण और ह्यतत्वमसिह्ण के दर्शन को सामान्य लोगों को समझ आनेवाली भाषा में समझाया। उनकी वाणी का संदेश यही रहा है कि हम सब एक ही हैं। एक ही ईश्वर के भक्त हैं। वे कहते हैं- ह्लप्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानीह्व। भारत के संत समाज ने हमें अनेक प्रकार से यह समझाने का प्रयास किया है कि हम सब एक ही ब्रह्म के अंश हैं। इसके बाद भी समाज में कुछ लोगों को यह बात समझ नहीं आती। विडम्बना यह है कि वे पढ़ते और पढ़ाते तो यही हैं, उपदेश भी इसी प्रकार के देते हैं लेकिन उनके आचरण से यह भाव नदारद है। कहने का अर्थ यही है कि अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। इसी बात को संत रविदास ने बहुत ही सुंदर, सरल लेकिन प्रभावी ढंग से कहा है- मन चंगा तो कठौती में गंगा। यानी हमारा मन पवित्र होगा तभी हम सब लोगों में एक ही ब्रह्म के दर्शन कर पाएंगे।

संत रविदास का यह दर्शन सागर में बन रहे समरसता मंदिर से चहुँ दिशा में फैले, इसको भी सुनिश्चित करने का प्रयास शिवराज सरकार कर रही है। मंदिर को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की क्या संकल्पना है, इसे समझने के लिए उनके वक्तव्य को देखना चाहिए। मुख्यमंत्री कहते हैं कि संत शिरोमणि रविदास सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों विशेषकर ह्यसियाराम मैं सब जग जानीह्ण के भाव को मानकर संत रविदास ने न केवल भक्ति अपितु सेवा का भी एक नया इतिहास रचा। उन्होंने सामाजिक सद्भाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। वे परोपकारी, दयालु और मृदुभाषी थे। संत रविदास जी का भव्य मंदिर और स्मारक समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा। अर्थात यह मंदिर किसी को संतुष्ट करने या कर्मकाण्ड के लिए नहीं बनाया जा रहा है।

बल्कि मंदिर निर्माण के पीछे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी सरकार की वृहद एवं पवित्र संकल्पना है। हम उम्मीद करेंगे की यह शुभ संकल्प अपने वास्तविक रूप में साकार हो। समरसता यात्राओं में लोगों की सहभागिता इस विश्वास को और पक्का करती है कि संत रविदास मंदिर सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार हैं।)

## खास बात


### वृहत संहिता में चांद

**विश्व** इतिहास के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर की प्रमुख रचना वृहत संहिता है। इसकी व्याख्या डॉ. सुरेश चंद्र मिश्र ने की है। रंजन पब्लिकेशन से प्रकाशित इस पुस्तक के पृष्ठ 68 में वराहमिहिर ने कहा है, ह्यह्यचंद्रमा सूर्य के नीचे स्थित है। इस कारण उसके जिस भाग पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं वह भाग चमकता है। चन्द्रमा का प्रकाश वस्तुतः सूर्य का ही प्रकाश है। जिस भाग पर सूर्य की किरणें नहीं पड़ती वह भाग उसकी स्वयं की छाया के कारण काला दिखाई पड़ता है। वराह मिहिर ने चन्द्रमा को जलीय ग्रह बताया है। सूर्य की किरणें चन्द्रमा पर पड़ती हैं तो रात्रि के अंधकार का नाश करती हैं। अमावस्या के अंत में सूर्य व चन्द्रमा का स्पष्ट समान होने पर चन्द्रमा सूर्य के ठीक नीचे होता है। तब पृथ्वी की ओर वाला चन्द्रभाग अंधकार में रहने से पृथ्वीवासियों को नहीं दिखाई पड़ता। ज्योतिर्विज्ञानियों के अनुसार चन्द्रमा एक राशि पर सवा दो दिन गतिमान रहते हैं। आधुनिक काल की बात दीगर है। वैदिक काल से लेकर लगध, वराह मिहिर, आर्यभट्ट, ब्रह्म गुप्त, भास्कराचार्य, कमलाकर भट्ट व सुधाकर द्विवेदी के काल से गुजरते हुए चन्द्रमा और उसकी राशियों का निर्वचन जारी है। यद्यपि चन्द्रमा स्वयं देवता हैं। लेकिन पूरे एशिया में प्रचलित शिव रूद्र के मस्तक पर चन्द्रमा दिखाई पड़ता है। शिव और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्राचीन है। अनेक विद्वान सोम को भी चन्द्रमा मानते हैं। कौषीतकि ब्राह्मण और ऐतरेय ब्राह्मण में चन्द्रमा और सोम की अभिन्नता बताई गई है। चन्द्र देवता ही मासों के सृजनकर्ता हैं। उनके उद्भव से ही शुक्ल और कृष्ण पक्ष बनते हैं। चन्द्रमा देवता स्तुतिकताओं को शांति देते हैं और उनकी आयु में वृद्धि करते हैं। जैसे शिव सभी वर्गों, मनुष्यों, कीट पतिंगों और सांपों के भी जीवन रक्षक हैं। सांप उनके गले में रहता है। वैसे सोम भी वनस्पतियों के राजा हैं। चन्द्रमा की विश्व पुरुष से उत्पत्ति का उल्लेख तैत्तरीय ब्राह्मण में भी हुआ है। चन्द्रदेव के प्रकाश का अस्तित्व सूर्य पर आधारित है।

चन्द्रयान पर इसरो के अध्ययन से चन्द्रमा के सम्बंध में नए तथ्य प्राप्त होने की संभावनाएं हैं। संभव है कि चन्द्र अभियान के परिणाम प्राचीन भारतीय मान्यताओं की कमोबेश पुष्टि करने वाले हों।

# अडिग निष्ठा

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

अनिश्चयी स्वभाव वाले लोग परावलंबी ही होते हैं। उन्हें अपनी बुद्धि पर न तो विश्वास होता है और न अपने निर्णय में पूरी आस्था । अनिश्चय एवं एकनिष्ठा के अभाव में आदमी अस्त-व्यस्त हाथ-पैर मारता हुआ अपनी सारी शक्ति को बिखेर देता है, जबकि किसी सफलता के लिए शक्तियों का संगठित एवं एकाग्र होना बहुत आवश्यक है।

सफलता पानी है तो दृढ़ निश्चयी बनिए। एक बार विवेकपूर्वक जो निश्चय कर लिया जाय, उसे पूरा करने में अपनी सारी शक्तियाँ संगठित रूप से नियोजित कर दीजिए। निश्चय करने से पूर्व अपने हितैषियों, मित्रों एवं शुभचिंतकों से परामर्श कर लेना ठीक हो सकता है, किंतु निश्चय हो जाने के बाद किसी के कहने से उसे बदलना अदृढ़ता का द्योतक होगा। अपनी क्षमताओं एवं योग्यताओं के अनुरूप जो काम उठाएँ, उसे पूरा करके ही मानिए। आपकी दृढ़ता निश्चय ही आपका कार्य सफल करेगी और आत्मविश्वास, योग्यता एवं सफलता में वृद्धि करेगी। इस प्रकार निरालस्य होकर साहसपूर्वक तत्परता के साथ अडिग उद्योग करते हुए इस सिद्धांत में आस्था रखिए कि पुरुषार्थ मेरा अधिकार है और फल परमात्मा का। आप अवश्य उन्नति करेंगे और जीवन में मनोवांछित सफलता के अधिकारी बनेंगे।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई, आशीष और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर मैंने सांसद खेल महोत्सव (फुटबॉल) से संबंधित पुस्तक उन्हें भेंट की।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## रोचक ट्वीट

मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने हमारे ऊपर विश्वास जताया है। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के अपने मायने हैं। झारखण्ड ही नहीं देश के दूसरे हिस्से के आदिवासियों का भी जो प्यार मुझे मिलता है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**देश** की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान युवा क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन। मातृभूमि के प्रति आपका प्रेम, त्याग और समर्पण सभी के लिए अप्रतिम प्रेरणा है।

**– सुदेश महतो आजसू**

# चंद्रमा: सौंदर्य के कल्पनालोक का महानायक

**हृदयनारायण दीक्षित**


## विचार

भारत की चन्द्रमा पर पहुँचने की महत्वाकांक्षी योजना चर्चा में है। सारी दुनिया का ध्यान चन्द्र देवता पर लगा हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रतिभाशाली वैज्ञानिक चन्द्रयान की सफलता को लेकर पूरे मनोयोग से जुटे हैं। चन्द्रयान की सफलता के बाद तमाम नए तथ्य प्रकाश में आएँगे। चन्द्रमा का पहला चित्र आ गया है। चन्द्रमा वैदिक काल से ही भारत का आकर्षण रहा है। लोकश्रुति के अनुसार चन्द्रमा माता पृथ्वी का भाई है। इसलिए हम सब का मामा है। प्रकृति सृष्टि के उदय के साथ ही चन्द्रमा का अस्तित्व भी प्रकट हुआ। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90.13) में कहा गया है कि विराट पुरुष के मन से चन्द्रमा और आँखों से सूर्य प्रकट हुआ - चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायतः।ह्यह्ण चन्द्रमा का सम्बंध मन से है। ऋग्वेद में चन्द्रमा भी एक देवता हैं। वे अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। ऋग्वेद (10.85.19) में कहते हैं, ह्यह्यये चन्द्र देवता नित्य उदित होते हैं और नवीनतम होते हैं। सूर्य देव प्रतिदिन नवीन रूप में प्रातःकाल प्रकट होते हैं। वे देवों के निमित्त यज्ञ के हवि भाग की व्यवस्था करते हैं।ह्यह्ण इसी तरह चन्द्र देव सबको आनंदित जीवन और दीघार्यु प्रदान करते हैं। भारतीय काव्य परम्परा में चन्द्रमा सुंदरता बोधक हैं। कवियों ने चन्द्रमा के सौंदर्य को सुंदरता का प्रतीक बताया है। भारतीय साहित्य में भी चन्द्र सौंदर्य भरा पूरा है।वैदिक काल में चन्द्रमा की उपासना थी। इस उपासना के बीज भारतीय देव शास्त्र से लेकर प्राचीन यूनान, रोमन, ईरानी और जर्मन में पाए जाते हैं। डॉ. गया चरण त्रिपाठी ने वैदिक देवता उद्भव और विकास के पृष्ठ 27 में लिखा है, ऋग्वेद में सूर्य के साथ द्वंद्व समास में इसका कई स्थानों पर उल्लेख है। ग्रीक देवशास्त्र में चन्द्रमा को तीन चक्रों वाले रथ में आकाश में भ्रमण करते हुए बताया गया है। विष्णु पुराण में भी इसी तरह का उल्लेख है। वैदिक साहित्य में चन्द्रमा औषधियों और सोम लता से सम्बंधित हैं। वे औषधियों के राजा हैं। रात्रि में औषधियां चन्द्रमा की किरणों से रस ग्रहण करती हैं। सोम और चन्द्रमा का सम्बंध बहुत प्रीतिपूर्ण है। वैदिक देवशास्त्र में चन्द्रमा और सोम लगभग पर्यायवाची हो गए हैं। डॉ. त्रिपाठी ने बताया है, ह्यह्यआर्य जाति में सूर्य और चन्द्रमा की विभिन्न लिंगों में कल्पना बहुत प्राचीन है। जर्मन, ऐंग्लोसेक्शन और लिथुआनियन भाषाओं में सूर्यवाची शब्द स्त्रीलिंग में है और चन्द्रमा के शब्द पुल्लिंग में है। लेकिन ग्रीक और लैटिन भाषाओं में सूर्यवाची सभी शब्द पुल्लिंग हैं और चंद्रमा के वाची स्त्रीलिंग। दोनों की भाई और बहन या पति के रूप में कल्पना की गई है। एक लैटिन गीत में कहा गया है कि, ह्यह्यएक बार चन्द्रमा और सूर्य ने परस्पर विवाह किया। पत्नी सूर्य प्रातःकाल उठ जाती थी। लेकिन पति (चन्द्रमा) देर से उठता था। दोनों में लड़ाई हो गई। पति (चन्द्रमा) उषा काल के तारे से प्रेम करने लगा। इससे शक्तिशाली पैकुण्न नाराज हुआ। उसने पति (चन्द्रमा) पर खड़ग प्रहार किया जिससे वह खंडित हो गया।ह्ण इसी तरह की एक रोचक बात यूरोपीय लोककथा में कही गई है। इस कथा में सूर्य आकाश की पुत्री है और चन्द्रमा पुत्र। पिता आकाश ने पुत्र चन्द्रमा को दिन में तथा पुत्री सूर्य को रात्रि में प्रकाश करने के लिए नियुक्त किया। पुत्री को रात्रि में डर लगता था। इसलिए उसने दोनों की ड्यूटी बदल दी। दूसरे दिन प्रातः आकाश पुत्री पूरब से उदित हुई।

पृथ्वी के लोग उसकी ओर एक टक देख रहे थे। भारत की प्राचीन लोककथाओं में सूर्य और चन्द्रमा राजा रानी हैं। चन्द्रमा भारतीय सौन्दर्य कल्पनालोक का महानायक रहा है। चन्द्रमा सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है। उसका अपना प्रकाश नहीं होता।

## कॉर्टून वर्ल्ड

पैसा या पर्यावरण...



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### प्रौद्योगिकि का प्रयोग

**नियामक** ढांचे के अनुरूप इन उभरती प्रौद्योगिकियों के साइबर सुरक्षा वर्टिकल पर एक केंद्रित अनुसंधान और विकास दृष्टिकोण साइबर-सुरक्षित इको सिस्टम बनाने और हर स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने में काफी मदद करेगा। असली उद्देश्य समाज को उभरते खतरों से सुरक्षित रखते हुए इन पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों की विशाल संभावना है। **– रमाशंकर, सिंह रांची**

### शिक्षा में सुधार

**विश्वविद्यालयी**-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है। निश्चित ही इस दिशा में ठोस कार्य की जरूरत है। **– प्रकाश सिंह, रातू**

# ग्रामीण स्तर पर शिक्षा का स्तर निम्न से निम्न

**सुधांशु कुमार**

## शिक्षा

**ग्रामीण** भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा। कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी।

नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा। स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले संस्थानों की स्थापना में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना भी स्वागतयोग्य कदम है।

विश्वविद्यालयी-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं।

विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है।

विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सल्फास खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र के 26 वर्षीय युवक श्यामसुंदर साहू ने घर में रखे सल्फास नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों के पूछे जाने पर युवक ने बताया कि सल्फास खा लिया है। जिसके बाद आनन-फानन में परिजन उसे कामडारा उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संदर्भ में डॉक्टर ने बताया कि युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस स्थिति में सुधार नहीं होने पर रांची रिम्स रेफर किया जाएगा।

### चलाया गया जागरूकता अभियान

**जारी।** जोहर कोप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जारी पुलिस के द्वारा प्रखंड के सीसी करमटोली स्थित झारखण्ड आवासीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चियों को नेतृत्व क्षमता का विकास व सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन बिसाही, बाल विवाह, नशा पान मानव तस्करी पर जागरूक किया गया। साथ ही इनके विषय में कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी बच्चों को दी गई।

### असंगठित कामगार कांग्रेस के सदस्यों ने दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनाने में की मदद

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने अपने टीम के साथ सदर हॉस्पिटल पहुंचकर कई दिव्यांग भाई-बहनों का विकलांग सर्टिफिकेट बनवाया। मुख्तार आलम ने कहा कि कई दिव्यांग भाई बहन ऐसे हैं। जिन्हें विकलांग सर्टिफिकेट बनवाने हेतु कोई जानकारी नहीं है। इस कारण दिव्यांग व्यक्ति परेशान हो जाते हैं। दिव्यांग सर्टिफिकेट बन जाने के बाद दिव्यांग भाइयों बहनों को उनके मिलने वाले विभिन्न सुविधा उपलब्ध होती है। हमारा टीम लगातार दिव्यांग भाइयों बहनों को सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रयासरत है।

### एक माह तक किसी भी तरह के कार्य पर सीओ ने लगायी रोक

**गुमला।** वृंदा पंचायत के चरकाटांगर जाम टोली स्कूल खेल मैदान के विवाद को लेकर शुक्रवार को सीओ कुशलमय केनेथ मुंडू, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, सीआई मनीष कुमार सिन्हा, राजस्व कर्मचारी व स्थानीय मुखिया सत्यवती देवी गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों के साथ मामले को लेकर बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल के समीप जो मैदान हैं वह पूर्वजों ने दान में दिया है और इस खेत में हल जोताई की गई। जिसके कारण यह विवाद हुआ। वहीं सीओ ने कहा कि जमीन का विवाद था। जिसको लेकर हम लोग एक टीम बनाकर गांव आये थे और दोनों पक्ष को बैठक आपसी सौहार्द के साथ समझने का काम किया गया है और विगत एक माह तक उस जमीन में किसी भी तरह का कार्य करने के लिए मना किया गया है।

### मध्याह्न भोजन के लिए सिलेंडर मिलने पर भी लकड़ी से बनाया जाता है भोजन

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के संत आना बालिका उच्च विद्यालय मांझाटोली में मध्याह्न भोजन में भारी हेर फेर का मामला प्रकाश में आया है। मध्याह्न भोजन के लिए सरकार के तरफ से बच्चो के लिए यूनिट के हिसाब से पैसा मिलता है और रसोइया के लिए सिलेंडर गैस भी सरकार के तरफ से उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन इस स्कूल में आज मध्याह्न भोजन लकड़ी से बनाया जाता है। जिससे रसोइयों को काफी त्परेशानी भोजन बनाने में होती है। उनको चूल्हा जलाने में करीबन आधा घंटा लग जाता है। आपको बताते चले कि लकड़ी में खाना बनाने तक ही बात सीमित नहीं है। बात मध्याह्न भोजन के मान्यू के हिसाब से भोजन भी उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

### बाल विवाह उन्मूलन व किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गुमला।** छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के द्वारा शुक्रवार को के.ओ कॉलेज गुमला में बाल विवाह उन्मूलन व किशोरी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सी डब्ल्यूसी की अध्यक्ष कृपा खेस, महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी व कॉलेज के प्रोफेसर डॉ सीमा, शिक्षक आसुतोष कुमार व नंदकिशोर ने सयुंक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस कार्यक्रम में बाल विवाह के परिणाम, कारण और रोकथाम पर चर्चा किया गया। साथ ही कानून प्रावधान, अधिकार, पोक्सो एक्ट, जुवीनाइल जस्टिस एक्ट पर कृपा खेस ने जानकारी दी। डॉ सीमा ने कहा कि आजादी के 77 साल होने को है पर हम उसी मुद्दे पर आज भी हैं। 29 सितम्बर 1928 को यह बाल विवाह निषेध अधिनियम लागू हुआ। उस समय इसका बहुत विरोध किया गया था। एक जमींदार, राजा महाराजा व मुस्लिम समाज के ऊंचे वर्ग के लोग इसका विरोध किये।

### गुमला से हर वर्ष सैकडों युवा देश सेवा के लिए जाते हैं आर्मी में: मनीष कुमार

**गुमला।** इंडियन आर्मी से ट्रेनिंग कर लौटे लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला के छः युवाओं का शुक्रवार को स्वागत किया गया। लक्ष्य फिजिकल एकेडमी के सोनू कुमार साहू, संजीव कुमार साहू, मनीष उरांव, सतीश उरांव, निलेश उरांव व दीपक उरांव का चयन इंडियन आर्मी में हुआ है। सात महीने का ट्रेनिंग पूरा कर वापस लौटे जवानों का लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला के द्वारा मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर हिंदुस्तान डेयरी के संचालक एवम समाजसेवी मनीष कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि ये धरती वीरों की धरती है। यहां से हर साल सैंकड़ों युवा देश सेवा के लिए जाते हैं जो की काफी सराहनीय है।

### कल्याण विभाग व जेटीडीएस की समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग एवं पीवीटीजी ग्राम सर्वे अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए प्रत्येक योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपायुक्त ने ली। उपायुक्त ने ड्रिंकिंग वाटर संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत धरातल पर लाने का निर्देश दिया। वहीं गम्हरिया में बने वाटर टावर का भी निरीक्षण करते हुए वहां के स्थानीय लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है कि नहीं उसका भी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। बसिया में नव निर्मित पॉलीटेक्निक कॉलेज को कल्याण विभाग द्वारा हैंडओवर लेते हुए उसके संचालन को प्रारंभ करने का भी निर्देश दिया गया।

## किसान परेशान, महिला मजदूरों की मजदूरी में भेद्भाव, करीब 98 लाख की लागत से बन रहे पांडे बांध जीर्णोद्धार

# पांडे बांध जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक की मनमानी एवं लापरवाही

■ नहर को क्षतिग्रस्त करने से किसानों के खेतो तक नहीं पहुंच पा रहा पानी, किसान परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डैम निर्माण में गड़बड़ी का विरोध करते ग्रामीण

**भंडरा।** प्रकृति की मार झेल रहे किसानो को सिचाई विभाग के लापरवाही, उदासीनता और मनमानी से दोहरी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। लघु सिंचाई प्रमंडल लोहरदगा विभाग से करीब 98 लाख की लागत से बन रहे पांडे बांध जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक की मनमानी व लापरवाही से भैंसमुंदो गांव के सैकड़ों किसानों के खेतो में पानी नहीं पहुंच रहा है। संवेदक द्वारा पुराने नहर के पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे वर्षो पहले बनी नहर बंद हो गया। जिससे किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। सवेदक मोहफिल खान द्वारा पांडे बांध जीर्णोद्धार कार्य में भारी अनियमित बरती जा रही है।

शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत के बाद उदरंगी पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव एव जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि संवेदक द्वारा छलका एव नहर को बंद कर दिया गया है। जनप्रतिनिधियो को ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा महिला मजदूरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है महिला मजदूरों को 250 रुपया एव पुरुष मजदूरों को 300 रुपया मजदूरी दिया जा रहा है। जबकि सरकारी योजनाओं में मजदूरी दर 326 रुपया है। संवेदक द्वारा पुराने पत्थर से जैसे तैसे जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। वही कार्य स्थल पर योजना बोर्ड तक नही है। पूर्व में ग्रामीणों एव स्थानीय मुखिया ने संवेदक को कार्य में सुधार करने की बात कही गई थी पर संवेदक द्वारा मनमानी तरीके से जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

ग्रामीणों के शिकायत की जानकारी होने के बाद भी संवेदक एव विभाग कार्य के सुधार की दिशा में कार्य नहीं कर है। विदित हो कि वर्षा के अभाव में किसान सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। एक तरफ किसानों के समक्ष धान की बिचड़ों को बचाने की चुनौती है, तो दूसरी तरफ पानी के अभाव में धान की रोपाई का काम लगभग बंद है। जिन किसानों ने निजी साधनों से धान की रोपाई कर रहे है, वहां फसल को बचाना भी अब किसानों के लिए चुनौती है। किसानों को पांडे बांध के नहर से उम्मीद थी पर संवेदक की लापरवाही और मनमानी के चलते किसानों को इन नहरों का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**कहते हैं अधिकारी :** वर्ष 2023 में पांडे बांध का जीर्णोद्धार कार्य का टेंडर निजी संवेदक मोहफील खान को दिया गया है। इस संबंध में कार्य की देख देख कर रहे है कनीय अभियंता केदार महतो से बात करने पर कनीय अभियंता को योजना के संबंध में कुछ जानकारी नहीं थी।

कनीय अभियंता को ना तो योजना की प्रांकलान राशि की जानकारी है ना ही मजदूरी दर की जानकारी थी। पत्रकारों द्वारा योजना की जानकारी पूछे जाने पर कनीय अभियंता टालमटोल कर जबाब दिया। इधर मुखिया परमेश्वर महली ने कहा की सरकारी योजनाओं में अनियमिता किसी हालत में बर्दाश नही किया जाएगा।

उन्होंने कहा की संवेदक द्वारा नहर छलका को सुचारू रूप से शुरू करने की बात कही उन्होंने कहा की यदि सबेदक कार्य में सुधार नही किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा की विकास योजनाओं में संवेदक की मनमानी नहीं चलने देंगे। एक ओर किसान बारिश नही होने से परेशान है किसान देश के अर्थव्यस्था की रीड है और संवेदक के मनमानी से किसानों को परेशान नहीं होने देंगे। संवेदक यथाशीघ्र जीर्णोद्धार कार्य में सुधार करे नही तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

# गुमला जिला में शिक्षा का ज्योत जला रहा है सांता पब्लिक स्कूल: एसडीपीओ

## सांता पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जश्ने आजादी महोत्सव का आयोजन






कार्यक्रम में नृत्य करते बच्चे, विभिन्न स्पर्द्धा में अच्छा करने वाले खिलाड़ियों के साथ अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ देश भक्ति गीतों पर बच्चों ने प्रस्तुत किया मनमोहक नृत्य

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जश्ने आजादी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने ए वतन ए वतन, हम तो इंडिया वाले हैं, देश रंगीला, हम भारत की बेटी है, हर घर तिरंगा, वंदे मातरम गीत पर नृत्य की प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एसडीपीओ श्री मनीष चंद्रलाल ने कहा सांता पब्लिक स्कूल गुमला में शिक्षा की ज्योति फैला रहा है। शिक्षा से ही अपराध कम होगा और नशा खत्म होगा। गुमला को लोग बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा है। वे डॉक्टर, इंजीनियर, कमिश्नर, बनेंगे। हम जश्न ए आजादी मना रहे हैं, आजादी को पाने के लिए कितनों ने कुबार्नी दी। भारत हमारा देश है।

आपस में शांति, प्रेम भाईचारगी के साथ आप रहे। लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सराहनीय है, यहां के बच्चे काफी अनुशासित है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा आजादी का जश्न खुशी का माहौल है। हम मिल जुल कर रहे। सांता पब्लिक स्कूल स्कूली बच्चे काफी होनहार है। जिस तरह देश भक्ति बच्चों में दिखाई दे रही है। समाज के लिए काफी अच्छा है। बच्चे देश के भविष्य हैं। मन लगाकर पढ़ाई करें।

लायंस क्लब गुमला के सचिव अशोक जायसवाल ने कहा कि संता पब्लिक स्कूल गुमला में एडमिशन फ्री होना तारीफ के काबिल है। इस अवसर पर बृज किशोर फोगला, राजेश सिंह, आदित्य गुप्ता, जुन्नू रैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। स्कूल के द्वारा सभी अतिथियों को शाल देकर सम्मानित किया गया। मंच का सफल संचालन स्कूल के शिक्षिका हिमा कुमारी, जासिंता बेक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने की। इस अवसर पर टीचर्स अंकिता कुमारी, अनुरंजना कुमारी, निशा कुजूर, वीणा देवी, रजनी सिन्हा, सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

### श्रीलंका के व्यापारिक गतिविधियों से अवगत हुए झारखंड के व्यापारी

**लोहरदगा।** झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के 24 सदस्यीय डेलिगेशन टीम फेडरेशन अध्यक्ष किशोर मंत्री के अगुवाई में श्रीलंका पहुंच कर वहा के व्यापारिक गतिविधि से अवगत हुए। श्रीलंका सरकार के प्रतिनिधि मण्डल और श्रीलंका के व्यापारी संघ से बैठक कर वहा के व्यापारी गतिविधियों पर जानकारी लिया। विगत 3 अगस्त को गए झारखंड के 24 सदस्य प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा के व्यापारी राजेश महतो भी शामिल होकर श्रीलंका में व्यापार की संभावना और निवेश करने को लेकर वहा बैठक में शामिल हुए। श्रीलांक सरकार के द्वारा भारत के व्यापारियों को श्रीलंका में निवेश करने के उद्देश्य से श्रीलंका आने का निमंत्रण दिया था जिसपर व्यापारी संघ की एक दल श्रीलंका पहुंच व्यापार के सभी बिंदुओं पर चर्चा कर वापस भारत लौटी। श्रीलंका सरकार की ओर से व्यापारियों को आश्वाशन दिया गया अगर वे श्रीलंका में व्यापार करते हैं तो उन्हें सुरक्षा के साथ बैंको द्वारा कर्ज भी दिया जायेगा जिसपर व्यापारियों ने भी सहमति जताई है और आने वाले समय में वे श्रीलंका में व्यापार करने पर विचार कर रहे हैं।

## एक नजर में

### तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन दरगाह टोली समिति के द्वारा कराया गया। जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच उदरंगी पतराटोली भंडरा प्रखंड एवं हुजूर ब्रदर्स बंजार किसको लोहरदगा प्रखंड के बीच हुई । जिसमें विजेता उदारंगी पतराटोली किंटीम बनी। एवं उपविजेता कुदुर ब्रदर्स बंजार किस्को रहा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सह स्थाई समिति लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष लोहरदगा जिला के संदीप कुमार एवं विशिष्ट अतिथि किस्को थाना प्रभारी पॉलीकोर्प टोप्पो थे। इस मौके पर जातरू उरांव मुखिया, पंचायत समिति बसंती उरांव,आयोजन समिति के संजय उरांव मेतीस महतो, किशोर उरांव, उमेश उरांव, बसंत भगत और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विधेयक-2023 के विरोध में भाजयुमो ने सौंपा राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन

**लोहरदगा।** हेमंत सरकार के द्वारा लाया गया प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 (काला कानून) के खिलाफ छात्रों युवाओं की समस्या को लेकर जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकताओं ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर विश्वजीत शाहदेव ने कहा कि झारखंड सरकार इस कानून के जरिए छात्र - युवाओं के आवाज को दबाना चाहती है। हेमंत सरकार चोर दरवाजे से राज्य की नौकरी को बेचना चाहती है। इस कानून के तहत अगर परीक्षा में धांधली या प्रश्न पत्रक का लीक भी होता है तो परीक्षार्थी इसका विरोध नहीं कर पायेंगे। छात्रों द्वारा विरोध करने पर 10 लाख तक का जुमार्ना और आजीवन कारावास भी हो सकता है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राज मोहन राम,भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनिष शिखर, सजल कुमार,बाल्मीकि कुमार, कमलेश कुशुवहा, श्याम वर्मा, सत्यजीत सिंह,जीवन उरांव, विजय महतो,शुभम पंकज, शिवा ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना ई केवाईसी शिविर का हुआ आयोजन

**कैरो।** प्रखंड के गजनी पंचायत भवन में शुक्रवार को कृषि निदेशालय झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ई केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आधार सीडिंग, बैंक खाता खुलवाने के सतग साथ साथ वैसे लाभुक जिनका ई केवाईसी नही हो पाने के कारण पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने से वंचित रह गया हैं वैसे लाभुकों का ई केवाईसी के साथ और अगर अन्य किसी तहर की की त्रुटि को सुधार करने पर भी जानकारी दिया गया । कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी जागरूक कड़ते हुए किसानों को जानकारी दिया गया। शिविर में मुखिया सुमन उरांव, प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय अलोकित रूंडा, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, कृषक मित्र हिमायुल अंसारी, कुंवर साहू, राजकुमार साहू, राम उरांव, जोधन उरांव, रोहन उरांव, रहमान अंसारी सहित लाभुक मौजूद थे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सढ़ाबे पंचायत भवन में किया गया कार्यक्रम

**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विशेष ग्राम सभा एवं मिट्टी संग्रहण आयोजित किया गया। जिसके तहत पंचायत के सभी पांच गांव से मिट्टी संग्रह कर विशेष ग्राम सभा के माध्यम से हाथों में द्वीप प्रज्वलित कर सपथ दिलाई गई कि देश की संप्रभुता व अखंडता में हम साथ निभाएंगे और अपने राष्ट्र की उन्नति में पूरा सहयोग करते हुए विकास के हर पहलू पर सबकी सहभागिता रहेगी। पंचायत में जमा मिट्टी को प्रखंड कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी जाएगी जहाँ पूरे देश के सभी पंचायत से आये मिट्टी को संग्रह किया जाएगा। कार्यक्रम में मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबन्धन भगत, सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव, पंचायत सचिव सुहैल अहमद, रोजगार सेवक परवेज अख्तर, वार्ड सदस्य कार्तिक महली, सोमनाथ महली, सहित बैकुंठ शुक्ला, फलिन्दर रविदास, मीरा उरांव, अनिता देवी, सहित आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, जलसहिया, वार्ड सदस्य व गण्यमान लोग मौजूद थे।

### मेरी माटी मेरा देश के तहत ग्राम सभा व शपथ कार्यक्रम आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायत सचिवालयों में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम सभा व पंच प्रण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, प्रतिनिधियों व आमजनों ने हाथों में दीप लेकर शपथ लिया। विकसित भारत में अपनी भूमिका निभाने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्रयास, देश की एकता व एकजुटता रखने का प्रयास, देश के प्रति अपने कर्तव्यों व दायित्वों का पालन करने सहित अन्य बिंदुओं पर शपथ लिया गया। गजनी पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजित कुमार सिन्हा ने कहा कि देश के प्रति सभी लोग अपने कर्तव्य व दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से ही देश की उन्नति हो सकती है। इसके अलावे पंचायत सचिवालय में मुखिया परमेश्वर महली के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए कलश में सभी गांवों की मिट्टी का संग्रह किया गया, जिसे दिल्ली भेजा जाएगा। देश की स्वतंत्रता, एकता, अखंडता के लिए योगदान देने वाले नायकों के नाम स्मारक स्थल में गांव-गांव से मिट्टी भेजा जाएगा। मौके पर सभी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मी, प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व आमजन मौजूद थे।

# चोरी के दो बाईक के साथ डुमरी पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



बरामद बाईक व गिरफ्तार अभियुक्त के साथ इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ एक है नाबालिक, पेट्रोल खत्म होने पर बाईक लेकर पैदल जा रहे थे अभियुक्त, ग्रामीणों ने पकड़ा

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने चोरी के दो मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। गया। जिसमें जशपुर जिला के गोरियाकोना अंबेराटोली निवासी 19 वर्षीय विमल भगत और एक नाबालिक युवक है। इस संबंध में डुमरी थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए इंस्पेक्टर बैजु उरांव ने बताया कि डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली ग्राम निवासी शत्रुधन मार ने पुलिस को सूचना दिया कि भीखमपुर जशपुर मार्ग में पक्की सड़क के पास स्थित मकान के पास से उसकी मोटर साइकिल की चोरी हो गई है। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए पुलिस बल खेतली स्थित घटनास्थल पहुंची। जहां शत्रुधन मार का फर्द बयान पर कांड दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया। जहां शत्रुधन मार का मोटर साइकिल चोरी कर जाते दो मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्तों को पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि 9 अगस्त को जशपुर पार्क के पीछे से चोरी किये गये मोटरसाइकिल को लेकर मांझाटोली होते हुए गुमला गये थे। गुमला से 10 अगस्त की रात्रि में चैनपुर से डुमरी होते हुए जशपुर जाने के क्रम में भीखमपुर रास्ते में खेतली के पास सड़क किनारे मकान के पास रखे मोटरसाइकिल की चोरी कर ली। बाईक ले जाने के क्रम में पेट्रोल खत्म हो गया तो वे पैदल जा रहे थे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

## झंडोतोलन का समय हुआ निर्धारित



बैठक में शामिल बीडीओ व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** स्वतंत्रता दिवस की तौयारी को लेकर शुक्रवार को रायडीह प्रखण्ड कार्यालय सभाकक्ष में बीडीओ अमित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय समेत थाना व अन्य सरकारी प्रतिष्ठानो मे झंडोतोलन का समय सारणी निर्धारित किया गया। मौके पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने कहा सभी प्रतिष्ठान में ससमय ध्वजारोहण सम्मान पुर्वक करना है। जिसमे स्वतंत्रता सेनानी शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह चौक पर 8:30 बजे सुबह माल्यार्पण, स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पुराना प्रखण्ड परिसर 8:45 बजे सुबह, महिला विकास मंडल रायडीह 9:00 बजे सुबह, प्रखण्ड संसाधन केंद्र रायडीह 9:10 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह 9:20 बजे, रायडीह व सुरसांग थाना 9:45 बजे, प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर 10:15 बजे झंडोतोलन किया जाएगा।

# निष्ठावान कांग्रेसी को मिलेगा उचित सम्मान: सुखैर भगत

## लीडर डेवलपमेंट मिशन को लेकर हुई कांग्रेस की बैठक





बैठक को संबोधित करते नेता, उपस्थित कांग्रेसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी तत्वधान में लीडर डेवलपमेंट मिशन की आवश्यक बैठक राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में एवं जिला कॉर्डिनेटर दीपक ओझा एवं प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद की उपस्थिति में की गई। जिला आनंद ओझा ने कहा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लीडर डेवलपमेंट मिशन का कार्य चल रहा है जिसके तहत संगठन को जिला स्तर, प्रखंड स्तर, एवं पंचायत स्तर पर संगठन को सशक्त करना है और आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के वैसे कार्यकताओं को जो कांग्रेस के लिए काफी सक्रिय एवं निष्ठावान है। उनके अंदर नेतृत्व क्षमता को विकसित करके उन्हें संगठन में उचित पद देते हुए आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश प्रतिनिधि सह बिशुनपुर प्रभारी नेसार अहमद ने कहा कि यह काम जिला स्तर प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर करना है। जिसके तहत महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सेवादल, ओबीसी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ एससी प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति कर उनकी पूरी कमेटी बनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के कार्य में पूरी कांग्रेस पार्टी और कार्यकर्ता सक्रियता के साथ सहभागिता निभाएगी सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी अपने कर्तव्य के निर्माण को लेकर सजग हैं और रिक्त पदों को भरते हुए सभी को जिम्मेदारी प्रदान की गई। मौके पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत,रीना कुमारी, सीमा परवीन, हाजी अंसारी आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजयुमो ने निकाला आक्रोश मार्च



आक्रोश मार्च में शामिल भाजयुमो कार्यकर्ता।

**गढ़वा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में हेमंत सरकार के खिलाफ जिला कार्यालय से समाहरणालय तक आक्रोश मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान हेमंत सरकार वापस जाओ, छात्र युवा विरोधी सरकार मुर्दाबाद, प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक 2023 वापस लो, मिथिलेश ठाकुर वापस जाओ जैसे अनेकों नारे कार्यकर्ताओं ने लगाया। कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल झारखंड के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया।

### 101 गरीब कन्याओं की शादी को लेकर पदाधिकारियों से मांगा सहयोग


मांग पत्र सौंपते संस्था के सचिव विकास कुमार माली।

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में शहर के टाउन हॉल के मैदान में छह दिसंबर को 101 गरीब असहाय कन्याओं की शादी को लेकर कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली शादी समारोह को सफल बनाने को लेकर गढ़वा व पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों के जिला पदाधिकारी से मिलकर प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर मांग किया। इस दौरान सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था की ओर से छह दिसंबर को गढ़वा जिला के टाउन हॉल के मैदान में 101 गरीब असहाय कन्याओं की शादी कराने का समय निर्धारित कर दिया गया है। जिसे लेकर जिला के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी से मिलकर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए मांग किया है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था के पदाधिकारी गांव के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सर्वे करने का काम करते हैं।

### कोडरमा सैनिक स्कूल मना रहा हीरक जयंती



**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया अपनी स्थापना का हीरक जयंती वर्ष मना रहा है, किन्तु यह वर्ष केवल हीरक जयंती के उदघोष और आयोजन तक सीमित नहीं है बल्कि सैनिक स्कूल का परचम बार-बार यह प्रमाणित भी कर रहा है कि स्थापना के यह साठ वर्ष, एक मजबूत आधारशिला के साथ-साथ सुस्पष्ट शिक्षा-दर्शन से भरे रहे हैं। गत दिनों सैनिक स्कूल नालंदा में सैनिक स्कूल मध्य-क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा 2023 सम्पन्न हुआ और परिणाम गत वर्ष की तरह इस बार भी चौंकाने वाले ही रहे। सैनिक स्कूल तिलैया के सैन्य-छात्रों ने विद्यालय- ध्वजा को पुनः विजय की उपलब्धियों से ऊंचा कर दिया। किंबहुना, फुटबाल तथा हकी में सैनिक स्कूल तिलैया की टीम ने न केवल मध्य-क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल की अपितु इन्टर जोनल प्रतिस्पर्धा को भी जीतकर क्रमशः राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता सुब्रतो और नेहरू कप के लिए नाम दर्ज किया है। वहीं सैन्य छात्रों ने फुटबॉल, हॉकी, वाद-विवाद, वॉलीबॉल, एथलीट में रजत, कांस्य व स्वर्ण पदक जीते। वहीं प्राचार्य ने संबोधित करते हुए छात्रों को मनोबल और आदर्शों के साथ अडिग रहने और स्वस्थ्य खेल भावना विकसित करने को प्रोत्साहित किया।

### जीएन कॉन्वेंट में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन


गमलों के साथ बच्चे व निदेशक।

गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी व उपप्राचार्य बसंत ठाकुर संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को निदेशक ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान निदेशक एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। बच्चों द्वारा लाए गए रंग-बिरंगे गमलो में लगे पौधों को विद्यालय परिसर में स्थापित किया गया। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। बदलते परिवेश में पर्यावरण असंतुलन का दुष्प्रभाव पूरे विश्व में जो दिखाई दे रहा है, उसकी रक्षा करना समस्त मानव के लिए आवश्यक है। लापरवाही बरतने का अर्थ है स्वयं का विनाश। धरती की बढ़ती हुई तापमान पूरे जीवों को हासिए पर खड़ा कर दिया है। विश्व इस विकट संकट को झेल रहा है। प्रति एवं प्राकृतिक क्षेत्रों से छेड़-छाड़ करने के परिणामस्वरूप पर्यावरण के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह के लिए परेड और राष्ट्रगान का अभ्यास शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



परेड का अभ्यास करते जवान, राष्ट्रगान का अभ्यास करतीं छात्राएं।

**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में होने वाले परेड और राष्ट्रगान का अभ्यास शुरू हो गया है। टाउन हॉल के मैदान में सुबह आठ बजे से पूर्वाभ्यास शुरू किया गया है, जो 13 अगस्त तक जारी रहेगा। अंतिम दिन डीसी और एसपी संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण करेंगे। परेड का नेतृत्व सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास कर रहे हैं। परेड में भाग लेने वाले टुकड़ियों में सीआरपीएफ बटालियन, पुलिस बल गढ़वा, गृहरक्षा वाहिनी, एसआईएस बेलचम्पा, एनसीसी नामधारी कॉलेज, आरके पब्लिक स्कूल, जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मेराल शामिल है। वहीं मुख्य समारोह में होने वाले राष्ट्रगान का अभ्यास जीएन कॉन्वेंट के चयनित छात्राएं कर रही हैं। इसका अभ्यास संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के नेतृत्व में कराया जा रहा है। अर्गन पर नीलेश सोनी संगत कर रहे हैं। राष्ट्रगान के अभ्यास में छात्रा प्रियंका कुमारी, परिधि कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, प्रदिप्ता आर्या, सरिता कुमारी, शिल्पी कुमारी, रिया जोशी, मुस्कान कुमारी, माही कुमारी,आकांक्षा कुमारी, कोमल कुमारी, आयुषी कुमारी शामिल हैं। परेड में शामिल सभी टुकड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था विभिन्न बैंकों के द्वारा कराया जा रहा है।

### भाजपा कदाचार और भ्रष्टाचार की पक्षधर

## मेहनती अभ्यर्थियों के पक्ष में है प्रतियोगी परीक्षा विधेयक : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता



धीरज दुबे।

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता धीरज दुबे ने भाजपा द्वारा प्रतियोगी परीक्षा विधेयक का किये जा रहे विरोध को बेतुका और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने बताया कि भाजपा अपने व्यवहार के अनुरूप पुनः लोगों को बरगला रही है। जबकि यह वियक गुजरात, उतर प्रदेश और उत्तराखंड में पहले से लागू है। ऐसे में झारखंड में भाजपा के विरोा से साफ जाहिर होता है कि कदाचार और भ्रष्टाचार की पक्षार है। श्री दुबे ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए यह वियक अति आवश्यक है। क्योंकि यह विधेयक अब परीक्षाओं में होने वाली नकल और अनुचित साधनों के उपयोग और अनियमितताओं पर नकेल कसने का एक कारगर उपाय साबित होगा। 17 वर्ष तक झारखंड में शासन करने वाली भाजपा के कार्यकाल के दौरान कई परीक्षाओं में पेपर लीक होने, परीक्षा में सेटिंग तथा परीक्षा केंद्रों पर अनियमितता का मामला सामने आया। संबंधित कई मामले न्यायालय तक पहुंचे। परंतु पूरे मामले में नुकसान सिर्फ यहां के मेहनती छात्रों एवं अभ्यर्थियों का ही हुआ। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में तत्कालीन राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी ने प्रथम तथा द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा सहित दर्जन भर परीक्षाओं की जंच का जिम्मा निगरानी को सौंपा। निगरानी ब्यूरो की ओर से प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा में की गई धांधली की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी गयी। लेकिन तत्कालीन अर्जुन मुंडा सरकार ने निगरानी रिपोर्ट पर कार्यवाही करने के बजाय उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस तरह के कई मामले हैं। श्री दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से झारखंड विधानसभा में पारित प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के प्रावधानों के अनुसार अगर परीक्षार्थी पहली बार नकल करता है तो एक साल की सजा और 5 लाख का जुर्माना, दूसरी बार नकल करता है तो उसे तीन साल की सजा होगी। इसमें जुर्माने की राशि दस लाख रुपये है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर तीस माह की अतिरिक्त सजा। परीक्षा संचालन के लिए अनुबंधित व्यक्ति, प्रिंटिंग प्रेस उसके कर्मी, परीक्षा प्राधिकरण का कोई कर्मी कोचिंग संस्था या अन्य कोई संस्था साजिश के तहत गोपनीयता भंग करता है तो उसे दस साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा व दो करोड़ रुपये से लेकर दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा।

### मतौनी गांव में कुएं से विवाहिता का शव बरामद

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के तेतरौन पंचायत अंतर्गत ग्राम मतौनी में शुक्रवार को 19 वर्षीय विवाहिता का शव कुएं बरामद किया गया है। मृतका की पहचान अंशु कुमारी पति धीरेंद्र राणा ग्राम मतौनी निवासी के रूप में हुई है। लड़की के मायके वालों का आरोप है कि लड़की के ससुराल वालों ने लड़की की हत्या कर कुएं में फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही लड़की के मायके वालों ने उसके ससुराल पहुंचकर जमकर हंगामा किया और ससुराल वालों को गिरफ्तार करने की मांग की। गौरतलब है कि अंशु कुमारी की शादी लगभग तीन महीने पहले 4 मई 2023 को ग्राम मतौनी के धीरेंद्र राणा के साथ हुई थी। लोगों ने कहा कि अंशु की हत्या कर उसके ससुराल वाले घर से फरार हो गए हैं। वहीं परिजनों ने बताया कि लड़की के ससुराल वाले हमेशा लड़की के साथ मारपीट एवं झगड़ा करते रहते थे। मायके वालों ने कहा कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तब तक शव को पोस्टमार्टम करने नहीं दिया जाएगा। वहीं घटना की सूचना पाकर एसपी प्रवीन पुष्कर घटनास्थल पर पहुंच कर महिला के मायके वाले को समझा बूझकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौके पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, पुअनि पंचम तिग्गा, सुनील कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी इस्लाम अंसारी आदि मौजूद थे।

### दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का शुभारंभ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अभ्रक नगरी स्थित शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल सभागार में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध विद्या मंदिर के प्रधानाचार्यो का दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस सम्मेलन में झारखंड प्रांत के आठ विभाग से लगभग 106 प्रधानाचार्य शामिल हुए, जो अपने अपने विद्यालयों के वर्ष भर की कार्य-योजना बनाएंगे। बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव, झारखंड प्रांत के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, एवं हजारीबाग विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, विवेक नयन पांडे, नीरज लाल, तुलसी प्रसाद ठाकुर, सुरेश मंडल, अखिलेश कुमार, रमेश कुमार, ब्रैन टुडू, रामरतन महर्षि, सुभाष प्रसाद बर्णवाल, प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू, नारायण सिंह, अनुराग सिंह, सुनील बढ़गवे, संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

### मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पौधरोपण व मिट्टी संग्रह

**जयनगर (कोडरमा)।** ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के आदेश पर प्रखंड के पश्चिमी पंचायत गोपालडीह स्थित आजाद सरोवर एवं गड़गी पंचायत के आजाद सरोवर में मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख अंजू देवी एवं बीडीओ अरुणा कुमारी के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के बाद स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में झंडातोलन कर राष्ट्रगान गाया गया। जिसके बाद पेड़ों की रक्षा करने के लिए सभी लोगों ने शपथ लिया। कार्यक्रम में फरीदा खातून, केदारनाथ यादव, रविशंकर, किरण देवी, राजकुमार यादव, सरफुद्दीन अंसारी, हकीम खां, लखपति यादव, महानंद ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर, साध्वी, सरिता आदि मौजूद थे।

### शहर में निकली तिरंगा यात्रा, आजादी के बलिदानियों को किया गया नमन

## भारत को विश्वगुरु बनाना है : शालिनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर झुमरीतिलैया में शुक्रवार को देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। शहर की स्वयं सेवी संस्था के एसएच यूथ फाउंडेशन के तत्वाधान में इस तिरंगा यात्रा में सामाजिक, धार्मिक के अलावा बुद्धिजिवियों, राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे महाराणा प्रताप चौक से झण्डा चौक होते हुए नेता जी सुभाष चौक तक हाथों में तिरंगा लिए हुए हम सब एक हैं, जब तक सूरज चांद रहेगा, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान रहेगा, तेरी मिट्टी में मिल जावां, हम सबका एक ही नारा, बना रहे भाई चारा, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई भाई, मेरी आन तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है, मेरी जान तिरंगा है। मां तुझे सलाम.. जैसे नारों एवं गीत से शहर देशभक्तिमय के रंग में रंगा नजर आया। रैली के सबसे आगे डोमचांच इंदरवा झारखण्ड पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं, 76 फिट लम्बा तिरंगा लेकर चल रहे थें। वहीं चंद्रयान की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। वहीं तीरंदाजी की खिलाड़ी झारखण्ड की गोल्डन गर्ल दीपिका कुमारी की भेष-भूषा में तीरंदाज श्रेया कुमारी ने तीरंदाजी की धनुष लेकर चल रही थी। रैली में शामिल बच्चे माथे पर तिरंगे रंग की टोपी एवं पोशाक पहन कर चल रहें थें। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर यह रैली जिस मार्ग से गुजरी वहां लोग तिरंगे के सम्मान में खड़े नजर आए। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता शामिल हुईं। वहीं उन्होंने कहा की देश भक्ति का जज्बा आज पूरे देश में देखने को मिल रहा है। आजादी की लड़ाई में जो शहीद हुएं उसकी कुर्बानी कभी भुलाई नहीं जा सकती। वहीं केएसएच यूथ फाउंडेशन के निर्देशक विशाल सिंह ने कहा की पूरा अभ्रकांचल क्षेत्र देश भक्ति ओत प्रोत है और कोडरमा में तिरंगा यात्रा में जिस तरह आम से खास लोग एवं स्कूल के छात्र, छात्राओं से लेकर शिक्षक तक इस तिरंगा यात्रा में शामिल हो कर उत्साह वर्धन किया, इसके लिए संस्थाएं एवं स्कूल धन्यवाद के पात्र हैं।

**स्कूली बच्चे मार्च पास्ट और बैंड की धुन पर और विभिन्न वेश भूषा में हुए शामिल :** तिरंगा यात्रा में झारखण्ड पब्लिक स्कूल का 76 फिट लम्बा झण्डा के साथ स्कूली छात्र, छात्राएं कदम से कदम मिलाते हुए और बैंड-बाजा की धुन से राष्ट्रीय एकता के पर्व को सुशोभित करते नजर आएं। इसके अलावा स्वामी विवेकानन्द स्कूल असनाबाद, एस्पायर इंटरनेशनल स्कूल, चाणक्या इंटरनेशनल स्कूल, आदर्श स्कूल, एलब्री. इंटरनेशनल स्कूल लख्खीबागी, मेरिडियन एकेडमी के छात्र छात्राएं उत्साह वर्धन के साथ चल रहे थे। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए तिलैया थाना पुलिस एवं केएसएच यूथ फाउंडेशन के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। समापन के मौके पर संस्था की ओर से सभी स्कूल प्रबंधन को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

### कोडरमा स्टेशन की नयी बिल्डिंग का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण, कहा

## नयी बिल्डिंग आधुनिक सुविधाओं से होगी लैस

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मियों के साथ शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे। बताते चलें कि महाप्रबंधक श्री शर्मा धनबाद में आयोजित बैठक में शामिल होने जा रहे थे, जहां वे कुछ देर के लिए कोडरमा स्टेशन पर रुके। नए बिल्डिंग के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से बातचीत के क्रम में महाप्रबंधक श्री शर्मा ने कहा कि डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लाइन को लेकर पश्चिमी केबिन के विपरीत दिशा में स्टेशन के नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसकी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी, जो आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और यात्रियों के लिए इस बिल्डिंग में सभी तरह की सुविधाएं मौजूद रहेगी। निरीक्षण के क्रम में धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा के साथ वरीय वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश पांडेय, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक, सीनियर डीई दिनेश कुमार साह, सीनियर डीएन (टू) लखन लाल मीणा, कमांडेंट हेमंत कुमार, सीनियर टीआरडी भजनलाल, सहायक अभियंता गझंडी उमाकांत प्रजापति, आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल, जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान, सीआईटी एसएस दास सहित काफी संख्या में रेल अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** मगध-संघमित्रा क्षेत्र के अंतर्गत मगध परियोजना के मासिलौंग गांव में सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में मौजूद सभी ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमे अनेमिया, सुगर, ब्लड प्रेशर, वाइरल बुखार आदि की जाँच कि गई और मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।

मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री नृपेन्द्र नाथ ने ग्रामीणों से आग्रह किया की ऐसे स्वास्थ्य शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग ले ताकि ग्रामीणों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा सके। मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस.सत्यनारायाण ने भी बताया की मगध परियोजना में इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नियमित रूप से आगे भी होते रहेंगे।

### अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शा पर पुरे जिले मे अवैध शराब के धंधे में संलिप्त तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह में पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि राँची से चतरा के रास्ते होकर एक इटीगा गाड़ी में काफी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर बिहार ले जा रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में थाना प्रभारी वशिष्ठनगर जोरी द्वारा अपने थाना के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की मदद से घंघरी मोड पर चेकिंग लगा कर चतरा के तरफ से आ रही इटीगा गाडी सं0- बीआर-06,एजी 4580 को विधिवत जांच करने पर उसमें दो व्यक्ति पहला जितेन्द्र पटेल उम्र-26 वर्ष, पिता-अरूण राय ग्राम-साई, थाना कांटी जिला-मुजफ्फरपुर (बिहार) और दुसरा राजेश कुमार पाण्डेय पिता स्व० राजकुमार पाण्डेय ग्राम साई थाना कांटी, जिला-मुजफ्फरपुर (बिहार) पाये गये तथा गाड़ी की डिक्की एवं सीट के नीचे तलाशी लेने पर कुल 360 बोतल रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। इस संबंध में बशिष्ठनगर थाना काण्ड सं0-58 / 2023 दिनांक-11.08.2023 धारा-414/272/273 / 34 भा0द0वि० एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम विरूद्ध तीन नामजद अभियुक्तों की दर्ज न्यायिक हिरासत में भेजो। बरामद अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित मूल्य लगभग 1,50,000/- रुपए बताया गया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन के बैनर तले शुक्रवार को साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों से मौखिक सवाल पूछे गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के झारखंड प्रदेश संयोजक सह विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वर्ग दस की पायल गोस्वामी ने प्रथम, वर्ग आठ के आदर्श कुमार सिंह ने द्वितीय तथा वर्ग दस की शीतल राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विद्यार्थियों को पुस्तक देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जागृत करने के उद्देश्य से किया जाता है।

### समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है मेरी माटी मेरा देश अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रखंड क्षेत्र में समारोह पूर्वक मेरी माटी मेरा देश अभियान मनाया जा रहा है। अभियान में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बीडीओ नीतू सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में वसुधावंदन, वीरों को नमन,अमृत वाटिका निर्माण,पांच प्राण शपथ एवं अमृत सरोवर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम इत्यादि आयोजित किया जा रहे हैं। वसुधा वंदन कार्यक्रम में देश की मिट्टी को नमन किया जा रहा है। नागरिक हाथों से मिट्टी लाकर पंचायत स्तर पर संग्रह कर रहे है। तत्पश्चात उसे प्रखंड कार्यालय लाया जाएगा जन्हा से उसे अमृत क्लास में भरकर जिला भेजा जाएगा। जिसके बाद यह कलश दिल्ली भेजा जाएगा जहां वीरों का नमन कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सेवानिवृत्ति सैनिको एवं शहीद सैनिकों के परिजनों को भी शामिल किया जाएगा और सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को सभी अमृतसर सरो वारो में ध्वजारोहण किया जाएगा बुद्धिजीवियों समाजसेवियों और आम नागरिकों को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

**स्पीड न्यूज**

### सीसीएल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर


जांच शिविर में जांच कराते मरीज।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना अंतर्गत संचालित मगध-आम्रपाली क्षेत्र के महाप्रबंधक निपेन्द्र नाथ के निर्देश पर गुरुवार को क्षेत्र के प्रभावित विस्थापित गांव मासिलोंग में सीसीएल सीएसआर के तहत निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच एवं दावा वितरण शिविर लगाया गया। इस शिविर में 75 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया इस शिविर में अधिकांश लोगों ने बीपी, शुगर, वायरल फीवर, जैसे कई बीमारियों की जांच कराई। जिसमे डॉक्टर नीरज कुमार द्वारा जांच कर दावा दी गई। इस मौके पर जीएम निपेन्द्र नाथ एवं परियोजना पदाधिकारी एस सदाफल ने गांव वालों से ऐसे शिविरों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। मौके पर सीएसआर के नोडल आफिसर दिग्विजय कुमार के अलावा कई अधिकारी मौजूद रहे।

### 13 अगस्त को लोकहित अधिकार पार्टी के विस्तार को लेकर बैठक

**लातेहार।** 13 अगस्त रविवार को लातेहार शहीद चौक स्थित राज होटल में लोकहित अधिकारी पार्टी की जिला कमिटी की विस्तार करने हेतू 11 बजे एक बैठक आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आदित्य प्रसाद जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिले के सभी बुद्धिजीव, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी व अन्य लोगों से आग्रह किया है कि पार्टी के नीति सिद्धांत को देखते हुए सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया है। श्री प्रसाद ने लोगों को बैठक में शामिल होकर अपने विचार देने की बात कही है।

### चंदवा पश्चिमी पंसस ने खराब जलमीनार को किया दुरुस्त


राहत सामग्री देते समाजसेवी व अन्य ।

**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी व युवा समाजसेवी इंद्रजीत शाह बंटी ने शुक्रवार को पंचायत के गेरुआगढ़ा टोले के दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बीते दिनों लंबे बीमारी से जंग लड़ने के बाद जान गवाने वाली झालो देवी के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया व राहत सामग्री भेंट की। इस दौरान बीते दिनों टोले वासियों के द्वारा लंबे समय से जल मीनार के खराब होने की सूचना दिए जाने के बाद पंसस नीलम देवी ने अपने स्तर से प्रयास कर जल मीनार को भी दुरुस्त कराया। जल मीनार के ठीक होने के बाद लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए पंसस नीलम देवी को साधुवाद दिया। नीलम देवी ने कहा कि जनता के हर सुख-दुःख में सहभागी बनकर सेवा करना ही जनप्रतिनिधियों का कर्त्तव्य होता है। इसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए तभी पंचायत का भला होगा। दौरे के क्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### खदान से महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के आरागुंडी पंचायत अंतर्गत ड़ाटम ग्राम स्थित विशुनबांध खदान से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। जिसकी उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है। मृतिका का शव का पहचान अभी तक नहीं हो पाया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मृतका की हत्या कहीं और की गई थी और उसे विशुनबांध खदान के डालकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण जब शौच के लिए तालाब के पास गए तो देखा कि एक शव तालाब में तैर रहा है, इसके बाद इसकी सूचना थाना प्रभारी को दिया गया। सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की देखरेख में स्थानीय लोगों के मदद से शव को बाहर निकाला गया है। महिला की पहचान हेतु पुलिस के द्वारा आसपास के ग्रामीणों से पहचान करवाया गया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने कहा कि महिला का शव बरामद हुआ है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### बाइक सवार चार लोग गिरकर घायल

**सरयू।** सरयू से सप्ताहिक हाट बाजार करके एक बाइक में चार लोग सवार होकर अपने घर गणेशपुर जा रहा था इसी दौरान डाबरी जंगल के समीप चारों युवक बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं राहगीरों की मदद से चारों युवक को सरयू स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। चारो युवक के पहचान गनेशपुर निवासी दीपक उरांव, जलेन्दर उरांव, आरदिप उरांव, विरेन्द्र कोरवा के रूप में हुआ है।

### बाइक से गिरकर युवक जख्मी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला ग्राम के समीप शुक्रवार की देर शाम मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिलीप उरांव 20 वर्ष पिता सुरेश उरांव ग्राम चितरपुर थाना बालूमाथ निवासी बारियातू बाजार से वापस अपने घर के क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लोहा पाइप चोरी कर रहे मजदूर की मौत, एक घायल

## मृतक की पत्नी लीला उरांव ने कहा, भोले-भाले ग्रामीणों को स्क्रैप माफिया बहला फुसलाकर करवाते हैं लोहा चोरी

चकला से लेकर दामोदर तक करोड़ो रुपयों से बिछाये गये लोहे के पाइप को स्क्रैप माफिया पिछले आठ माह से कर रहे हैं चोरी


मृतक महादेव उरांव।


जानकारी देती मृतक की पत्नी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ और चंदवा थाना क्षेत्र के सीमा पर स्तिथ धाधु पंचायत के मेहरादोहर जंगल में अभिजीत ग्रुप का पाइप लाइन में बिछाए गए लोहा का पाइप को काटने के दौरान मिट्टी धंसने व पाइप की चपेट में आने से महादेव उरांव 27 वर्ष पिता कमना उरांव ग्राम धाधु थाना बालूमाथ निवासी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि गैस कटर से काट रहा स्क्रैप माफिया मो. सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बालूमाथ और चंदवा के आधा दर्जन कबाड़ी दुकान इस कारोबार में है संलिप्त :** ज्ञात हो कि अभिजीत ग्रुप चकला से लेकर दामोदर तक बिछाए गए पाइपलाइन के 33 हजार लाईन में लगे 13 मीटर का पोल को स्क्रैप माफिया करोड़ों रुपए की संपत्ति पिछले 8 माह से लगातार पूरी रात लोहा की चोरी करते आ रहे हैं। इस कारोबार में बालूमाथ और चंदवा के आधा दर्जन कबाड़ी दुकान संलिप्त है। वहीं बालूमाथ थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया मामले की सूचना के बाद शव को पोस्टमार्टम को लिए भेज दिया गया है। कहा, मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अवैध कारोबारी स्क्रेप माफिया को बख्शा नही जाएगा।

**मृतक की पत्नी ने कहा कि भोले-भाले ग्रामीण को स्क्रैप माफिया द्वारा बहला फुसलाकर लोहा चोरी करवाते है :** अभिजीत ग्रुप में स्क्रैप माफिया द्वारा लोहा चोरी करने के दौरान मजदूर महादेव उरांव की मौत से धाधु ग्राम के मुंडा टोला में माहौल गमगीन है। महादेव की पत्नी लीला उरांव ने बताया कि गांव के मो०नेहाल ने हमारे पति को 500 रुपये प्रत्येक रात पर मजदूरी करने को ले गया था। मेरे पति की मौत के बाद भविष्य अंधकार मय हो गया है उन्होंने बताया कि मेरी एक बच्ची आनंदी 2 वर्ष की है। और मेरे ससुर कामना उरांव दोनों आंख से अंधा हैं और वह भीख मांग कर अपना गुजारा करते हैं। और मेरे पति की मौत के बाद हमारे परिवार को कौन चलाएगा यह सबसे बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि भोले-भाले ग्रामीण को स्क्रैप माफिया द्वारा बरगला कर लोहा चोरी करवाने ले जाता है। और मेरे पति को माफिया घायल अवस्था में तड़पते हुए छोड़कर फरार हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

**घटनास्थल से कुछ दूर पर मिला प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप :** जिस स्थान पर घटना हुई उससे कुछ दूर पर सैकडो कोरेक्स सिरप फेंका हुआ मिला। स्थानीय लोग बताते है कि इस इलाके में नशेड़ी युवक प्रतिबंधित दवा के चुंगल में है। यही लोग अवैध स्क्रैप का काम करते है। जो बालूमाथ के विभिन्न दवा दुकानों में आसानी से मिल जाता है।

### स्क्रैप माफिया पांच सौ रुपये मजदूरी देकर रात भर कटवाते हैं लोहा

घटना के संबंध में मौके पर मौजूद सुरेश मुंडा ने बताया कि मो. नेहाल, मो. मुस्ताक, दोनों ग्राम धाधू एवं अफसर खान ग्राम चकला तीनों हम सात मजदूरों को 500 रुपये प्रत्येक रात देने को लेकर अभिजीत ग्रुप का पाइप लाइन काटने के लिए ले गया था। रात्रि 2:00 बजे गैस कटर से पाईपलाइन को काटा जा रहा था और हम लोग सभी सात मजदूर पाइप को काटने में सहयोग कर रहे थे। इसी बीच पाइप कटने के बाद बगल के मिट्टी और पाइप दोनों एकाएक महादेव व सोनू के ऊपर जा गिरा। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोहा काट रहे लोगों ने इसकी सूचना अन्य स्क्रैप माफिया को दिया। रात्रि में ही कई स्क्रैप माफिया घटनास्थल पर पहुंचकर मोहम्मद सोनू को लेकर रांची ईलाज कराने के लिए निकल गए। मृतक बड़ा भाई बबलू उरांव को सूचना मिलने के बाद रात्रि में घटना स्थल पर पहुंचकर अपने भाई के शव को टेंपो में लाकर अपने घर ले आया। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस शुक्रवार की सुबह 9 बजे मृतक के घर पहुंचकर महादेव के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया।

# रेडक्रॉस सोसाइटी के चुनाव के दौरान गहमागहमी, कई बार हुई बहसबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के 15 सदस्यीय जिला प्रबंध समिति के लिए शुक्रवार को वोटिंग हुई। सुबह 10 बजे से वोटिंग शुरू हुई जो दोपहर 3 बजे तक चली। मतदान के लिए 1303 मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज था। शुरूआत के एक घंटे में मतदान की गति काफी धीमी थी। उसके बाद मतदान की गति बढ़ती गयी। मतदाताओं को अपनी बारी के लिए एक से आधा घंटा तक इंतजार करना पड़ा।

**कई बार दोनों खेमों में हुई बहसबाजी :** चुनाव के दौरान कई बार दोनों खेमों के बीच बहसबाजी होती रही। एक ही नाम के दो वोटर होने के कारण कई बार असमंजस की स्थिति बन गई। इसका कारण यह था कि सदस्यता सूची में कहीं भी पिता का नाम अंकित नहीं था। इस कारण चुनाव कर्मी भी असमंजस की स्थिति में थे।


वोट करते मतदाता ।

### चुनाव परिणाम घोषित

अमलेश कुमार सिंह- 268, आसिम बाग -168, उदय भानु प्रताप-261, उमाकांत प्रसाद-255, जय कुमार सिंह-204, जावेद अख्तर-248, ज्वाला प्रसाद-257, दिलीप कुमार पवन-274, धर्मेंद्र कुमार जयसवाल-159, नवीन कुमार गुप्ता-152, नवीन कुमार सिन्हा-164, प्रेम शंकर भगत-160, विशाल चंद साहू-253, मनोज कुमार गुप्ता-143, महेंद्र प्रसाद गुप्ता-279, मोहर यादव-151, योगेश्वर प्रसाद-110, रविंदर प्रसाद-237, राजदेव प्रसाद-237, राजमनी प्रसाद-152, राजेश चंद्र पांडे-131, रूपेश कुमार-121, विकास कान्त पाठक-136, विनीत मधुकर-268, विशाल भास्कर-256, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता-223, शशि भूषण पांडे-81, शैलेश कुमार-34, संतोष कुमार सिंह- 216, संतोष रंजन-121, सरजू प्रसाद सिंह-138, डॉक्टर हरिप्रसाद- 252 ।

### खेमों में बंटे थे लोग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में चुनाव कराया गया। नगर भवन के बाहर कई टेंट लगाये गये थे। इन टेंटों में अभ्यर्थी अपने-अपने संपर्क के मतदाताओं को बुला-बुला कर उन्हें पर्ची दे रहे थे। अपने खेमे के सभी 15 सदस्यों का क्रमांक की पर्ची उन्हें दी। अपने 15 सदस्यों को विजयी बनाने की अपील कर रहे थे। एक खेमा के अभ्यर्थी मतदाताओं को लुभाने के लिए चाय-नास्ता भी करा रहे थे।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम**

चुनाव कार्य में निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ शेखर कुमार सक्रिय दिखे। बतौर दंडाधिकारी अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप व प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाव उरांव भी मौके पर मौजूद थे। चुनाव में किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी।

### बसिया के पिंडारकोम में जंगली हाथियों के समूह ने मचाया उत्पात


मदद करते राजद नेता ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के बसिया पंचायत के पिंडारकोम ग्राम में गुरुवार की रात्री जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान जंगली हाथियों ने किशु गंझू व लालू यादव के घरों को ध्वस्त कर दिया, एवम खाने की सामग्री , बर्तन, फसल को भी नष्ट कर दिया। वहीं फूलमती देवी, हरिणाथ यादव, संजय यादव, बिग्नी मासोमत, महादेव यादव, वीरेंद्र यादव के मक्का के फसल को बरबाद कर दिया। घटना की सूचना पर राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव घटनास्थल पर पहुंचकर एवं अपने निजी कोष से तुरंत खाद्य सामग्री, मुहैया कराया एवं पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का अश्वासन दिया। मौके पर से ही वन विभाग अधिकारी को फोन के कर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही। इस मौकेपर राजद नेता पंकज सिन्हा, प्रकाश यादव, ग्राम प्रधान राम कुमार यादव, रामप्रवेश राम,महादेव यादव,वीरेंद्र यादव, विजेंद्र यादव, केवल यादव, संजय यादव, अर्जुन राम, विनोद यादव, सबिंदर गंझू, बबलू यादव, उपेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, सोहराई गंझ उपस्थित थे।

# डायन कुप्रथा को लेकर सासंग स्कूल में चला जागरूकता कार्यक्रम


खबर मन्त्र संवाददाता


विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगवाई में चंदवा पुलिस के द्वारा शुक्रवार को परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय सासंग में डायन कुप्रथा व मानव तस्करी पर रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने स्कूली विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा डायन कुप्रथा जैसी कोई बात नही होती है। अगर आज आप किसी को डायन का नाम देकर प्रताड़ित करते हैं तो कल आप भी बूढ़े होंगे, आप भी डायन कुप्रथा के शिकार होकर पीड़ित हो सकते हैं। आपसभी विद्यार्थी काफी समझदार व जागरूक हैं, इसलिए अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को इसके प्रति जागरूक करें व गांव में किसी को तबीयत खराब हो तो उसे ओझा गुनी के चक्कर में ना पड़े व मरीज को सीधे अस्पताल ले जाएं। वही मानव तस्करी के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है, ग्रामीण इलाकों से आज भी भोली भाली किशोरियों को रोजगार के नाम पर दूसरे प्रदेश ले जाकर बेच दिया जा रहा है। दूसरे प्रदेश ले जाने के बाद उनके साथ शोषण किया जाता है, किशोरियां घर तक नहीं लौट पाती है। प्रलोभन में आकर ऐसे लोगों के झांसे में नहीं आना है, अगर कहीं ऐसी घटना घटित होती नजर आए तो तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। इन्होंने बाहर काम करने जाने वाले प्रवासी मजदूरों से जिला निबंधन कार्यालय में अपना निबंधन जरूर कराने की बात कही। मौके पर सासंग मुखिया पुष्पा देवी, उमेश यादव, गणेश साव समेत विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### दुबी के ग्रामीणों की सजगता से टली चोरी की घटना, बाइक छोड़ भागे चोर

गांव में चोरी करने आये चोरों की बाइक को जब्त कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा


चोरों द्वारा छोड़ी गयी बाइक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** गुरुवार की देर रात्रि चंदवा थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत दुबी गांव के ग्रामीणों की सजगता से चोरी की घटना टल गई। इस दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने के फिराक में आये चोर ग्रामीणों ने जगाने की भनक लगते ही बाइक को नाले के नीचे छोड़ कर भाग निकले। जिसे ग्रामीणों ने जब्त कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार दुबी गांव निवासी रवि उरांव पिता धरमु उरांव के घर गुरुवार की देर रात्रि कुछ चोर चोरी करने के नियत से घूंस गए, इसकी भनक लगते हुए रवि उरांव व उसका परिवार जग गया व आसपास के लोगो को जुटाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रमीणों को जमा होता देख चोर भाग निकले, लेकिन उनकी बाइक कुछ ही दूरी पर नाले के नीचे से ग्रामीणों ने जब्त कर लिया। स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर दोनो बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में पुलिस दोनो बाइक को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि बीते 27 जुलाई को भी चोरों ने दुबी गांव एक ही रात में 3 घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद ग्रामीण काफी सजग और सतर्क हो गए हैं।

**खबर एक नजर में**

### झंडारोहण को लेकर समय सारणी निर्धारित


बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे झंडोतोलन को लेकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मे सभी राजनीतीक दल, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। बैठक मे कई राजनीतीक दल, विभिन्न शैक्षणिक संस्थान के प्रधानाध्यापक सहित कई गन्य मान्य लोग उपस्थित हुए। जहां बीडीओ सह सीओ 77 वां सवतंत्रता के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय सहित अन्य संस्थानों मे ससमय नियम संगत झंडातोलन करने को लेकर समय निर्धारित की गई। प्रखंड कार्यालय मे पूर्वाहन 8:30, पशुपालन विभाग 8:40, जेएमएम कार्यालय 8:45, मेमर्स प्रिंस भारत गैस 8:50, राजकीय मध्य विद्यालय बारियातू 8:55, झारखंड राज्य आवासीय विद्यालय 9:00, बीआरसी कार्यालय 9:05, स्वास्थ्य उपकेंद्र बारियातू 9:10, राजद कार्यालय 9:15, सभी पंचायत सचिवालय मे 9:20, बीजेपी कार्यालय 9:25, आजसू कार्यालय 9:30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9:35, सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 9:40, वानंचाल ग्रामीण बैंक 9:45, कांग्रेस पार्टी कार्यालय 9:50, लेम्पस कार्यालय 9:55, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:00, सभी प्रावेट विद्यालय 10:05, बारियातू थाना 10:30 समय निर्धारित की गई. मौके पर प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा साहदेव, बिस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार, मुखिया शांति देवी, सरीता देवी, एएसआई निरज दूबे, मध्य विद्यालय के एच एम अनीता देवी, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के कविता देवी, बीपीओ रवि यादव, महेंद्र विधिकर, कपिल सिंह, जितेंद्र कुमार, सहित कई विभाग के लोग मौजूद रहे।

# लापरवाह विभाग : तीन साल से गांव में अंधेरा, विभाग ने नहीं बदला ट्रांसफार्मर

- उपभोक्ताओं के तमाम प्रयास के बाद भी अधिकारियों ने नहीं सुनी फरियाद
- ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण योजना की खुल रही है पोल

दीपक राज


चुंगरू में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।

**बरवाडीह।** केंद्र व राज्य सरकार सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने के दावे करते नहीं थकती है। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारियों की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण सरकारी दावे की जमीनी हकीकत गांव की दुर्दशा बयां कर रही है। ताजा मामला लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड अंतर्गत चुंगरू पंचायत से आया है। जहां चुंगरू ग्राम में तीन साल पहले बिजली गुल हुई थी लेकिन अभी तक नहीं आई है। दरअसल ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद विभाग ने गांव की सुध नहीं ली और ट्रासफार्मर बदलने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे यहां के गरीब परिवार अंधेरे में जीवन यापन कर रहे है।

**ढिबरी युग में जीवन यापन करने को विवश है उपभोक्ता**

शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत पर मामले की पड़ताल करने ग्राउंड जीरो पर पहुंचे हमारे खबर मंत्र के पत्रकार को चुंगरू ग्राम के उपभोक्ताओं ने बताया कि तीन वर्ष पहले गांव में लगा हुआ 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हुआ हैं। इसे बदलने के लिए दर्जनों बार विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पचास से अधिक घरों में लोग ढिबरी और लालटेन जला कर जीवन यापन करने को विवश है।

**सालों से धूल फांक रहें है इलेक्ट्रानिक उपकरण**

उपभोक्ताओं ने बताया कि चुंगरू में 63 केवीए ट्रांसफार्मर की जरूरत थी। गांव में किए जा रहे विद्युतीकरण के समय ठिकेदार और विभाग दोनो से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई गई थी। बावजूद इसके यहां 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जिसका नतीजा हुआ कि ट्रांसफार्मर खराब होने के तीन वर्षो बाद भी बदला नहीं जा सका है। वहीं सालों से बिजली बंद होने के कारण घर में रखें इलेक्ट्रोनिक उपकरण धूल फांक रहे है। उपभोक्ताओं ने जिले के उपायुक्त और विद्युत विभाग के जिला कार्यपालक अभियंता से जल्द से जल्द चुंगरू ग्राम में वर्षो से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदल कर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की हैं।

### आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय में आम के पौधों को किया गया नष्ट

रामनिवास पाठक


नष्ट पौधा ।

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र से सटे बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत कुटमु में आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय में आम के पौधे को काट कर बर्बाद कर दिया गया है, ऐसे में राज्य सरकार व केंद्र सरकार एक तरफ वन एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में पौधरोपण का कार्य कर रही है, इसके साथ ही जन जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन विद्यालय परिसर में आम के पौधे को काट कर फेंक देना, लापरवाही दिख रही है, विद्यालय परिसर में चारदीवारी है, इसलिए पौधे लगाना वहां सुरक्षित माना जाता है। वहां पर उनकी देखभाल एवं समुचित पानी मिल सके इसके लिए पौधे लगाने का सबसे सुरक्षित परिसर माना जाता है, लेकिन पौधे असुरक्षित ही है।

**वन महोत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में लगाए गए थे सैकड़ो पौधे**

आदिम जनजाति आवासीय विद्यालय परिसर में करीब 5 वर्ष पूर्व वन महोत्सव के दौरान भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें वन विभाग के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य जनप्रतिनिधि, के साथ-साथ सैकड़ों ग्रामीण भी मौजूद थे। उन सभी की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में सैकड़ों पौधे लगाए गए थे, लेकिन देखरेख के अभाव में अधिकांश पौधे नष्ट हो गए हैं।

स्पीड न्यूज

## मधुपुर में अपहरण कर गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

**देवघर।** जिले के मधुपुर में एक महिला का हथियार के बल पर अपहरण कर उससे गैंगरेप की वारदात हुई है। पुलिस ने गैंगरेप के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा दिया। एक अन्य आरोपी अब भी फरार है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दो बाइक भी जब्त किया है। एसडीपीओ विनोद कुमार रवानी ने यह जानकारी दी। बताया गया कि महिला अपने घर जा रही थी, तब चार युवकों ने डॉल्फिन चौक के पास पिस्तौल दिखाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद उसके साथ गैंगरेप किया गय। महिला इसके बाद पुलिस थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी। महिला ने बताया, वह अपने रिश्तेदार के घर गयी थी। देर शाम रेलवे कॉलोनी सड़क से होते हुए वह पैदल अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान उसका अपहरण कर लिया गया और डुमरिया पुल के नीचे झाड़ी में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। एक घंटे के बाद युवकों ने उसे छोड़ दिया और वह वहां से निकलकर मधुपुर पहुंची और रेलवे स्टेशन पर रात बितायी। इसके बाद थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मधुपुर इंस्पेक्टर राम दयाल मुंडा, पथरोल थानेदार मनीष कुमार और पत्थरअड्डा ओपी के थानेदार महेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम बनायी गयी।

## नाबालिग ने कार से कइयों को मारी टक्कर, एक की हालत गंभीर

**साहिबगंज।** कार सीखने की चाह एक नाबालिग लड़के को भारी पड़ गया। नाबालिग द्वारा कार चलाने के दौरान सड़क पर तांडव देखने को मिला। कार सीखने के दौरान उसने कई लोगों को टक्कर मार दी, जिसकी वजह से कई लोग अस्पताल पहुंच गये। इनमें से एक छात्रा को सिर में काफी आयी है। उसकी हालत गंभीर है। घटना शुक्रवार सुबह 10 बजे की है। न नाबालिग कार चलाकर अपने भाई बहन को संत जेवियर्स स्कूल छोड़ने आ रहा था। उसे कार चलानी नहीं आती थी लेकिन उसने अपनी कार से सड़क पर कई लोगों को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर के पास पढ़ने आ रही चार छात्राओं को कार से धक्का मारा, जिसमें एक छात्रा प्रियंका कुमारी (18 वर्ष) का सिर फट गया। इसके साथ ही उसकी अन्य सहेलियों को हल्की छोटी आयी है। वहीं सड़क पर एक दो पुलिसकर्मियों को भी धक्का मारते हुए नाबालिग कार लेकर आगे बढ़ता गया। इस दौरान उसकी कार ने कई जानवर को भी अपनी चपेट में ले लिया ।लोगों ने लड़के की बदमाशी को देखते हुए कार का पीछा किया और संत जेवियर स्कूल के पास नाबालिग को पकड़ लिया। लड़के को गाड़ी से बाहर निकाल कर ग्रामीण ने उसे अपने कब्जे में लिया और पुलिस को सूचना दी। जिरवाबाड़ी ओपी की पुलिस मौके पर पहुंचकर नाबालिग को अपने साथ थाना ले गयी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट चुकी है।

## जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप एवं सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करने पहुंचे बीडीओ

**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड के खरपोका पंचायत एवं तूइयो में जन्म–मृत्यु निबंधन कैंप का आयोजन किया गया जिस का औचक निरीक्षण करने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी पहुंचे और उपस्थित सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दियो मौके पर बीडीओ ने बताया कि जन्म मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जा रहा है ग्रामीण क्षेत्र में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा चिन्हित कर फॉर्म भरा जाएगो 5 वर्ष तक के बच्चों का अगर जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है तो एएनएम, सहिया के द्वारा फॉर्म भरा जाएगा और जिन बच्चों का 5 वर्ष से अधिक हो चुका है उनका विद्यालय में नामांकन के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाएगो ऐसे में प्रधानाध्यापक के द्वारा विशेष अभियान चलाकर बच्चों का सूची तैयार करना है निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने खरपोका का एवं तूइयो पंचायत में चल रहे सरकारी योजनाओं का भी निरीक्षण किया।

## प्रमुख के बिना अनुमोदन के हो रहा मनरेगा योजना का कार्य

**सिमरिया।** प्रखंड में प्रमुख के बिना अनुमोदन के मनरेगा योजना का कार्य किया जा रहा है। जो मनरेगा अधिनियम के विरुद्ध है। इस बाबत प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष रोहन साव ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पत्र देकर शिकायत की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि परतापुर प्रखंड को छोड़कर सभी प्रखंडों में बिना प्रमुख के अनुमोदन के मनरेगा योजना का संचालन किया जा रहा है। जो मनरेगा अधिनियम के विरुद्ध है। इस संबध में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा आयुक्त द्वारा सभी उपायुक्तो एवं जिला कार्यक्रम समन्वयको को सपष्ट निर्देश भेजा गया है।

### लोकसभा इलेक्शन चुनाव 2024: सीएम नीतीश का बड़ा दावा

# जो अभी एनडीए के साथ हैं वो चुनाव के समय पाला बदलेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 ) ने लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। नीतीश कुमार ने दावा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई घटक 'भय के कारण' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी के साथ हैं और वे चुनाव के समय पाला बदलेंगे। वहीं पत्रकारों के एक सवाल पर कि क्या उन्हें लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए का सफाया होगा इस पर नीतीश कुमार ने कहा बिल्कुल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'घमंडिया' तंज के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, हम सभी ने देश की भलाई के लिए हाथ मिलाया है। उन्हें (भाजपा) पता नहीं है कि कई पार्टियां, जिनका मैं अभी नाम नहीं लूंगा, डर के कारण उनके साथ हैं। चुनाव की घोषणा होने पर वे इस ओर आएंगी।

बीजेपी से एक साल पहले नाता तोड़ने वाले नीतीश कुमार ने अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के पहले दो दिनों के दौरान संसद से मोदी की अनुपस्थिति पर भी परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। कहा, सदन का सत्र चल रहा है और लोग घूमते रहते हैं। ये वो समय नहीं है, जब अटल बिहारी वाजपेयी सत्ता में हुआ करते थे और मैं उनके मंत्रियों में से एक था. हम इसका ध्यान रखते थे कि हम सदन में रहें और कार्यवाही पर ध्यान दें। उन्होंने बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व पर 'अन्य प्राथमिकताएं रखने' का आरोप लगाया और बिहार को विशेष दर्जा देने से इनकार करने एवं राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का श्रेय लेने के कथित प्रयासों की शिकायत की।

# एसपी ने अपराध समीक्षा को लेकर बैठक कर दिए कई अहम निर्देश

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को पढ़ाया ईमानदारी का पाठ, कहा जनता के लिए समर्पण भाव से करें कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**दुमका।** अपराध समीक्षा को लेकर जिले के थाना प्रभारी संग एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने एसपी कार्यालय में शुक्रवार को बैठक किया। बैठक में एसपी ने सभी थाना प्रभारी को लंबे समय से लंबित चले आ रहे हैं। कांडों को त्वरित गति से निष्पादन करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर निर्देशित किए। एसपी श्री खेरवार ने विधि व्यवस्था संबंधित विषयों पर समीक्षा कर सभी पुलिस पदाधिकारी को विशेष दिशा निर्देश दिए। वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए गस्ती पार्टियों को लगातार गस्ती करने का निर्देश दिए। एसपी श्री खेरवार ने थाना प्रभारियों से कहा अपना कार्य ईमानदारी से एवं जनता को समर्पण भाव से करें। यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाने का प्रयास करें। महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के स्कूल एवं कॉलेजों में सेमिनार आयोजित कर पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों से कहा तनाव में नहीं रहे, कार्य करने की इच्छा नहीं हो तुरंत ले छुट्टी।

## एम्स देवघर में विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** एम्स देवघर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च इन ट्राइबल हेल्थ, जबलपुर के सहयोग से विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय, प्रो.(डॉ.) प्रतिमा गुप्ता, प्रो.(डॉ.) जी. जाहन्वी, डॉ. कुसुम कुमारी और डॉ. गौरव जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अपरूप दास, डॉ. कल्याण बी. साहा और डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने आदिवासी स्वास्थ्य अनुसंधान पर एक वैज्ञानिक वार्ता दी। इस कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक फैकल्टी, नर्सिंग अधिकारी और छात्र मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड सभागार बैठक आयोजित

**देवघर।** प्रखण्ड सभागार में प्रमुख प्रमिला देवी के अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड सा अंचल कार्यालय, बीआरसी कार्यालय, सीएचसी कार्यालय, थाना परिसर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि जगहों पर झंडा तोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित की गई एवं साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर मंत्री प्रतिनिधि तेजनारायण वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि मंटू यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, वार्डेन कस्तूरबा गाँधी विद्यालय, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, ग्राम प्रधान अध्यक्ष, सभी पंचायत सचिव, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड समन्वयक आदि ने भाग लिया।

## नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियारडीह में शुक्रवार की सुबह एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक नव विवाहिता की पहचान 19 वर्षीय पूनम कुमारी पति उमेश यादव ग्राम बरियारडीह थाना मरकच्चो निवासी के रूप में किया गया है। वहीं मृतक घर के समीप दबी जुबान में चर्चाएं हो रही थी कि मृतक पूनम कुमारी की अपनी सास एवं गोतनी के साथ शादी के बाद अनबन चल रहा था। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार पूनम कुमारी एवं उमेश यादव के साथ प्रेम प्रसंग की बात सामने आई थी, जिसके बाद परिजनों के रजा मंदी से चार माह पूर्व हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी कर दिया गया।

### एसपी कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत

## नुक्कड़ नाटक कर छात्रों को किया जागरूक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताल परगना महाविद्यालय परिसर में जिला प्रशासन एवं कॉलेज प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डीएसपी, सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में जिला प्रशासन जागरूकता अभियान के द्वारा आम लोगों से सड़क परिवहन के नियमों के तहत वाहन चलाने का आह्वान किया। मौके पर उपस्थित कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने नुक्कड़ नाटक के कलाकारों की जमकर तारीफ की। कॉलेज छात्र समेत जिला के वाहन चालकों से नियमित एवं सुरक्षित होकर वाहन चलाने की अपील की।

नुक्क्ड़ नाटक के कलाकारों ने बेहतरीन तरीके से सड़क पर चलने के नियमों को बताया तथा वाहन चलाते समय हेलमेट, बेल्ट, वाहन गति के महत्त्व को बताया। इस मौके पर कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ के साथ साथ प्रो सनातन मुर्मू, प्रो पुष्पा सोरेन, डॉ सत्यम कुमार, प्रो बिनीता रानी टोप्पो, डॉ सीमा कुमारी, सिधोर हांसदा आदि कई शिक्षक एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

# चार दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप में अतिथि रिसोर्स पर्सन के रूप शामिल हुए डॉ विनोद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय, शिवहर, बिहार के द्वारा आयोजित 'रिसर्च मैथोडॉलजी' विषय पर आधारित एक चार दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप में अतिथि रिसोर्स पर्सन के रूप में अपने संबोधन में शोध के सीमाओं व ' स्मार्ट रिसर्च' के मुख्य विंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध व्यवहारिक, यथार्थ व निष्पक्ष मूल्यांकन पर आधारित होना चाहिए।

शोध सार्थक, संगत व समाज उपयोगी होना चाहिए। किसी भी शोध विषय के चयन व कार्यान्वयन के पूर्व शोधर्थियों को शोध की सीमाओं को ध्यान में रखकर कदम बढ़ना चाहिए। ये है समय, श्रम व खर्च। एक ओर जहाँ शोध विषय की बारीकियों को समझे बिना शोध को आगे बढ़ना जैसे- तैसे शोध की प्रवृत्तियों को दशार्ता है। दूसरी ओर शोध विषय के परिकल्पना को यथार्थ व तर्क की कसौटी में कसे बिना चलना निम्न गुणात्मक शोध को बतलाता है । डॉ शर्मा ने ' स्मार्ट' शोध की कांसेप्ट को बतलाते हुए कहा कि वैज्ञानिक शोध में इन पांच गुणों को होना आवश्यक बतलाया। जिसमें विषय 'स्पेसिफिक' स्पष्ट हो, शोध चरों (स्वतंत्र व आश्रित) का मापन (मेजेरेबल) संभव हो, डाटा के वास्ते प्रतिदर्श तक पहुँच हो यानि डेटा को आसानी तरीके से प्राप्त ' अटेनेबल ' हो। साथ ही शोध विषय यथार्थ ' रियालिस्टिक' हो जहां शोध की विश्वसनीयता व वैद्यता ज्ञात किया जा सके और इसे ' टाइम ' अर्थात निश्चित समय सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए । इस राष्ट्रीय वर्कशॉप के कंवेनर कॉलेज प्राचार्य प्रो अजय कुमार थे जबकि कॉर्डिनेटर डॉ अजय कुमार शरण थे। कार्यक्रम में पीजी स्टूडेंट्स, रिसर्च स्कोलर व शिक्षक जुड़े थे ।

### डीएमएफटी व एससीए मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की हुई समीक्षा

# उपायुक्त ने निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में डीएमएफटी एवं एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने डीएमएफटी एवं एससीए की राशि से किये जा रहे छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनवाड़ी केंद्रों निर्माण , विभिन्न सरकारी भवनों के जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही नए योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उक्त मद से बिजली कनेक्शन संबंधित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित तिथि के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि बाद में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने पोटो हो खेल मैदान, नव निर्मित पुस्तकालयों आदि के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। पंचायत स्तर के पुस्तकालय निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को किसी भी गांव में निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ग्राम सभा का आयोजन करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल के भवनों की भी मरम्मती करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान नए प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से डीएफओ, उप विकास आयुक्त , जिला योजना सह जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, प्रशासी अधिकारी, के अलावा सभी एडीएफ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थित थे।

## रिसर्च मैथोडॉलजी' विषय पर राष्ट्रीय वर्कशॉप

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने राजकीय डिग्री महाविद्यालय, शिवहर, बिहार के द्वारा आयोजित ' रिसर्च मैथोडॉलजी' विषय पर आधारित एक चार दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप में अतिथि रिसोर्स पर्सन के रूप में अपने संबोधन में शोध के सीमाओं व ' स्मार्ट रिसर्च' के मुख्य विंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोध व्यवहारिक, यथार्थ व निष्पक्ष मूल्यांकन पर आधारित होना चाहिए । शोध सार्थक, संगत व समाज उपयोगी होना चाहिए। शोध विषय के चयन व कार्यान्वयन के पूर्व शोधर्थियों को शोध की सीमाओं को ध्यान में रखकर कदम बढ़ना चाहिए। ये है समय, श्रम व खर्च। शोध विषय की बारीकियों को समझे बिनाआगे बढ़ना अनुचित होगा।

## एक नजर में

## डायरिया से दो की मौत

**गिरिडीह।** पीरटांड प्रखंड के खुखरा थाना क्षेत्र के हरलाडीह में डायरिया से दो लोगों की मौत की जानकारी मिलने के बाद गिरिडीह सदर विधायक सुदीप्य कुमार सोनू बीडीओ मनोज कुमार मरांडी और सीईओ विनय प्रकाश टिड्डु प्रभावित गांव मदनाडीह में मिलने पहुंचे जिसके बाद पीड़ित स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई आनन-फानन में सभी मरीजों को पीरटांड़ अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया`जहां सभी का इलाज किया जा रहा है यह बता दे कि डायरिया से दर्जनभर ग्रामीण बीमार थे जिनका इलाज पीरटांड़ स्वास्थ्य केंद्र में किया गया जिसके बाद गुरुवार को डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी मरीज अब ठीक है उनका छुट्टी कर दिया जा रहा है।

## सशक्त हिंदू महिला समूह द्वारा किया गया सावन महोत्सव का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा की प्राकृतिक वादियों में सशक्त हिंदू महिला रक्षा समूह के द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।सावन मिलन सामारोह में दर्जनों शामिल महिलाओ के द्वारा खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।जिसमे मुख्य रूप से कुर्सी रेस,सुई धागा खेल ,नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता के आयोजन में महिलाओं को गिफ्ट देकर पुरुस्कृत किया गया।

## फर्जी रेल टिकट बनाने वाला दो युवक गिरफ्तार

**इटखोरी।** हजारीबाग रेलवे पुलिस ने रेलवे का फर्जी टिकट बना कर बेचने वाले दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक इटखोरी चौक स्थित संचालित जैन कम्यूनिकेशन के संचालक सौरभ जैन और विशाल जैन दोनों के पिता निर्मल जैन है। आरपीएफ पुलिस के मुताबिक पर्सनल आईडी से रेलवे टिकट बनाने की सूचना हजारीबाग रेल जोन के अधिकारियों की हुई थी। इटखोरी बाजार में जैन कम्यूनिकेशन दुकान में रेलवे का फर्जी टिकट बनाया जा रहा है। उसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी हुई तो रेल सुरक्षा बल के जवानों ने छापेमारी कर रेलवे अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## 15 अगस्त को प्रखंड व पत्रकार एकादस के बीच मैच

**मरकच्चो (कोडरमा)।** 15 अगस्त के शुभ अवसर पर प्रखंड मुख्यायलय मरकच्चो स्थित सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के स्टेडियम में 11:30 बजे दिन में प्रखंड एकादस एवं पत्रकार एकादस के बीच मैत्री पूर्ण मैच खेला जायगा। उक्त की जानकारी सीओ रामसुमन प्रसाद व बीडीओ पप्पु रजक ने संयुक्त रूप से दी।

## ग्रामीणों के बीच सर्वेश्वरी समूह ने किया एक हजार पौधों का वितरण

**घाघरा।** चांदनी चौक घाघरा स्थित सर्वेश्वरी शाखा समूह में शुक्रवार को ग्रामीणों के बीच एक हजार पौधों का वितरण किया गया। सीओ प्रणव ऋतुराज और थाना प्रभारी अमित चौधरी ने ग्रामीणों के बीच पौधा वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीणों के बीच आम, अमरूद, आंवला, कटहल, चंदन, महागुणी, गमहार, सागवान,नीम के पौधों का वितरण किया।

## पेज एक का शेष

### सीएम फैलोशिप प्रोग्राम ...

**झारखंड की पहचान जरूर बनेगी:** सीएम ने कहा कि यह बहुत अचरज की बात है कि देश का 42 प्रतिशत खनिज संसाधन झारखंड में उपलब्ध है, लेकिन, फिर भी हम सबसे पिछड़े राज्यों में आते हैं। हमारी सरकार ने शिक्षा, सामाजिक सामाजिक सुरक्षा समेत कई ऐसी प्रभावी योजनाएं शुरू की हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वह दिन दूर नहीं जब झारखंड की पहचान एक विशेष राज्य के रूप में पूरे देश-दुनिया में होगी। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में ऐसे कई कार्य हो रहे हैं, जो झारखंड को मजबूती प्रदान कर रहा है। विकास को गति मिल रही है। युवाओं को आगे ले जाने का प्रयास जारी है। कल्याण मंत्री चम्पाई सोरेन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृति योजना कोई एक योजना मात्र नहीं है। यह इतिहास बनाने का एक मौका है। इस अवसर पर हफीजुल हसन राजीव अरुण एक्का, वंदना दादेल और विनय कुमार चौबे समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### गरीबी आड़े नहीं आयेगी...

सीएम ने कहा कि आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे, यह सरकार का संकल्प है। बच्चों की प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक का खर्च राज्य सरकार वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि आप शिक्षित होंगे, तो आपकी आने वाली पीढ़ी भी निश्चित तौर पर पढ़ेगी। बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगाव और उत्सुकता बनी रहे, इसके लिए कई योजनाएं शुरू की है। आर्थिक अभाव की वजह से कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित ना रहे।

### नक्सलियों से मुठभेड़ में ...

ओडिशा के क्योंझर जिला के आनंदपुर के रहने वाले शाहिद सुशांत कुमार खांटीया साल 2011 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वह सीआरपीएफ के 60 बटालियन के बीडीएस टीम में शामिल थे। सुशांत ने कई बेहतरीन ऑपरेशन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया था। उन्हें आइइडी बमों को निष्क्रिय करने में महारत हासिल थी। गुरुवार को सुरक्षाबलों ने एक करोड़ के इनामी सेंट्रल कमेटी के मेंबर मिसिर बेसरा के बंकर तक को ध्वस्त कर दिया था। शुक्रवार को इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए सीआरपीएफ और जिला बल के जवान सर्च ऑपरेशन में लगे हुए थे। तभी घात लगाकर नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

पार्थिव शव ओड़िशा भेजा गया : नक्सली हमले में शहीद हुए हेड कांस्टेबल सुशांत कुमार का पार्थिव शरीर रांची के रिम्स अस्पताल में लाया गया। वहां पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सीआरपीएफ कैंप में श्रद्धांजलि दी गयी। शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद उनका पार्थिव शरीर ओडिशा के पैतृक गृह जिला भेज दिया गया।

### कार्डधारियों को 1 रुपया किलो ...

बिहार राज्य परिवहन निगम कर्मियों को एक साथ 2004 से राज्य के विभिन्न विभागों में वैचारिक रूप से समायोजन करने और वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गयी। इनमें करीब 67 कर्मचारी हैं। राज्य के कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से इलिटरेसी कार्यक्रम के तहत एनआईटी रांची से परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा योजना से लाभुक राज्य के सभी परिवार को 1 किलो चना दाल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न श्रेणी के पुलिस थाना के समान कार्य के लिये दिये जाने वाले अग्रिम राशि में वृद्धि की गई। इस श्रेणी के थाना को 20 हजार के बजाय अब 40 हजार श्रेणी के थाना को 15 हजार के बजाय 30 हजार 80 श्रेणी के थाना को 10 हजार दिये जायेंगे। झारखंड बिजली वितरण लिमिटेड को 2015-16 में दी गयी 6136 करोड़ रुपये की राशि का 3 बटा 4 हिस्सा अनुदान में और एक बटा 4 हिस्सा पूंजी के रूप में दिये जाने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा चाईबासा में नये थाना सृजन की मंजूरी दी गई। डुलमी जलाशय पूर्ण आधार योजना के लिये 34 करोड़ रुपये की योजना की सुकृति दी गई। जान राजस्व भूमि सुधार अंतर्गत सेवा शर्त संशोधन नियमावली की मंजूरी दी गई। सिसई में पुलिस अंचल के गठन की मंजूरी दी गई। पुरानी पेंशन योजना के तहत दिनांक एक दिसंबर 2004 से पूर्व जिनकी नियुक्ति हुई थी लेकिन उन्होंने योगदान एक 1 दिसंबर 2004 के बाद किया तो उसके नियमों में संशोधन किया गया है।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका के हवाई द्वीप के जंगल में आग से 53 की मौत



**होनोलूलू।** अमेरिका के प्रशांत महासागर के मध्य स्थित हवाई प्रांत के द्वीपों के जंगल में लगी आग में अब तक कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई। माउई काउंटी के अनुसार, राहत एवं बचाव कार्य जारी है। इसी बीच लाहिना में लगी भीषण आग में 17 और लोगों की मृत्यु होने से मौत का आंकड़ा बढ़कर 53 हो गया। जंगल में लगी भीषण आग की वजह से माउई द्वीप से 14,000 से अधिक लोगों को अन्यत्र भेजा जा चुका है। गुरुवार देररात तक अतिरिक्त 14,500 लोगों को शिफ्ट किए जाने की संभावना है।

## बांग्लादेश के चटगांव में बाढ़ से 16 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव में बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। तीन व्यक्ति लापता हैं। जिला राहत एवं पुनर्वास कार्यालय ने कहा है कि घरों, फसलों और व्यवसाय को कुल 135.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। दक्षिणी जिले के चंदनाइश, सतकनिया और लोहागरा उप जिले बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह क्षेत्र सोमवार रात से तीन दिन तक जलमग्न रहा। चटगांव-कॉक्स बाजार राजमार्ग बंद रहा। गुरुवार सुबह राजमार्ग पर यातायात फिर से शुरू हो गया, लेकिन कई इलाकों में अभी तक बिजली बहाल नहीं की जा सकी है।

## छात्रा से दुष्कर्म में शिक्षक को उम्रकैद

**ढाका।** चटगांव महिला और बाल दमन निवारण न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) तीन के न्यायाधीश जैनल आबेदीन ने नूरानी मदरसा के शिक्षक 28 वर्षीय अबू ताहेर शिपोन को दुष्कर्म के केस में आजीवन कारावास सुनाई है। साथ 10,000 टका का जुर्माना लगाया है। उस पर पहली कक्षा में पढ़ने वाली सात साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप था। यह वारदात सैंडविप के मगधरा संघ में एक नूरानी मदरसे में 9 जून, 2021 को हुई थी।

## तुर्किये में 5.3 तीव्रता का भूकंप, 23 घायल

**अंकारा।** तुर्किये के दक्षिणी क्षेत्र में गुरुवार रात में भूकंप के तेज झटकों से अफरातफरी मच गई। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.3 मापी गई। भयभीत लोग घरों की बालकनी से कूद गए। इस दौरान कम से कम 23 लोग घायल हो गए। कई इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। भूकंप का केंद्र मालत्या प्रांत के येसिल्युर्ट शहर में था। उल्लेखनीय है कि इन दोनों प्रांतों में फरवरी में विनाशकारी भूकंप में 50,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

## दंतेवाड़ा में 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चार नक्सलियों हुंगी सोडी (28), भीमाराम करटाम (27), हिडमा उर्फ हीरालाल (27) और कुमारी देवे कोवासी (27) ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## पूर्व मंत्री नवाब मलिक को अंतरिम जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले में शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को चिकित्सा आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी। बंबई उच्च न्यायालय ने 13 जुलाई को नवाब मलिक को चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया था।

# अब चांद पर भी मिलेंगे धरती के दो दोस्त

## रूस ने लांच किया लूना-25 , इसरो ने दी बधाई

एजेंसी

**23 अगस्त को चांद पर लैंड करेगा लूना-25 व चंद्रयान-3**

**मॉस्को/नयी दिल्ली।** भारत और रूस की दोस्ती अब धरती की सीमा पार कर चुकी है। दोनों अब चंद्रमा पर साथ पहुंचेंगे। रूस ने करीब आधी सदी बाद फिर चंद्र मिशन शुरू किया है। रूस ने शुक्रवार सुबह 1976 के बाद पहली बार सोयुज-2 रॉकेट की मदद से लूना-25 मून लैंडर को लॉन्च किया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस पर रूस की स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस को बधाई दी है। इसरो ने कहा है हमारी (भारत-रूस) अंतरिक्ष यात्राओं में एक और मिलन बिंदु होना अद्भुत है।

भारत के चंद्रयान-3 और रूस के लूना-25 मिशन को अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए शुभकामनाएं। रूस का लूना-25 लैंडर चंद्रयान-3 की तरह 23 अगस्त को चांद की सतह पर लैंड करेगा। लून-25 लैंडर को राजधानी मॉस्को से 5550 किलोमीटर पूर्व में स्थित वोस्तोचनी कोस्मोड्रोम से स्थानीय समयानुसार, सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर लॉन्च किया गया। रूस के लूना-25 मिशन का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर ऑक्सीजन की खोज और आंतरिक संरचना पर अनुसंधान करना है, जबकि भारत के चंद्रयान-3 का लक्ष्य चांद की सतह पर सुरक्षित और नरम लैंडिंग करना है। लूना-25 लैंडर में कई कैमरे इंस्टाल हैं। ये कैमरे लैंडिंग की टाइमलैप्स फुटेज और अद्भुत तस्वीरें खींचेगा। चंद्रयान-3 और लूना-25 की लैंडिंग अलग-अलग जगह पर होगी। दोनों एक-दूसरे से नहीं टकराएंगे। रोस्कोस्मोस का कहना है कि चांद पर सभी के लिए पर्याप्त जगह है। लूना-25 लैंडर चांद पर करीब एक साल तक काम करेगा, जबकि चंद्रयान-3 केवल दो हफ्ते तक ही काम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### अभी कहां है चंद्रयान-3

पृथ्वी की यह तस्वीर अपने चंद्रयान ने भेजी है। इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 अभी चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगा रहा है। फिलहाल यह 174 किमी x 1437 किमी के ऑर्बिट में है। इसे चांद की अगली कक्षा में 14 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच भेजा जाएगा।



# मणिपुर में शांति बहाली के लिए सक्रिय हुई सेना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में शांति बहाली के लिए भारतीय सेना सक्रिय हो गई है। पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कालिता ने दो दिवसीय दौरा करके शांति बहाल के लिए वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ भी बातचीत की। भारतीय सेना ने हाल ही में दर्ज हुई एफआईआर पर असम राइफल्स का बचाव करते हुए इसे छवि खराब करने का मनगढ़ंत प्रयास बताया है।

पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कालिता 09 और 10 अगस्त को मणिपुर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ बातचीत की। उन्होंने वर्तमान स्थिति और भविष्य की उन योजनाओं पर चर्चा की, जिससे शांति बहाली के उपाय किये जा सकें। सेना कमांडर ने विष्णुपुर, चुराचांदपुर और मंत्रिपुखरी का दौरा किया और वर्तमान स्थिति पर जानकारी हासिल प्राप्त की। जनरल कालिता ने सिविल सोसायटी संगठनों और

- पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल कालिता ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से वर्तमान हालत पर की चर्चा
- सेना ने हाल में दर्ज हुई एफआइआर पर असम राइफल्स का किया बचाव

### हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली में जुटा है असम राइफल्स

असम राइफल्स हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति बहाल करने में लगा हुआ है। सेना ने कहा कि असम राइफल्स के साथ वह संघर्षग्रस्त मणिपुर में हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास को रोकने के लिए कार्रवाई करने में दृढ़ बनी रहेगी।

प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ भी बातचीत की और राज्य में सामान्य स्थिति लाने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। सेना ने एक बयान में कहा है कि मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स को बदनाम करने की मनगढ़ंत कोशिश की है। असम राइफल्स के खिलाफ 5 अगस्त को पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर पर भारतीय सेना ने असम राइफल्स का बचाव किया है। पुलिस ने इस प्राथमिकी में असम राइफल्स पर उनका रास्ता



रोकने का आरोप लगाया है, जब वे कथित कुकी उग्रवादियों का पीछा कर रहे थे। एफआईआर में दावा किया गया है कि इन हथियारबंद आतंकवादियों ने कई दिन पहले तीन लोगों की हत्या कर दी थी, इसलिए उन्हें घेरने के लिए पीछा किया जा रहा था लेकिन असम राइफल्स बीच में रोड़ा बन गई। सेना की स्पीयर कोर ने एक बयान में कहा कि कुछ शत्रु तत्वों ने 3 मई से मणिपुर में लोगों की जान बचाने और शांति बहाल करने की दिशा में लगातार काम कर रहे केंद्रीय सुरक्षा बलों, विशेष रूप से असम राइफल्स की भूमिका, इरादे और अखंडता पर सवाल उठाने के बार-बार और असफल प्रयास किए हैं। असम राइफल्स हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति बहाल करने में लगा हुआ है। सेना ने कहा कि असम राइफल्स के साथ वह संघर्षग्रस्त मणिपुर में हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास को रोकने के लिए कार्रवाई करने में दृढ़ बनी रहेगी। सेना ने कहा कि यह समझने की जरूरत है कि मणिपुर में जमीन पर स्थिति की जटिल प्रकृति के कारण, विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच सामरिक स्तर पर कभी-कभी मतभेद होते हैं। सेना ने कहा कि मई में संकट उत्पन्न होने के बाद से सेना की एक पैदल सेना बटालियन उस क्षेत्र में तैनात है, जहां से असम राइफल्स को हटाने की कहानी बनाई गई है। सेना और असम राइफल्स की ओर से मणिपुर के लोगों को आश्वस्त किया गया है कि हम अस्थिर माहौल में हिंसा को बढ़ावा देने वाले किसी भी प्रयास को रोकने के अपने कार्यों में दृढ़ बने रहेंगे।

# नफरत फैलाने वाले हेट स्पीच की समस्या का हल निकालना जरूरी

## भाषणों पर गौर करने के लिए समिति गठित करें केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि देश में सभी समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए, ऐसे में हर हाल में भड़काऊ और समाज में नफरत फैलाने वाले भाषणों की समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने केंद्र सरकार को नफरत भरे भाषणों की समस्याओं पर गौर करने और हल निकालने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने पर विचार करने का निर्देश देते हुए टिप्पणी की है। जस्टिस संजीव खन्ना और एस. वी. भट्टी की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज को समिति गठित के करने के बारे में सक्षम अधिकारियों से निर्देश प्राप्त करने



और मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त तक अवगत कराने को कहा है। हरियाणा के नूंह में पिछले दिनों भड़की हिंसा के बाद एक समुदाय विशेष का सामाजिक-आर्थिक बहिष्कार की घोषणा और नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोक लगाने और समुचित कार्रवाई की मांग को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने देश में सभी समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए, ऐसे में हर हाल में भड़काऊ और समाज में नफरत फैलाने वाले भाषणों की समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ ने समाज में नफरत फैलाने वाले भाषण की लगातार बढ़ती समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें इस समस्या को हल करना होगा। पीठ ने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण की समस्या अच्छी नहीं है। सभी समुदाय इसके लिए जिम्मेदार हैं, कोई भी इसे (नफरती भाषण) स्वीकार नहीं कर सकता। जस्टिस खन्ना ने कहा कि सवाल है कि इसमें क्या किया जा सकता है, हम पुलिस प्रमुखों को इससे निपटने के लिए 3 से 4 पुलिस अधिकारियों की एक समिति गठित करने का निर्देश दे सकते हैं।




## अधीर रंजन चौधरी के निलंबन के विरोध में विपक्ष ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता व लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी को लोकसभा की कार्यवाही से निलंबित किए जाने के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित वरिष्ठ कांग्रेस सोनिया गांधी व विपक्ष के अनेक सांसदों ने हिस्सा लिया।

# अहमदाबाद में खड़े ट्रक से टकराया मिनी-ट्रक, 10 मरे

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद जिले में एक मिनी ट्रक एक खड़े ट्रक से टकरा गया, जिससे मिनी ट्रक में सवार 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अमित वसावा ने बताया कि यह घटना राजकोट-अहमदाबाद राजमार्ग पर बगोदरा गांव के पास सुबह करीब 11 बजे हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ित पड़ोसी सुरेंद्रनगर जिले के

**प्रधानमंत्री ने घटना पर जताया शोक, प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा**

चोटिला से अहमदाबाद लौट रहे था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

पीएमओ ने कहा कि अहमदाबाद जिले में बावला-बागोदरा राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना की सूचना पाकर दुःख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। घायल शीघ्र स्वस्थ हों।

## हिमाचल : नदी में गिरा वाहन, छह पुलिसकर्मी समेत सात की मौत

**शिमला।** चंबा जिले में शुक्रवार को भूस्खलन के बाद एक वाहन के सिउल नदी में गिर जाने से उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैरागढ़ से तिस्सा की ओर जा रहे वाहन में 11 लोग सवार थे। दुर्घटना चंबा जिले के चौराह इलाके में तरवाई पुल के समीप हुई।पुलिस ने बताया कि एक बड़ा पत्थर वाहन के ऊपर आ गिरा, जिसकी वजह से उसका संतुलन बिगड़ गया और वाहन फिसलकर नदी में जा गिरा। मृतकों में छह पुलिसकर्मी भी शामिल हैं, जो चंबा सीमा पर तैनात द्वितीय भारतीय रिजर्व बटालियन का हिस्सा थे।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट

एजेंसी

**मुंबई।** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 365 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। एशियाई और यूरोपीय बाजारों के नकारात्मक रुख के बीच बैंक, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली तथा औषधि कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा और अचानक से बैंकों से अतिरिक्त नकदी निकालने की घोषणा के बाद बाजार में धारणा कमजोर बनी हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 365.53 अंक

**सेंसेक्स 366 अंक टूटा निफ्टी भी 114 अंक लुढ़का**



यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,322.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 413.57 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 114.80 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,428.30 अंक पर बंद हुआ।

### इन्हें हुआ नुकसान

सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### ये रहे लाभ में

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।

## आप सांसद राघव चड्ढा राज्यसभा से निलंबित

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को शुक्रवार को विशेषाधिकार के उल्लंघन के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। चार सांसदों की शिकायत के बाद यह कदम उठाया गया है। सांसदों ने सभापति को शिकायत में कहा था कि आप सांसद राघव चड्ढा ने उनकी अनुमति के बिना प्रस्ताव में नाम जोड़ा था। राघव चड्ढा के खिलाफ अब सदन की विशेषाधिकार समिति जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट व सिफारिश देगी। इसके आने तक राघव चड्ढा सदन से निलंबित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल से जुड़ी विधाई प्रक्रिया के दौरान राघव चड्ढा की ओर से एक प्रस्ताव लाया गया था।

# दूसरी बार मां बनने वाली थी रानी मुखर्जी

**मुंबई।** एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने एक इंटरव्यू में दूसरी बार गर्भवती होने पर अपना बच्चा खोने का खुलासा किया है। उन्होंने अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से फैंस का दिल जीता है। उनकी फिल्में हिचकी, मदार्नी, मिसेज चटर्जी काफी चर्चा में रहीं। बेटी के जन्म के बाद रानी ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिल्म ह्यमिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे से वापसी की। हाल ही में एक इंटरव्यू में रानी मुखर्जी ने कोरोना काल के दौरान अपने बुरे अनुभव के बारे में बताया है।

उन्होंने कहा कि मैं 2020 में पांच महीने की गर्भवती थी, लेकिन किसी वजह से मेरा गर्भपात हो गया। वह दौर मेरी जिंदगी का सबसे कठिन था। मैंने इस बारे में कभी किसी को नहीं बताया, क्योंकि बहुत से लोग सोचेंगे कि यह एक प्रमोशन स्टंट है। रानी ने आगे कहा कि मैं बहुत मुश्किल वक्त से गुजर रही थी और मुझे ह्यमिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म ऑफर हुई थी। फिल्म की कहानी मेरे दिल के बहुत करीब थी। इसलिए मैंने तुरंत इस फिल्म को स्वीकार कर लिया। जब मैंने कहानी सुनी तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। मैं कभी सोच भी नहीं सकती थी कि नॉर्वे जैसे देश में एक भारतीय परिवार को इतने कठिन समय से गुजरना पड़ेगा।





## खेसारीलाल यादव की फिल्म लाडला-2 का फर्स्ट लुक आउट

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्म लाडला-2 का फर्स्ट लुक आज रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव मुख्य भूमिका में हैं, फिल्म के फर्स्ट लुक में खेसारीलाल यादव और माया यादव का एपीयरेन्स खास नजर आ रहा है। यह फिल्म लाडला का सीक्वल है, जो साल 2015 में रिलीज हुई थी। तब यह फिल्म ब्लॉक बस्टर रही थी और उससे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। अब इस सीक्वल फिल्म का ट्रेलर 14 अगस्त को इंटर 10 रंगीला और यशी फिल्म्स के ऑफिसियल यू-ट्यूब पर रिलीज होगा। फिल्म के निर्माता अभय सिन्हा बताया कि लाडला-2 में बेटे के प्रेम और वात्सल्य आधारित रिश्ते की अभिव्यक्ति होने वाली है।

## पाक : शीर्ष अदालत ने फैसलों की समीक्षा का कानून रद्द किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से लिए गए एक निर्णय में अपने फैसलों की समीक्षा करने की प्रक्रिया में संशोधन करने वाले एक कानून को रद्द कर दिया।

**नवाज शरीफ की उम्मीदों पर फिरा पानी**




इस फैसले से सार्वजनिक पद धारण करने के लिए आजीवन अयोग्य ठहराए जाने के फैसले को चुनौती देने के इच्छुक पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।. प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने फैसले में कहा कि उच्चतम न्यायालय (फैसलों और आदेशों की समीक्षा) कानून-2023 असंवैधानिक था।

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# अप्सरा मेनका ने क्यों छोड़ दिया था विश्वामित्र को?



**अनिरुद्ध जोशी**

विश्वामित्र वैदिक काल के विख्यात ऋषि थे। उनके ही काल में ऋषि वशिष्ठ थे। विश्वामित्र के जीवन के प्रसंगों में मेनका और त्रिशंकु का प्रसंग भी बड़ा ही महत्वपूर्ण है। प्रजापति के पुत्र कुश, कुश के पुत्र कुशनाभ और कुशनाभ के पुत्र राजा गाधि थे। विश्वामित्रजी उन्हीं गाधि के पुत्र थे। ऋषि होने के पूर्व विश्वामित्र राजा थे और ऋषि वशिष्ठ से कामधेनु गाय को हड़पने के लिए उन्होंने युद्ध किया था, लेकिन वे हार गए। इस हार ने ही उन्हें घोर तपस्या के लिए प्रेरित किया। विश्वामित्र ने अपनी तपस्या के बल पर त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग भेज दिया था। इस तरह ऋषि विश्वामित्र के असंख्य किस्से हैं। विश्वामित्र की तपस्या और मेनका द्वारा उनकी तपस्या भंग करने की कथा जगत प्रसिद्ध है। माना जाता है कि हरिद्वार में आज जहां शांतिकुंज है, उसी स्थान पर विश्वामित्र ने घोर तपस्या करके इंद्र से रुष्ट होकर एक अलग ही स्वर्गलोक की रचना कर दी थी। विश्वामित्र ने इस देश को ऋचा बनाने की विद्या दी और गायत्री मंत्र की रचना की, जो भारत के हृदय में और जिह्वा पर हजारों सालों से आज तक अनवरत निवास कर रहा है। राम और लक्ष्मण ने गुरु मर्हिष विश्वामित्र का आश्रम बक्सर (बिहार) में स्थित था। इस स्थान को गंगा-सरयू संगम के निकट बताया गया है। विश्वामित्र के आश्रम को 'सिद्धाश्रम' भी कहा जाता था। अप्सरा देवलोक में रहने वाली अनुपम, अति सुंदर, अनेक कलाओं में दक्ष, तेजस्वी और अलौकिक दिव्य स्त्री है। वेद और पुराणों में उल्लेख मिलता है कि देवी, परी, अप्सरा, यक्षिणी, इन्द्राणी और पिशाचिनी आदि कई प्रकार की स्त्रियां हुआ करती थीं। उनमें अप्सराओं को सबसे सुंदर और जादुई शक्ति से संपन्न माना जाता है। मेनका स्वर्ग की सबसे सुंदर अप्सरा थी। महान तपस्वी ऋषि विश्वामित्र ने नए स्वर्ग के निर्माण के लिए जब तपस्या शुरू की तो उनके तप से देवराज इन्द्र ने घबराकर उनकी तपस्या भंग करने के लिए मेनका को भेजा। मेनका ने अपने रूप और सौंदर्य से तपस्या में लीन विश्वामित्र का तप भंग कर दिया। विश्वामित्र सब कुछ छोड़कर मेनका के ही प्रेम में डूब गए। उन्होंने मेनका के साथ सहवास किया। ऋषि विश्वामित्र का तप अब टूट तो चुका था लेकिन फिर भी मेनका वापस इन्द्रलोक नहीं लौटी। क्योंकि ऐसा करने पर ऋषि फिर से तपस्या आरंभ कर सकते थे। ऐसे में मेनका से विश्वामित्र ने विवाह कर लिया और मेनका से विश्वामित्र को एक सुन्दर कन्या प्राप्त हुई जिसका नाम शकुंतला रखा गया। कुछ वर्षों साथ रहने के बाद मेनका के दिल में प्यार के साथ एक चिंता भी चल रही थी और वो थी इंद्रलोक की चिंता। वह जानती थी कि उसकी अनुपस्थिति में अप्सरा उर्वशी, रम्भा, आदि इंद्रलोक में आनंद उठा रही होंगी। दरअसल, मेनका का धरती पर समय बिताने का वक्त पूरा हो गया था और उसे जो लक्ष्य दिया था वह भी पूरा हो चुका था। इसीलिए मेनका अपने पति और बेटी को छोड़कर पुनः इंद्रलोक चली गई थी। जब शकुंतला छोटी ही थी, तभी एक दिन मेनका उसे और विश्वामित्र को छोड़कर फिर से इंद्रलोक चली गई। मेनका के छोड़कर चले जाने के बाद शकुंतला का लालन-पालन और शिक्षा-दीक्षा ऋषि कण्व ने किया था इसलिए वे उसके धर्मपिता थे। इसी पुत्री का आगे चलकर सम्राट दुष्यंत से प्रेम विवाह हुआ, जिनसे उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई। यही पुत्र राजा भरत थे। पुरुवंश के राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र भरत की गणना 'महाभारत' में र्विणत 16 सर्वश्रेष्ठ राजाओं में होती है। अप्सरा साधना के दौरान साधक को अपनी यौन भावनाओं पर संयम रखना होता है अन्यथा साधना नष्ट हो सकती है। संकल्प और मंत्र के साथ जब साधना संपन्न होती है तो अप्सरा प्रकट होती है तब साधन उसे गुलाब के साथ ही इत्र भेंट करता है। शास्त्रों के अनुसार देवराज इन्द्र के स्वर्ग में 11 अप्सराएं प्रमुख सेविका थीं। ये 11 अप्सराएं हैं- कृतस्थली, पुंजिकस्थला, मेनका, रम्भा, प्रम्लोचा, अनुम्लोचा, घृताची, वर्चा, उर्वशी, पूर्वचित्ति और तिलोत्तमा। इन सभी अप्सराओं की प्रधान अप्सरा रम्भा थी। अलग-अलग मान्यताओं में अप्सराओं की संख्या 108 से लेकर 1008 तक बताई गई है। अम्बिका, अलम्वुषा, अनावद्या, अनुचना, अरुणा, असिता, बुदबुदा, चन्द्रज्योत्सना, देवी, घृताची, गुनमुख्या, गुनुवरा, हर्षा, इन्द्रलक्ष्मी, काम्या, र्किणका, केशिनी, क्षेमा, लता आदि।

# पर्व-त्योहारों में भी समाहित वैज्ञानिक चिंतन

**डॉ. प्रेमलता मिश्र**



**प्राचीन** भारतीय चिंतन, दर्शन और वैज्ञानिक निष्कर्षों का मूल तत्व जो युगों पहले यहां के जीवन का अंग बना था, उसका महत्व आज के विश्व में पूरी तरह स्वीकार्य ही नहीं, आवश्यक भी बन गया है। यदि अपरिग्रह की भावना और सदाचरण को स्वीकार किया जाता तो पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, बीमारियों व भुखमरी जैसी वैश्विक समस्याएं विकराल रूप में मनुष्य के समक्ष उपस्थित ही नहीं हुई होतीं।

**तर्कसंगत उपयोग**

यह सोच कितनी वैज्ञानिकता से परिपूर्ण थी कि प्रकृति के पास संसाधन सीमित हैं, मनुष्य को उनका उपयोग केवल आवश्यकता पूर्ति के लिए ही करना चाहिए, संग्रहण या दुरुपयोग के लिए नहीं? महात्मा गांधी ने भी कहा था कि प्रकृति इंसान की जरूरतों को पूरा कर सकती है, लोभ को नहीं। इसमें निहित गंभीर और गहराई तक प्रविष्ट दर्शन-चिंतन केवल पांच कर्मेंद्रियों द्वारा प्राप्त अनुभव के आधार पर संभव नहीं था। यह सर्व-उपलब्ध माध्यम रहा है।

मन-मस्तिष्क का मेल

आधुनिक विज्ञान ने निःसंदेह अनेक उपकरणों द्वारा इसकी सीमाएं बढ़ा दी हैं। लेकिन एक दूसरा माध्यम भी है- सहज बोध! यह केवल मस्तिष्क के उपयोग से भी संभव नहीं था। इसमें मन और मस्तिष्क दोनों का समन्वय आवश्यक था जिसे प्राचीन भारतीय चिंतन ने प्राप्त कर लिया था।

**विविधता और प्रतिरक्षा**

पृथ्वी पर जितनी भी सभ्यताएं विकसित हुईं, उनके विकास की गति और प्रारंभ का समय सदा एक से नहीं रहे। अनेक विचार, खोजें और प्रकृति के रहस्योद?्घाटन एक ही समय पर अनेक स्थानों पर और व्यक्तियों द्वारा भी किए गए। अनेक सभ्यताएं समय के साथ आए झंझावातों के कारण समाप्त हो गईं, कुछ इनका प्रतिकार कर सकने में सक्षम रहीं और अपनी निरंतरता-प्रगति को सुरक्षित रख सकीं।

**समावेशी दृष्टि**

भारतीय संस्कृति में निहित वैचारिकता की श्रेष्ठता, वैज्ञानिकता का आधार और आध्यात्मिकता का समवाय ही इस सभ्यता को हर प्रकार के झंझावातों में भी सुरक्षित रख पाया। इसकी समावेशी प्रकृति ही इसका संबल रही। इसे ही गांधी जी ने कहा था कि ह्यमैं अपने घर के दरवाजे और खिड़कियां खुले रखूंगा, ताकि ताजी हवा हर तरफ से आती रहे, लेकिन यह नहीं होने दूंगा कि आंधी में मेरा घर ही उजड़ जाए!

**ज्ञान-परंपरा से सरोकार**

इस समय चर्चा पूरब और पश्चिम की सभ्यताओं को लेकर ही होती है। भारत की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में स्थिति कुछ इस प्रकार है कि यहां के लोगों को अपनी ज्ञान-परंपरा की सीमित जानकारी है। पश्चिमी सभ्यता को मुख्य रूप से विज्ञान के विकास और उसके वैश्विक प्रभाव के रूप में ही देखा जाता है। ऐसे में प्राचीन भारतीय चिंतन में विज्ञान और वैज्ञानिकता से भारतीयों का परिचय अपेक्षा के अनुरूप नहीं।

**भौतिकवाद आधारित विज्ञान**

भारतीय ज्ञानार्जन परंपरा को नष्ट करने के प्रयास लगभग सात सौ वर्षों तक होते रहे, इसलिए समय के साथ जो प्रगति होनी चाहिए वह नहीं हुई। जबकि यह सच नहीं है कि आधुनिक विज्ञान का प्रादुर्भाव पश्चिम से ही हुआ। असल में पश्चिम के विज्ञान ने इंसान को भौतिक सुख तो दिए लेकिन इसके लिए प्रकृति को कीमत चुकानी पड़ी, जबकि भारत के पारम्परिक ज्ञान में सहअस्तित्व, उन्नति और नैसर्गिक संरक्षण के तत्व प्राथमिकता से थे। उदाहरण स्वरूप, एलोपेथी दवाई के साइड इफेक्ट होते ही हैं लेकिन आयुर्वेद की दवा के उस तरह के कोई ज्यादा प्रभाव नहीं होते।

**ब्रह्मांड और तत्व चिंतन**

सुखद है कि प्राचीन भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता को बीसवीं सदी के प्रारंभ से ही विज्ञान के धुरंधरों ने भी स्वीकार करना प्रारंभ कर दिया था। वर्ष 1913 में चिकित्सा विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले मनोवैज्ञानिक चार्ल्स रोबर्ट रिचेट (1850-1935) ने लिखा था कि मेटाफिजिक्स (तत्व मीमांसा) अभी तक आधिकारिक रूप से विज्ञान नहीं माना जा रहा है, लेकिन उसे मानना होगा। अनेक अवसरों पर यथार्थ हमारे पास केवल पांच इंद्रियों द्वारा ही नहीं पहुंचता, अन्य ढंग से भी पहुंचता है। सर जेम्स जीन (1877-1946) ने अपने एक भाषण में कहा था कि विज्ञान तथ्यों, ऐंद्रिक अनुभवों से आगे उस दिशा में बढ़ रहा है जहां ब्रह्मांड मशीन के स्थान पर एक विचार दिखाई देगा!

**विस्मयकारी खरी गणनाएं**

क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है कि जिस दिशा में आधुनिक विज्ञान केवल पिछली शताब्दी में ही विचार कर सका, उसकी उपस्थिति भारत में न केवल चिंतन में थी, बल्कि वह विज्ञान के अनेक क्षेत्रों में ऐतिहासिक योगदान भी कर रही थी। वैचारिकता को व्यावहारिकता में परिवर्तित कर उन्होंने गणित और विज्ञान की ठोस नींव रखी। ह्यटाइम एंड स्पेसह्न की समझ के आधार पर उन्होंने भौतिक संरचनाओं (ब्रह्मांड) को प्रस्तुत किया और गणनाएं कीं, जो आज के विज्ञान पर भी खरी उतरती है।

**मनीषियों की वैज्ञानिकता**

जब आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, बोधायन, भास्कराचार्य, कणाद, सुश्रुत, चरक, बागभट्ट जैसे मनीषियों के योगदान को समझा और सही ढंग से प्रस्तुत किया जाता है, तब भारत की ज्ञानार्जन परंपरा में वैज्ञानिकता की कमी को केवल एक हास्यास्पद निष्कर्ष ही माना जा सकेगा। भारतीय संस्कृति और उसमें निहित वैज्ञानिकता आज सारे विश्व में चर्चित हैं।

# राहु किस ग्रह के साथ मिलकर बनाता है कैसे योग, कैसे यह शुभ है या अशुभ?



ज्योतिष शास्त्र में राहु को क्रूर और पापी ग्रह कहा जाता है। शनि के जैसे ही राहु का नाम सुनते ही लोग डरने लगते हैं। कतराने लगते हैं। जिस तरह सूर्य या चंद्रमा और अन्य ग्रह पूरी ह्यूमेनिटी पर असर डालते हैं, ठीक वैसे ही राहु का असर भी लोगों के जीवन पर शुभ या अशुभ रूप से नजर आता है। राहु के संबंध में कहा जाता है कि यह ग्रह कुंडली में स्थित सभी 12 भावों पर कई तरह से प्रभाव डालता है। पत्रिका.कॉम के इस लेख में उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर अभिमन्यु डब्बावाला आपको बता रहे हैं कुंडली में नव ग्रहों के साथ कैसा असर दिखाता है राहु, बनाता है कैसे योग...?

ज्योतिषाचार्य का कहना है कि राहु के प्रभाव से हमारा जीवन बहुत ही तेजी से प्रभावित होता है। यह एक क्रूर ग्रह है, लेकिन किसी की कुंडली में यह मजबूत हो, तो शुभ यानी बेहतर परिणाम देता है। वहीं कमजोर हो तो अशुभ यानी बुरे या खराब परिणाम दिखाता है। ज्योतिष में राहु ग्रह को कठोर वाणी, जुआ, यात्राएं, चोरी, दुष्ट कर्म, त्वचा रोग, धार्मिक यात्राएं आदि का कारक ग्रह माना गया है। जिस व्यक्ति की जन्म कुंडली में राहु अशुभ स्थान पर बैठा हो या पीड़ित हो तो, यह व्यक्ति को इसके नेगेटिव रिजल्ट दिखाता है। ज्योतिष में राहु ग्रह को किसी भी राशि का स्वामी नहीं माना गया है। लेकिन यह मिथुन राशि में उच्च का और धनु राशि में नीच का माना जाता है।

4 नक्षत्रों का स्वामी है राहु

27 नक्षत्रों में राहु, आद्रा, स्वाति और शतभिषा इन 4 नक्षत्रों का स्वामी है। ज्योतिष में राहु ग्रह को एक छाया ग्रह कहा जाता है। राहु का रत्न गोमेद है, लेकिन इसे कभी भी बिना किसी एक्सपर्ट की सलाह से नहीं पहनना चाहिए।

लग्न भाव में राहु

जिस व्यक्ति की जन्म कुंडली में स्थित लग्न भाव में राहु होता है, वह व्यक्ति सुंदर और अट्रेक्टिव पर्सनालिटी का होता है। वह साहसिक कार्यों से पीछे नहीं हटता है। लग्न का राहु व्यक्ति को समाज में प्रभावशाली बनाता है। वहीं इसके प्रभाव बहुत हद तक लग्न में स्थित राशि पर ही डिपेंड करते हैं। इसके अलावा ज्योतिष में लग्न का राहु व्यक्ति के वैवाहिक जीवन के लिए अनुकूल नहीं माना जाता है।

ऐसे समझें राहु को..

ज्योतिष में राहु को बुरा और अशुभ ग्रह माना गया है। लोग राहु का नाम सुनते ही परेशान हो जाते हैं। कुंडली में राहु का असर होने से बीमारियां, परेशानियां और असफलता पीछे लग जाती है।

यहां जानें किस ग्रह के साथ दिखाता है कैसा असर

राहु और केतु

राहु यदि केतु के साथ योग करता है, तो कालसर्प योग निर्माण करता है। ऐसी स्थिति तब बनती है जब सभी ग्रह राहु और केतु के बीच में स्थित हों। यही कालसर्प योग माना जाता है।

राहु और शुक्र

राहु ग्रह के साथ शुक्र हो तो ऐसी कुंडली वाले व्यक्ति गलत संगत और आदतों का शिकार हो जाते हैं। व्यक्ति का नैतिक पतन होने लगता है। वह अधर्म के मार्ग पर चलने लगता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि राहु वैभव और ऐश्वर्य के दाता शुक्र को कमजोर कर देता है।

राहु और मंगल

राहु जब मंगल के साि कुंडली में बैठता है, तो यह अंगारक योग बनाता है। यह योग व्यक्ति के भाई के लिए अशुभ रहता है। खून से संबंधित समस्या हो सकती है। वहीं यह भी माना जाता है कि राहु और मंगल दोनों साथ होते हैं तो, ये एक दूसरे को ही अस्त कर देते हैं।

राहु और गुरु

कुंडली में राहु और गुरु का योग होने से मिश्रित यानी शुभ और अशुभ दोनों परिणाम मिलते हैं। इस योग से व्यक्ति लंबी आयु तक जीवित रहता है, लेकिन इनके जीवन में परेशानियां हमेशा बनी रहती हैं।

राहु और शनि

कुंडली में अगर शनि के साथ राहु बैठता है, तो ऐसा व्यक्ति रहस्यमयी और चालाक होता है। ऐसे लोग गलत तरीके से बहुत अधिक पैसा कमाते हैं।

राहु और सूर्य

इस योग का प्रभाव बहुत ही अशुभ होता है। पिता पुत्र में विवाद रहता है और परेशानियां आती हैं। वहीं राहु ही सूर्य का ग्रास भी करता है।

राहु और चंद्र

इस योग के कारण व्यक्ति को मानसिक परेशानी आती हैं। व्यक्तिसबसे ज्यादा तनाव ग्रस्त रहता है।

राहु और बुध

राहु के इस योग से व्यक्ति को सिर से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं।

राहु के अशुभ प्रभाव

कुंडली में राहु अशुभ हो तो देता है ऐसे परिणाम...

1- राहु के अशुभ असर से व्यक्ति को अपमान का झेलना पड़ता है।

2- राहु के अशुभ प्रभाव से व्यक्ति को किसी भी काम में सफलता नहीं मिलती।

3 - जब कुंडली में राहु अशुभ होता है, तो व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है।

4 - राहु राजनीति में ले तो जाता है लेकिन, बदनामी का कारण भी यही बनता है।

5- अशुभ राहु के प्रभाव से व्यक्ति के व्यवहार और नैतिकता में लगातार गिरावट आती है।

# उत्तर का सोमनाथ

**भोपाल** से 32 किमी दूर भोजपुर का शिवालय विश्व के प्रमुख शिवालयों में शुमार है। महाभारतकालीन इतिहास को समेटे शिवालय को लेकर कई जनश्रुतियां हैं। बताते हैं कि इसे पांडवों ने माता कुंती की पूजा के लिए एक रात में बनाया था। यह विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग है। वैसे तो शिवलिंग 21.5 फीट का है पर 14 फीट जमीन के अंदर है, जबकि 7.5 फीट जलधारी के ऊपर है।

एक पत्थर से बना है यह शिवलिंग

मंदिर के 19वें महंत पवन गिरि के अनुसार यह शिवलिंग एक ही चट्टान से बना है। इसमें कोई जोड नहीं है। मंदिर का इतिहास 6500 साल पुराना है। मंदिर पांडवों के समय का है।

खासियत-

- 21.5 फीट ऊंचा है यह शिवलिंग- 14 फीट है जमीन के अंदर- 400 वर्गफीट की जलधारी- 7.5 फीट ऊंचाई जलधारी के ऊपर-18.8 इंच है व्यास

**राजा भोज ने कराया था जीर्णोद्धार-**

कुछ लोगों का कहना है, राजा भोज ने मंदिर बनवाया। जनश्रुति यह भी है कि राजा को बीमारी से मुक्ति मिली तो उन्होंने जीर्णोद्धार कराया।

**ऐसे पहुंचे यहां**

मप्र की राजधानी भोपाल आकर इस मंदिर तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। भोपाल आने के लिए बस,ट्रेन और प्लेन की सुविधा है। यह मंदिर भोपाल से करीब 30 किमी दूर दक्षिण पूर्व में बेतवा नदी के दाहिने तट पर एक ऊंची चट्टान पर स्थिति है। यहां निजी वाहनों से भी आसानी से आया जा सकता है।

मंदिर के फैक्ट्स-

1. मंदिर की 40 फीट ऊंचाई वाले चार स्तम्भ हैं। गर्भगृह की अधूरी बनी छत इन्हीं चार स्तंभों पर टिकी है।

2. भोजेश्वर मंदिर के विस्तृत चबूतरे पर ही मंदिर के अन्य हिस्सों, मंडप, महामंडप तथा अंतराल बनाने की योजना थी।

3. ऐसा मंदिर के निकट के पत्थरों पर बने मंदिर-योजना से संबद्ध नक्शों से पता चलता है।

4. यहां वर्ष में दो बार वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है जो मकर संक्रांति व महाशिवरात्रि पर्व के समय होता है। वहीं सावन के सोमवार को भी जहां भक्तों की जमकर भीड़ उमड़ती है।

5. महाशिवरात्रि पर यहां तीन दिवसीय भोजपुर महोत्सव का भी आयोजन किया जाता है।

6. भोजपुर शिव मंदिर के बिलकुल सामने पश्चमी दिशा में एक गुफा है जो कि पार्वती गुफा के नाम से जानी जाती है।

यहां पुरातात्विक महत्व की अनेक मूर्तियां हैं।

# भक्तों के कल्याण का व्रत



## परमा एकादशी व्रत 12 अगस्त

**चेतनादित्य आलोक**

हिंदू पंचांग के अनुसार अधिकमास (जून-जुलाई) के कृष्ण पक्ष में आने वाली एकादशी तिथि को ह्यपरमा एकादशीह्न कहा जाता है। कहीं-कहीं इसका उल्लेख ह्यपरम एकादशीह्न के रूप में भी किया गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसे परम अथवा परमा एकादशी इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह परम दुर्लभ सिद्धियों की दाता है। वैसे इसे अधिकमास एकादशी, पुरुषोत्तम एकादशी एवं हरिवल्लभा एकादशी आदि नामों से भी जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार परमा एकादशी के व्रत में भक्त व्रती का भाग्य बदलने की क्षमता विद्यमान है। इस दिन किये गये धार्मिक एवं आध्यात्मिक उपायों से और भगवान श्रीविष्णु की कृपा से व्रती को अपार सुख, संपत्ति की प्राप्ति होती है। परमा एकादशी को दुर्लभ तांत्रिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए भी बहुत ही उत्तम मुहूर्त माना जाता है।

इस दिन विशेष तंत्र साधनाएं तथा पूजा-पाठ के माध्यम से अनेक दुर्लभ तांत्रिक सिद्धियां प्राप्त की जाती हैं। इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखकर मंत्र जाप करने से व्रती को इच्छाओं की पूर्ति का वरदान प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह एकादशी धन की दाता और सुख-ऐश्वर्य की जननी परम पावन होती है। यह दुःख और दरिद्रता का शमन करने वाली और सौभाग्य प्रदान करने वाली है। शास्त्रों में इस एकादशी व्रत में स्वर्ण दान, विद्या दान, अन्न दान, भूमि दान एवं गो दान आदि को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है। पूर्ण विधि-विधान से इस एकादशी व्रत को करने पर व्रती को भगवान श्रीविष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उनकी कृपा से जीवन के सारे दुःख, कष्ट और परेशानियां समाप्त हो जाती हैं। यह आध्यात्मिक आत्मनिरीक्षण, आत्म-अनुशासन और भक्ति के मार्ग पर प्रगति का अवसर प्रदान करने वाला व्रत है।

मान्यता है कि इस व्रत को करके व्यक्ति अपने पिछले पापों और दुष्कर्मों से मुक्त हो सकता है। परमा एकादशी आध्यात्मिक रूप से अत्यधिक ऊजार्वान मानी जाती है। इसलिए इस दिन को विशेष रूप से परमात्मा के साथ अपने आध्यात्मिक संबंध को गहरा करने अवसर माना जाता है। इस व्रत को करने से अर्जित पुण्य कई गुना बढ़ जाता है।

इस अवसर पर दिवंगत पूर्वजों के लिए प्रार्थना और अनुष्ठान करने से उनकी आत्मा को शांति और मुक्ति मिलती है। यह व्रत भक्ति, ईश्वरीय करुणा तथा पूर्वजों के प्रति सम्मान के भाव में वृद्धि करने वाला है। इस दिन व्रती के लिए श्रीविष्णु सहस्त्रनाम, श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त, श्रीमद्भागवत पुराण अथवा श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करना विशेष रूप से फलदायी बताया गया है।

# शनि का हजारों साल पुराना विशेष मंदिर,जहां आज भी होते हैं अद्भुत चमत्कार

**दीपेश तिवारी**

- समुद्री तल से लगभग 7000 फुट पर उत्तराखंड के खरसाली में विराजमान हैं चमत्कारी शनिदेव। कहा जाता है कि यहां पूर साल में एक दिन चमत्कार होता है।

हम एक ऐसे शनि मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जो समुद्री तल से करीब 7000 फुट की ऊंचाई पर है। दरअसल देवभूमि उत्तराखंड के खरसाली में चमत्कारी शनिदेव विराजमान हैं। इस मंदिर के संबंध में लोगों का कहना है कि यहां पर हर साल में चमत्कार होता है। वहीं इस चमत्कार जो कोई देख लेता है उसका भाग्य खुल जाता है। जिसके बाद वह व्यक्ति खुद को शनिदेव का परम भक्त मान लेता है। इस प्राचीन मंदिर में कांस्य की शनिदेव की मूर्ति मौजूद है।

इसके साथ ही इस शनि मंदिर में एक अखंड ज्योति भी है जो सदैव जलती रहती है। स्थानीय लोगों की ामने तों इस अखंड ज्योति के दर्शन मात्र से ही जीवन के सारे दुख दूर हो जाते हैं। मंदिर पुरोहितों का कहना है कि इस मंदिर में अद्भुत चमत्कार साल में एक बार कार्तिक पूर्णिमा के दिन होता है। जिसके तहत मंदिर के ऊपर रखे घड़े अपने आप अपना स्थान बदल लेते हैं।लेकिन ये



कैसे होता है इसके बारे में कोई नहीं जानता।

वहीं माना जाता है कि जो भी भक्त मंदिर में दर्शन के लिए आता है उसके कष्ट हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। इसके अलावा यहां एक और अद्भुत चमत्कार होता है। कहा जाता है कि मंदिर में दो बड़े फूलदान रखे हैं जिन्हें रिखोला और पिखोला कहा जाता है। खास बात ये है कि यहां जंजीर से इन फूलदानों को बांधा गया है। इसका कारण ये है कि मान्यता के अनुसार ये फूलदान पूर्णिमा के दिन यहां से अपने आप चलते हुए नदी को जाने शुरू हो जाते हैं।

ज्ञात हो कि खरसाली में यमनोत्री धाम भी है जो इस शनि धाम से करीब 5 किलोमीटर की दूर पर है। दरअसल यमुना नदी शनि की बहन मानी गईं है। यहां खरसाली में मौजूद शनि मंदिर में हर वर्ष एक बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में शनि देव पूरे साल विराजमान रहते हैं। इसके अतिरिक्त हर साल अक्षय तृतीया पर शनि देव अपनी बहन यमुना से यमुनोत्री धाम में मिलकर खरसाली लौटकर आते हैं।

वहीं इसके अलावा यदि मंदिर से जुड़ी कहानियों और इतिहासकारों की मानें तो इस जगह को पांडवों के समय की माना जाता है। ऐसे में यह भी मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण पांडवों ने ही करवाया था। पांच मंजिल के इस मंदिर को पत्थर और लकड़ी से बनाया गया है। इस मंदिर की खास बात ये भी है कि इस बाढ़ और भूकंप से लकड़ी की छडियों द्वारा सुरक्षित किया गया है। जिसके चलते ये मंदिर खतरे से बचा रहता है। इस मंदिर में एक संकीर्ण लकड़ी की सीढ़ी से शीर्ष मंजिल तक पहुंचा जा सकता है, जहां कांस्य की शनि महाराज का प्रतिमा मौजूद है। यहां अंदर, ये अंधेरा और धूंधली स्थिति रहती है, सूर्य यहां कभी-कभी ही छत के माध्यम से झुकता है। यहां से खरसाली का मनोरम दृश्य देखने को मिलता है।